संस्कृत गद्य-मंजरी

(बी० ए० परीक्षा के लिए संस्कृत गद्य-संग्रह)

"गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति"

सम्पादक और संग्रहकर्त्ता

स्व० पं० चन्द्रशेखर पाण्डेय एम० ए०, शास्त्री

डा० शान्तिकुमार व्यास एम० ए०, पी-एच डी०

प्रकाशक

साहित्य निकेतन

कानपुर

संस्कृत गद्य-मञ्जरी

आगरा विश्वविद्यालय की बी० ए० परीक्षा के लिए स्वीकृत

प्रस्तावना एवं व्याख्या सहित

संस्कृत गद्य संग्रह

सम्पादक और संग्रहकर्ता

स्व० पं० चन्द्रशेखर पाण्डेय एम० ए० शास्त्री

डा० शान्तिकुमार नानूराम व्यास एम० ए०

प्रकाशक—

साहित्य निकेतन

श्रद्धानन्द पार्क

कानपुर

चतुर्थ संस्करण] १९५३ [मूल्य २)

प्रकाशक
साहित्य निकेतन,
कानपुर

चतुर्थ संस्करण
अगस्त १९५३
मूल्य २।)

मुद्रक
शुभकामना प्रेस,
७/३६ तिलकनगर, कानपुर

आमुख

बी० ए० कक्षा के लिए आदर्श संस्कृत गद्य संग्रह की आवश्यकता बहुत दिनों से थी। भारतीय विश्व विद्यालयों की बी० ए० कक्षाओं के संस्कृत विद्यार्थियों को प्राय: 'कादम्बरी' या 'हर्ष चरित' सरीखे विशाल-काय गद्य-ग्रंथों के कतिपय अंश पढ़ने पड़ते हैं। इस प्रकार का पाठ्यक्रम स्पष्टतया दोषपूर्ण है। विषय संकोच और कभी-कभी अरोचकता के साथ. इस प्रकार के पाठ्यक्रम का प्रमुख दोष यह भी है कि एक विशेष लेखक तक ही अध्ययन के सीमित होने के कारण, विद्यार्थियों को संस्कृत के सुन्दरतम् गद्य-निबन्धों का स्वतन्त्र अध्ययन करने के लिए हार्दिक रुचि और प्रेरणा नहीं देता है।

विश्व-विद्यालयों के छात्रगण प्राय: 'कादम्बरी' के 'कथा मुख प्रकरण' से घबराया करते हैं। प्रस्तुत 'संस्कृत गद्य मजरी' का संकलन इसी विचार से किया गया है कि विद्यार्थियों के सामने संस्कृत की प्रमुख गद्य-रचनाओं के ऐसे संकलित अंश रक्खे जांय जो कि विषय की दृष्टि से अनेकरूप, रोचक और लेखक की सभी विशेषताओं से युक्त होते हुए भी अनतिदीर्घ हों। प्रस्तुत संकलन में अति पुरातन लेखकों से लेकर आधुनिक लेखकों तक की रचनाओं के गद्यांश हैं। बाण की रचनाओं को इस संकलन में जो सबसे अधिक स्थान दिया गया है वह समस्त संस्कृत गद्य-साहित्य में बाण के सर्वश्रेष्ठ स्थान के अनुरूप ही है। संस्कृत के गद्य-साहित्य की उत्पत्ति और विकास पर आरम्भ में एक विस्तृत लेख और अन्त में विस्तृत व्याख्यात्मक टिप्पणियां इस संकलन की ऐसी विशेषता है जो कि इसे, आशा है, एक स्वत: पूर्ण पाठ्य पुस्तक बना देगी।

—संकलन कर्ता

प्रकाशक के दो शब्द

इस पुस्तक के प्रथम दो संस्करण अंग्रेजी प्रस्तावना और व्याख्या सहित प्रकाशक हुये थे। इधर विश्व-विद्यालयों ने हिन्दी को भी शिक्षा एवं परीक्षा का माध्यम स्वीकार कर लिया है। इस नवीन परिवर्तन को ध्यान में रखते हुये प्रस्तुत संस्करण को हिन्दी प्रस्तावना एवं व्याख्या सहित प्रकाशित किया जारहा है। व्याख्याओं के हिन्दी अनुवाद करने का श्रेय स्वर्गीय पाण्डेय जी के सुयोग्य शिष्य पं० विश्वनाथ प्रसाद गौड़ एम० ए०, शास्त्री प्राध्यापक वि० सि० सनातन धर्म कालेज, कानपुर को प्राप्त है। उन्होंने अस्वस्थ होते हुए भी इस कार्य को जिस लगन और उत्साह से सम्पादित किया उसके लिए प्रकाशक उनके विशेष रूप से आभारी हैं।

विषय-सूची

	प्रस्तावना	१–४४
१	आचार्यानुशासनम् (तैत्तिरीयोपनिषद)	४५
२	जगतः कारणं ब्रह्म (शाङ्कर भाष्य)	४३
३	गृहिणः प्रिय हिताय दार गुणाः (दशकुमार चरितम्)	४७
४	वर्षा वर्णनम् (वासवदत्ता)	५०
५	मृत्यु शय्यास्थितस्य पितुः पार्श्वेहर्षः (हर्ष चरितम्)	५२
६	शूद्रक सभायां शुकः (कादम्बरी)	५५
७	सन्ध्यावर्णनम् (कादम्बरी)	६१
८	शुकनासोपदेशः (कादम्बरी)	६३
९	भूषण कवेःशिवराजेन सहसमागमः (शिवराज विजयः)	६८
१०	उद्भिज्ज परिषत् (प्रबन्ध मंजरी)	७२
११	प्रणय परतंत्रा महाश्वेता (कादम्बरी)	७६
	व्याख्या	[१]—[६०]

प्रस्तावना

संस्कृत गद्य साहित्य

उत्पत्ति तथा विकास—संस्कृत में गद्य का प्रयोग वैदिक काल से होता आया है। कृष्णयजुर्वेद, ब्राह्मण तथा उपनिषद् अधिकांश गद्य में ही हैं। तत्पश्चात् गद्य का प्रयोग महाभारत में देख पड़ता है। यास्क (७०० ई० पू०) का 'निरुक्त' गद्य में विरचित है। पतंजलि (१५० ई० पू०) ने अपना महाभाष्य गद्य में लिखा है। पद्य की अपेक्षा गद्य की श्रेष्ठता दिखलाने के लिए ही प्राचीनकाल से यह उक्ति प्रचलित है—'गद्यं कवीना निकषं वदन्ति'—'गद्य ही कवियों की कसौटी है।' संस्कृत साहित्य में गद्य का उपयोग प्रधानतया टीकाओं में, व्याकरण-ग्रन्थों में तथा ज्योतिष आदि वैज्ञानिक ग्रन्थों में हुआ है। काव्य-माध्यम की दृष्टि से गद्य का स्थान पद्य की अपेक्षा गौण है और उसका प्रयोग कथाओं में, आख्यायिकाओं में, तथा आंशिक रूप में नाटकों में हुआ है।

संस्कृत गद्य-काव्य की उत्पत्ति के सम्बन्ध में हमारा ज्ञान अत्यन्त सीमित है। इसका उद्भव कब और कैसे हुआ, यह निश्चित रूप से कहना कठिन है। गद्य काव्य का सर्वप्रथम दर्शन दण्डी, सुबन्धु और बाण की कृतियों में होता है, वह भी पूर्ण विकसित रूप में। उनके पूर्व के लेखकों तथा रचनाओं का इतिहास निबिड़ अन्धकार में छिपा है। हां इतना तो निश्चित है कि गद्य-काव्य भी संस्कृत

साहित्य की एक परम प्राचीन शाखा है। कात्यायन (३०० ई० पू०) अपने वार्तिक में 'आख्यायिका' का उल्लेख करते हैं१। पतञ्जलि अपने महाभाष्य में तीन आख्यायिकाओं से परिचित हैं—'वासवदत्ता', 'सुमनोत्तरा' और 'भैमरथी'२। बृहत्कथा, पंचतन्त्र की कथायें तथा तन्त्राख्यायिका में 'कथा' और 'आख्यायिका' (जो गद्य-काव्य के ही दो भेद हैं) का जो उल्लेख है, उनका गद्य-काव्य से कोई घनिष्ठ सम्बन्ध नहीं। पर यह निर्विवाद है कि गद्य-काव्य की सृष्टि पद्य-काव्य से लोककथाओं के माध्यम द्वारा ही हुई है। बाण 'हर्षचरित' में भट्टार हरिश्चन्द्र३ नामक एक उच्चकोटि के गद्य लेखक का उल्लेख करते हैं, किन्तु उनका कोई गद्य-काव्य उपलब्ध नहीं हुआ है। कुछ उपलब्ध शिलालेखों से गद्य-काव्य का प्रचार एवं प्रसार स्पष्ट लक्षित होता है। रुद्रदामन के शिलालेख (१५० ई०) में अलंकृत गद्य-शैली का प्रयोग हुआ है। गुप्तकालीन एक शिलालेख (४०० ई०) ऐसी शैली में रचित उपलब्ध हुआ है, जिसकी तुलना बाण की गद्य-शैली से हो सकती है। इन प्रमाणों के आधार पर यही निष्कर्ष निकलता है कि गद्य-काव्य की कला का प्रचार दण्डी, सुबन्धु और बाण से कई शताब्दी पूर्व से रहा होगा, किन्तु इन कलाकारों ने अपने अनुपम तथा उत्कृष्ट काव्यों के प्रभाव से अपने पूर्ववर्ती लेखकों को ऐसा आच्छादित कर दिया कि उनमें से बहुतों के नाम भी उपलब्ध

१—'लुबाख्यायिकेभ्यो बहुलम्', 'आख्यानाख्यायिकेतिहासपुराणेभ्यश्च' —वार्त्तिक।

२—'अधिकृत्य कृते ग्रंथे' बहुलं लुग्वक्तव्यः। वासवदत्ता सुमनोत्तरा। न च भवति। भैमरथी। महाभाष्य ४।३।८७

३—पदबन्धोज्ज्वलो हारी कृतवर्णक्रमस्थितिः।
भट्टारहरिश्चन्द्रस्य गद्य-बन्धो नृपायते॥ हर्षचरित

नहीं होते। दण्डी, सुबन्धु और बाण गद्य-काव्य के विकास-काल की चरमोन्नति के प्रतिनिधि लेखक हैं। इनसे पूर्व दीर्घकाल तक साहित्य के इस अंग का अभ्यास होता रहा होगा, यह स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं। वररुचिकृत 'चारुमती', रामिल-सोमिलकृत 'शूद्र-कथा'१ तथा श्रीपालिकृत 'तरंगवती'२ इस कथन की पुष्टि करते हैं। यद्यपि ये लेखक और ये ग्रन्थ हमारे लिए केवल नाम मात्र ही हैं, तथापि वे गद्य-काव्य की उत्तरोत्तर वृद्धि और विकास के परिचायक हैं।

कथा और आख्यायिका—संस्कृत गद्य-साहित्य के प्रधान रूप से दो विभाग किये गये हैं—'कथा'—और 'आख्यायिका'। दण्डी३ के अनुसार इनमें निम्नलिखित भेद होते हैं—(१) कथा कविकल्पित होती है, आख्यायिका ऐतिहासिक इतिवृत्ति पर अवलम्बित४। (२) कथा में वक्ता स्वयं नायक अथवा अन्य कोई रहता है; आख्यायिका में नायक स्वयं वक्ता होता है। आख्यायिका को हम एक प्रकार से आत्मकथा कह सकते हैं। (३) आख्यायिका का विभाग अध्यायों में किया जाता है, जिन्हें उच्छ्वास कहते हैं, तथा उसमें वक्त्र तथा अपरवक्त्र छन्द के पदों का समावेश रहता है, पर कथा में नहीं। (४) कथा में कन्याहरण, संग्राम, विप्रलंभ, सूर्योदय, चन्द्रोदय आदि

१—तौ शूद्रककथाकारौ वन्द्यौ रामिलसोमिलौ।
काव्यं ययोर्द्वयोरासीदर्धनारीश्वरोपमम् ॥ जल्हण

२—'पुण्या पुनीत गंगेव गां तरंगवती कथा'—तिलकमंजरी

३—काव्यादर्श १।२३–३०

४—'आख्यायिकोपलब्धार्था', 'प्रबन्धकल्पनाकथा'—अमरकोष १।५।५,६

विषयों का वर्णन रहता है, पर आख्यायिका में नहीं। (५) कथा में लेखक किसी अभिप्राय से कुछ ऐसे विशेष शब्दों (catchwords) का प्रयोग करता है जो कथा और आख्यायिका में भेद स्थापित करते हैं।

उपर्युक्त नियमों का एकांततः पालन संस्कृत गद्य-लेखकों ने नहीं किया है। दण्डी स्वयं कहते हैं कि कथा-आख्यायिका में कोई महत्व का भेद नहीं। इतना ही समझ लेना पर्याप्त होगा कि ये गद्य-काव्य के दो नाम मात्र हैं।

दण्डी

गद्य-काव्य के लेखकों में सबसे प्राचीन कृतियाँ महाकवि दण्डी की उपलब्ध होती हैं। 'शार्ङ्गधरपद्धति' में राजशेखर के नाम से निम्न-लिखित श्लोक उद्‌धृत किया गया है—

त्रयोऽग्नयस्त्रयो देवास्त्रयो वेदास्त्रयो गुणाः।
त्रयो दण्डिप्रबन्धाश्च त्रिषु लोकेषु विश्रुताः॥

इस कथन के अनुसार दण्डी ने तीन ग्रन्थों की रचना की इनमें से दो **काव्यादर्श** और **दशकुमारचरित** हैं। काव्यादर्श अलंकार शास्त्र का ग्रन्थ है तथा दशकुमारचरित गद्य-काव्य है। काव्यादर्श में गद्य-काव्य की शैली एवं कथावस्तु के सम्बन्ध में जिन नियमों का विधान किया गया है, उनका सर्वथा पालन दशकुमारचरित में नहीं देख पड़ता। अतः कुछ विद्वानों की धारणा है कि उक्त दोनों कृतियाँ दो भिन्न-भिन्न व्यक्तियों की लेखनी से प्रसूत हैं। किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि दण्डी ने दशकुमारचरित की रचना अपने साहित्यिक जीवन के प्रभातकाल में की, तथा काव्यादर्श की रचना प्रौढ़ प्रतिभा की प्राप्ति के पश्चात्। दण्डी की तीसरी रचना के सम्बन्ध में विद्वानों में मतभेद है। कुछ लोगों का कहना

है कि दण्डी की तृतीय रचना 'छन्दोविचिति' या 'कलापरिच्छेद' है, क्योंकि काव्यादर्श[१] में इन नामों का उल्लेख है। पर उक्त दोनों नाम छन्द:शास्त्र सम्बन्धी किसी भी ग्रन्थ के हो सकते हैं। पिशेल ने निम्नलिखित दो आधारों पर मृच्छकटिक को दण्डी की तीसरी रचना सिद्ध करने का प्रयास किया है—(१) 'लिम्पतीव तमोऽङ्गानि' वाला प्रसिद्ध पद्य काव्यादर्श (२।२२६) तथा मृच्छकटिक (१।३४) दोनों में पाया जाता है। (२) मृच्छकटिक तथा दशकुमार चरित का सामाजिक चित्रण एक-सा है। अत: दोनों दण्डी की रचनायें हैं। परन्तु भास के नाटकों की खोज के उपरान्त पहला तर्क निराधार हो जाता है तथा दूसरे तर्क में भी औचित्य नहीं देख पड़ता। कुछ पण्डितों ने 'मल्लिका-मारुत' नामक नाटक को दण्डी की रचना माना है। किन्तु यह नाटक मालाबार प्रान्त के उद्दण्ड रङ्गनाथ (१५०० ई०) की रचना स्वीकृत हो चुका है[२]। भोजदेव ने 'द्विसन्धानकाव्य' का दण्डी की रचना के रूप में उल्लेख किया है[३]। सन् १६२४ में 'अवन्तिसुन्दरी कथा' नामक एक अपूर्ण गद्य-काव्य प्रकाशित हुआ है। इसके सम्पादक एम० आर० कवि महोदय ने इसे दण्डी की रचना माना है[४]। अवन्तिसुन्दरीकथा और दशकुमारचरित के कथानकों में समानता है। अंतर केवल शैली में है। अवन्तिसुन्दरीकथा की प्रामाणिकता में कोई सन्देह नहीं, क्योंकि काव्यादर्श की जंवालकृत टीका में अवन्तिसुन्दरी

१—१।१२, ३।१७१

२—Keith : Sanskrit Drama, p. 237

३—उदारमहिमाराम: प्रजानां हर्षवर्धन: ॥
धर्मप्रभव इत्यासीत् ख्यातो भरतपूर्वज: ॥

४—Pro. of Or. Conf. 1922, pp. 193—201

नामक आख्यायिका का उल्लेख किया गया है। अतः अवन्तिसुन्दरी कथा को ही विद्वानों ने दण्डी की तीसरी रचना माना है।

दण्डी से आविर्भावकाल के विषय में बहुत मतभेद है। ९ वीं शताब्दी के ग्रन्थों में दण्डी का उल्लेख पाया जाता है। डा० बार्नेट[१] का कथन है कि सिंहाली भाषा के अलंकार-ग्रन्थ 'सिय-बस-लकर' (स्वभाषालंकार) की रचना काव्यादर्श के आधार पर की गई है। इसके रचयिता राजा सेन प्रथम का समय ८४६-८६६ ई० था। ८१४ ई० के कन्नड़ी अलङ्कार-ग्रन्थ 'कविराजमार्ग' में भी काव्यादर्श की यथेष्ट छाप देख पड़ती है। अतः दण्डी ८०० ई० के पूर्व ही हुये होंगे।

काव्यादर्श के कुछ पदों में कालिदास का प्रभाव स्पष्ट प्रतीत होता है[२]। अतः दण्डी कालिदास के बाद के हैं। इसके अतिरिक्त काव्यादर्श में पांचवीं शताब्दी के राजा प्रवरसेन रचित 'सेतुबन्ध' नामक प्राकृत काव्य का उल्लेख है। अतएव दण्डी का आविर्भाव काल ५००-८०० के बीच प्रतीत होता है।

दण्डी बाण के पहले हुये थे या बाद में, इस विषय में मतभेद है। पीटरसन और याकोबी की सम्मति में काव्यादर्श के एक पद[३] में 'कादम्बरी' के शुकनोसोपदेश की झलक मिलती है। दण्डी ने

१—J. R. A. S. 1906, p. 841

२—'लक्ष्म लक्ष्मीं तनोतीति प्रतीत सुभगं वचः'—दण्डी
'मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति'—कालिदास

३—अरत्नालोकसंहार्यमवार्यं सूर्यरश्मिभिः।
दृष्टिरोधकरं यूनां यौवनप्रभवं तमः॥ काव्यादर्श २।१९७
केवलं च निसर्गत एवाभानुभेद्यमरत्नालोकोच्छेद्यमप्रदीपप्रभापनेयमतिगहनं तमो यौवनप्रभवम्। —कादम्बरी

बाण और मयूर की प्रशंसा की है१। अवन्तिसुन्दरी कथा में कादम्बरी का वर्णन बाण की प्रसिद्ध कथा से मिलता-जुलता है। डा० बेलवेलकर२ ने दण्डी का समय सातवीं शताब्दी का उत्तरार्ध-माना है। कुछ विद्वान अवन्तिसुन्दरीकथा के आधार पर दण्डी को भारवि का प्रपौत्र मान कर उनका उक्त समय ही निर्धारित करते हैं।

किन्तु दन्डी की शैली के अध्ययन से वे बाण के पूर्ववर्ती प्रतीत होते हैं। दशकुमारचरित की सरल एवं प्रासादिक शैली बाण की शैली से प्रभावित हुई नहीं जान पड़ती। यदि दन्डी बाण के परवर्ती होते तो उनकी शैली बाण की शैली के समान श्लेष और वक्रोक्ति जैसे अलंकारों से अवश्य आक्रान्त होती। इसके अतिरिक्त दशकुमारचरित का भौगोलिक३ और राजनीतिक चित्रण हर्षवर्धन के पूर्व के भारत की ओर संकेत करता है। इसलिए दन्डी का स्थिति-काल ६०० ई० के लगभग प्रतीत होता है।

काव्यादर्श और दशकुमारचरित के आधार पर मालूम होता है कि दन्डी दाक्षिणात्य थे और विदर्भ देश के निवासी थे। काव्यदर्श४ में उन्होंने महाराष्ट्री प्राकृत तथा वैदर्भी शैली की प्रशंसा की है। दशकुमारचरित में कलिंग और आंध्र देशों के उल्लेख से, 'कावेरीतीरपत्तन' जैसे शब्दों के प्रयोग से तथा दक्षिण में प्रचलित सामाजिक एवं पारिवारिक प्रथाओं के वर्णन से भी

१—भिन्नतीक्ष्णमुखेनापि चित्रं बाणेन निर्व्यथः।
व्यवहारेषु जहौ लीलां न मयूरः·········॥

२—Notes on काव्यादर्श PP. 176-77.

३—Collins : The Geographical Data of the रघुवंश and दशकुमारचरित (1907) p. 46. ४—१।३४, ४१, ४२।

उनका दाक्षिणात्य होना प्रमाणित होता है। दशकुमारचरित के अवलोकन से पता चलता है कि दण्डी एक सम्पन्न व्यक्ति थे तथा उन्होंने सभी प्रकार के सांसारिक अनुभव प्राप्त किये थे।

दशकुमार—चरित का वर्तमान उपलब्ध स्वरूप तीन भागों में विभाजित है—(१) पूर्वपीठिका, जिसमें ५ उच्छ्वास हैं, (२) दशकुमारचरित जिसमें ८ उच्छ्वास हैं तथा (३) उत्तरपीठिका। इनमें से केवल मध्य भाग अर्थात् दशकुमारचरित ही दन्डी की वास्तविक रचना माना जाता है। इतना तो स्पष्ट है कि आरम्भ में दण्डी ने सम्पूर्ण दशकुमारचरित की रचना स्वयं की होगी, किन्तु किसी कारणवश इस ग्रन्थ के आदि तथा अन्त भाग नष्ट हो गए। इस पर दण्डी के किसी भक्त ने, जो मूल ग्रन्थ की शैली एवं कथावस्तु से अवगत रहा होगा, पूर्व तथा उत्तर पीठिका जोड़कर ग्रन्थ को पूर्ण बना दिया। एम० आर० कवि महोदय ने एक और कारण सुझाया है। उनके अनुसार १२५० ई० के लगभग दण्डी के मूलग्रन्थ का तेलगू में अनुवाद हुआ था। समग्र मूलग्रन्थ के उपलब्ध न होने पर किसी कुशल लेखक ने बाद में नष्ट हुये भागों का तेलगू से संस्कृत में पुनः रूपान्तर कर दिया।

दशकुमारचरित में दस राजकुमार अपने अपने पर्यटनों, विचित्र अनुभवों तथा पराक्रमों का मनोरंजक वर्णन करते हैं। इसे 'धूर्तों का रोमांस' कहना अनुचित न होगा। छल - कपट, मार - काट तथा चोरी—जारी से ओत-प्रोत यह एक सजीव कृति है। व्यंग और विनोद का पुट देकर उसमें तत्कालीन समाज का बड़ा ही गोचर चित्रण किया गया है। साहस-प्रेमी राजकुमार किस प्रकार उचित अनुचित का विचार छोड़ अपने कार्य की

सिद्धि के लिए प्रयत्न करते रहे हैं, इसका वर्णन एक अनूठी व्यंगात्मक शैली में किया गया है। दम्भी, तपस्वी, कपटी ब्राह्मण, धूर्त कुट्टनी, व्यभिचारिणी स्त्रियां तथा हृदयहीन वेश्यायें—इन सबका खूब भण्डाफोड़ किया गया है। दशकुमारचरित में जहाँ कथानक विचित्र है वहा उसके अनुरूप वर्णनशैली भी सरस एवं प्रवाहपूर्ण है। 'कहीं विलास का विकास हृदय को उन्मत्त कर रहा है; कहीं सौदय का सौरभ अन्तरात्मा को बेसुध बना रहा है; कहीं हास की कोमल लहरी मानस तल को अनूठे ढंग से तरङ्गित कर रही है।' दण्डी का चरित्र-चित्रण विशद है। उनके सभी पात्र सजीव और वास्तविक प्रतीत होते हैं। समाज के उच्च और निम्न वर्ग का वे जीता जागता चित्र उपस्थित कर देते हैं। दशकुमारचरित से उस समय की प्रचलित अनेक सामाजिक प्रथाओं का भी परिचय मिलता है। दण्डी का रचना-कौशल भी दर्शनीय है। कथा की रोचकता में अभिवृद्धि करने के लिए वे कहीं शिष्ट-हास्य, कहीं मधुर व्यंग और कहीं गम्भीर वर्णन का आश्रय लेते हैं। कहीं वर्णन विस्तार हैं तो कहीं लघु कथाएं। कथाओं का क्रम प्रशंसनीय है। वर्णनप्रवाह दीर्घ विषयान्तरों से आक्रान्त नहीं होता। मुख्य कथा के स्रोत में अवन्तर कथायें अवरोध नहीं उपस्थित करतीं। व्याकरण की दृष्टि से भी दशकुमार-चरित निर्दोष है। इसमें लिट् और लुङ् लकार के प्रयोग पाणिनीय नियमों के अनुसार हैं, जैसा सुबन्धु की वासवदत्ता में नहीं देख पड़ता। विशद चरित्र-चित्रण नैसर्गिक शैली, बुद्धि विलास शिष्ट परिहास, विषयांतरों की न्यूनता, रसानुकूल शब्दविन्यास तथा यथार्थ और आदर्श का सुन्दर सामंजस्य आदि विशेषताएँ दश-कुमारचरित को संस्कृत गद्य-साहित्य में विशिष्ट स्थान प्रदान करती हैं।

दण्डी की शैली—दण्डी सुभग एवं मनोरम वैदर्भी गद्य-शैली के आचार्य कहे जा सकते हैं। उनकी वर्णन-प्रणाली सरल और प्रासादिक है। वे अपनी भाषा को अलंकारों के आडम्बर से चित्र-विचित्र बनाने का प्रयास नहीं करते। इसी कारण वह नैसर्गिक प्रवाह पूर्ण, मँजी हुई और मुहावरेदार है। दण्डी के गद्य में अपनी विशेषता है। सुबन्धु के गद्य के समान न तो वह 'प्रत्यक्षरश्लेषमय' है और न बाण के गद्य की भाँति 'सरसस्वरवर्णपद' से सुशोभित साहित्यिक गद्य का आदर्श है। वह तो बहुत कुछ प्रतिदिन के कार्य में आने वाला 'व्यावहारिकगद्य' का नमूना है। वाक्य प्रायः छोटे छोटे हैं। वाक्यविन्यास आयासजनक नहीं, अपितु ओजस्वी, ललित एवं सुव्यक्त हैं। अर्थ की स्पष्टता, रस की सम्यक् अभिव्यक्ति, शब्दविन्यास की चारुता तथा कल्पना की उर्वरता दण्डी की शैली के विशेष गुण हैं। दण्डी के पद-लालित्य की बड़ी प्रशंसा है—'दण्डिनः पदलालित्यम्'। अनुप्रासमय तथा मनोरम पदविन्यास में वे कुशल हैं, जैसे 'अयुग्म-शरः शरशयने शाययिष्यति', 'असत्येनास्य नास्यं संसृज्यते', 'अनेक-स्यानेक आतंकश्चिरं चिकित्सकैरसंहार्यःसंहृतः', 'स पुण्यैः कर्मभिः प्राप्यः पुरुषायुषं पुनरपुण्येन प्रजानागण्यतामरेषु' इत्यादि। दण्डी अपने शब्दशोधन में तथा लौकिक सत्यों को ओजःपूर्ण भाषा में व्यक्त करने में कुशल हैं, जैसे—'स्वदेशो देशान्तरमिति नेयं गणना विदग्धस्य पुरुषस्य', 'आत्मानमात्मनाऽनवसाद्यैवोद्धरन्ति सन्तः', 'न ह्यलमतिऽनिपुणोऽपि पुरुषो नियतिलिखितां लेखामतिक्रमितुम्', 'इह जगति हि न निरीहं देहिनं श्रियः संश्रयन्ते', 'जीवितं हि नाम जन्मवतां चतुःपञ्चाण्यहानि'। यत्र-तत्र दण्डी अवश्य ही भाषा को अलंकृत करने से नहीं चूकते। उदाहरणार्थ, सोती हुई अम्बालिका के वर्णन को लीजिये अथवा सत्रहवें उच्छ्वास को, जहां वे ओष्ठ्य

वर्णों का प्रयोग ही नहीं करते। किन्तु उनके वाक्यालंकार परिमित मात्रा में ही प्रयुक्त होते हैं और वे सर्वत्र मनोहर एवं उपयुक्त हैं, न कि दुरूह और अनवरत। सुन्दर, सुभग एवं सुबोध संस्कृत गद्य-लेखक के नाते दण्डी हमारी प्रशंसा के पात्र तथा अध्ययन के आदर्श हैं। एक भारतीय आलोचक ने दण्डी को ही एक मात्र कवि बताया है—'कविर्दण्डी कविर्दण्डी कविर्दण्डी न संशयः'। एक दूसरे आलोचक ने कहा है कि वाल्मीकि के प्रादुर्भाव के बाद 'कवि' शब्द का एक वचन में प्रयोग हुआ करता था, व्यास के बाद द्विवचन में (कवी) तथा दण्डी के बाद बहुवचन में (कवयः) होने लगा—

जाते जगति वाल्मीकौ कविरित्यभिधाऽभवत्।
कवी इति ततो व्यासे कवियस्त्वयि दण्डिनि ॥

'मधुराविजय' महाकाव्य की रचयित्री गंगादेवी ने दण्डी को उच्चकोटि का कवि स्वीकार किया है—

आचार्यदण्डिनो वाचामाचान्तामृतसंपदाम्।
विकासो वेधसः पत्न्या विलासमणिदर्पणम् ॥

सुबन्धु

'वासदत्ता' नामक गद्य-काव्य के रचयिता सुबन्धु का स्थिति-काल अनिश्चित है। कुछ विद्वानों[१] की धारणा है कि सुबन्धु बाण के परवर्ती थे। सुबन्धु कई शब्दों, पदों[२] तथा घटनाओं के लिए बाण के ऋणी हैं। वासवदत्ता में 'इन्द्रायुध' शब्द का प्रयोग[३]

१—M. Krishnamachariar : Ci. Skt. Lit. p. 469.

२—जैसे, 'किं बहुना', 'देवः प्रमाणम्', 'अचिन्तयच्च', 'आसीच्चास्य मनसि'।

३—वज्रे णेवेन्द्रायुधेन मनोजवनाम्ना तुरगेण सह नगरान्निर्जगाम।

चन्द्रापीड के उसी नाम के घोड़े की ओर संकेत करता है। महाश्वेता और कादम्बरी अपने अपने प्रेमियों की मृत्यु पर प्राण दे देने का संकल्प करती हैं, किन्तु आकाशवाणी उन्हें ऐसा करने से रोकती है। 'वासवदत्ता' में भी अपनी प्रेमिका के खो जाने पर कंदर्पकेतु की ऐसी ही स्थिति दिखाई पड़ती है। साथ ही बाण ने हर्षचरित में उस 'वासवदत्ता' का संकेत किया है, जिसका उल्लेख पतंजलि के ग्रन्थ में है। इन आधारों पर कुछ विद्वान सुबन्धु का स्थितिकाल बाण के बाद मानते हैं।

उक्त मत के समर्थन में कोई निश्चित प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं। टीकाकार भानुचन्द्र (१६०० ई०) के अनुसार बाण ने अपनी 'कादम्बरी' को 'अतिद्वयी कथा' कह कर 'वासवदत्ता' और 'बृहत्कथा' की ओर संकेत किया है। म० म० काणे[१] महोदय ने सप्रमाण दिखाया है कि बाण सुबन्धु के परवर्ती थे तथा उन्होंने हर्षचरित में सुबन्धुकृत 'वासवदत्ता' का ही उल्लेख[२] किया है—(१) वामन (८०० ई०) ने अपनी 'काव्यालंकार-सूत्रवृत्ति' में सुबन्धु की 'वासवदत्ता' और बाण की 'कादम्बरी' से उदाहरण दिये हैं। अतः ये दोनों ७५० ई० के पूर्व हुए होंगे। (२) कविराज (१२०० ई०) ने 'राघवपान्डवीय'[३] में सुबन्धु, बाणभट्ट और स्वयं को वक्रोक्ति में कुशल बताया है। ऐसा जान पड़ता है कि कविराज ने इन तीनों नामों का स्थितिकाल के अनुसार यथाक्रम उल्लेख किया है। (३) वाक्पतिराज के

१—Introduction to his edn. of कादम्बरी, pp. 17-18.

२—कवीनामगलद्दर्पो नूनं वासवदत्तया।
शक्त्येव पांडुपुत्राणां गतया कर्ण गोचरम्॥

३—सुबन्धुर्बाण भट्टश्च कविराज इति त्रयः।
वक्रोक्तिमार्गनिपुणाश्चतुर्थो विद्यते न वा॥ १।४१

प्राकृत-काव्य 'गौडवहो'१ (७२६ ई०) में सुबन्धु की रचना का उल्लेख हुआ है, पर बाण का नहीं। इससे यही निष्कर्ष निकलता है कि वाक्पतिराज के समय में सुबन्धु की पर्याप्त प्रसिद्ध हो चुकी थी, पर बाण अभी तक अप्रसिद्ध ही थे। इस प्रकार सुबन्धु बाण के पूर्ववर्ती प्रमाणित होते हैं। मंख के 'श्रीकंठचरित'२ में सुबन्धु और बाण की एक साथ प्रशंसा की गई है। ११६८ ई० के एक कन्नड़ी शिलालेख में सुबन्धु के काव्यकलाकौशल की प्रशंसा है।

सुबन्धुकृत वासवदत्ता के वर्णन में तथा भवभूतिकृत मालती के वर्णन में पर्याप्त साम्य३ देख पड़ता है। जैसा कि पीछे दिखलाया जा चुका है, भवभूति ने कालिदास के ग्रन्थों से अनेक शब्द तथा भाव लिये हैं। सम्भव है कि मालती के वर्णन में वे सुबन्धु से प्रभावित हुए हों। इस अनुमान के आधार पर सुबन्धु भवभूति (७०० ई०) के पहले माने जा सकते हैं।

१—भासम्मि जलणमित्ते कन्तीदेवे अजन्स रहुआरे।
सोबन्धवे अ बंधम्मि हारियन्देअ आणन्दो ॥ ८००

२—मेण्ठे स्वर्द्विरदाधिरोहिणि वशं याते सुबन्धौ विधेः।
शान्ते हन्त च भारवौ विघटिते बाणे विषादस्पृशः ॥ २।५३

३—हृदयं विलिखितमिव उत्कीर्णमिव प्रत्युप्तमिव कीलितमिव···वज्रलेप-घटितमिव···मर्मान्तरस्थितमिव···कन्दर्पकेतुं मन्यमाना।
—वासवदत्ता (श्रीरंगम् संस्करण पृष्ठ १६१–२)

लग्नेव प्रतिबिम्बितेव लिखितेवोत्कीर्णरूपेव सा
प्रत्युप्तेव च वज्रलेपघटितेवान्तर्निखातेव च।
सा नश्चेतसि कीलितेव विशिखैश्चेतोभुवः पञ्चभिः
(चिन्तासन्ततितंतुजालनिविडस्यूतेव लग्ना प्रिया) ॥ मा०मा० ५।१०

सुबन्धु ने अपनी कृति में एक रमणी का इस प्रकार वर्णन किया है—'न्यायास्थितिमिवोद्योत्करस्वरूपां, बौद्धसंगतिमिवालंकार भूषिताम्।' स्वर्गीय कीथ महोदय के मतानुसार सुबन्धु इस स्थल पर श्लेष द्वारा नैयायिक उद्योत्कर तथा बौद्धधर्मकीर्ति के 'बौद्ध-संगत्यलंकार' नामक ग्रन्थ की ओर संकेत करते हैं१। इन लेखकों का समय ७वीं शताब्दी का प्रारम्भ था२। इसके अतिरिक्त जिनभद्र-क्षमाश्रमण-कृत 'विशेषावश्यक-भाष्य' (६०८ ई०) में 'वासवदत्ता' और 'तरंगवती' का उल्लेख हुआ है३। अतएव सुबन्धु का समय ६०० ई० या इससे कुछ पूर्व माना जा सकता है।

वासवदत्ता ही सुबन्धु की एक मात्र उपलब्ध रचना है। सुबन्धु का यह कृति संस्कृत गद्य-काव्य के उस रूप का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें कथानक अति लघु रहता है, वर्णनविस्तार का प्राधान्य होता है तथा पांडित्य कल्पना का स्थान ले लेता है। राजकुमार कन्दर्पकेतु स्वप्न में अपनी भावी प्रियतमा के दर्शन करता है और स्मरपीड़ित हो उसकी खोज में निकल पड़ता है। अतिसंक्षेप में 'वासवदत्ता' का यही कथानक है। किन्तु इस कथा की विशेषता कथानक में नहीं, वरन् नायक-नायिका के रूप-सौन्दर्य के सूक्ष्म वर्णन में, उनकी गुणावली के गान में, उनकी तीव्र विरहातुरता, मिलनकांक्षा तथा संयोग-दशा के चित्रण में निहित है। सुबन्धु के विषय में श्री आनन्दवर्धन का यह कथन पूर्णतया चरितार्थ होता है कि कविगण बहुधा कथावस्तु के प्रवाह तथा रस की अभिव्यक्ति का ध्यान नहीं

१—Cl. Skt. Lit. p. 77.

२—Keith. J R.A.S. 1914, pp. 1102 ff.

३—जह वा निद्दिट्ठवसा वासवदत्ता तरंगवइयाई।
तह निद्देसग वसओ लोए मणुरक्खवाओं त्ति ॥

रखते और अपना शब्द कौशल दिखाने में ही मग्न रहते हैं—'दृश्यन्ते च कवयोऽलङ्कारनिबन्धनैकरसा अनपेक्षितरसाः प्रबन्धेषु।'१ सुबन्धु की कृति में विषयान्तरों का बाहुल्य है। उनके द्वारा वे अपने अलङ्कार-कौशल एवं पाण्डित्य का प्रदर्शन करते हैं। १२० पंक्तियों के एक वाक्य में वासवदत्ता के विलास-विभ्रम का अतिरंजित चित्रण किया गया है। सुबन्धु की रचना में जहाँ उनके वर्णन-विस्तार तथा शब्द-भण्डार का परिचय स्थल-स्थल पर मिलता है, वहां कल्पना तथा चरित्र-चित्रण का अभाव खटकता है।

सुबन्धु की शैली—सुबन्धु की गद्य-शैली अतिशयोक्ति, अनुप्रास तथा समास-प्रधान गौड़ी शैली का उदाहरण है। उनकी यह गर्वोक्ति सत्य है कि मैंने एक ऐसे विलक्षण काव्य की रचना की है, जिसके प्रत्येक अक्षर में श्लेष है२। उनकी रचना श्लेष तथा विरोधाभास का ऐसा दुर्गम महाकान्तार है कि उसमें वास्तविक काव्य-सौंदर्य को ढूंढ़ निकालना कठिन हो जाता है। अलंकारों, दीर्घकाय समासों तथा पौराणिक संकेतों के प्रयोग में वे औचित्य की सीमा का अतिक्रमण कर बैठते हैं और इस कारण रस का आस्वादन दुर्लभ हो जाता है। दण्डी में वीरता, विचित्रता तथा शृङ्गारिकता का स्निग्ध एवं रमणीय चित्रण है, किन्तु सुबन्धु चित्र-काव्य लिखने के फेर में पड़ कर इन रम्य भावों का सफल अङ्कन नहीं कर सके हैं। स्थान स्थान पर नये रंगों को भर कर उन्होंने प्रत्येक चित्र को अतीव विचित्र बना डाला है। उनमें न तो दण्डी का हास, ओज और वैचित्र्य है और न बाण की सी

१—ध्वन्यालोक (नि० सा० १९११) पृ० १५१

२—प्रत्यक्षरश्लेषमयप्रपञ्चविन्यासवैदग्ध्यनिधिप्रबन्धम्।
सरस्वतीदत्तवरप्रसादश्चक्रे सुबन्धुः सुजनैकबन्धुः॥

कल्पना-शक्ति और वर्णन प्रतिभा ही। उनकी समास प्रचुर भाषा में सौष्ठव, प्रसाद और माधुर्य कम है, आडम्बर, कृत्रिमता और असंगति अधिक है।

सुबन्धु की चित्रोपम एवं अलंकृत गद्यशैली की आलोचना करते समय यह स्मरण रखना होगा कि उनके कथानक के लिए सरल और अलङ्काररहित शैली अनुपयुक्त सिद्ध होती। शृङ्गारिक वैभव के चित्रण में, तीव्र मनोराग की अभिव्यक्ति में एवं प्रभावोत्पादक वर्णन में पञ्चतन्त्र की सरल शैली सर्वथा अप्रासङ्गिक होती। यह दूसरी बात है कि सुबन्धु अलंकारों का मात्रातीत प्रयोग कर अपनी शैली के लालित्यमय प्रवाह की रक्षा नहीं कर सके हैं। एक ही क्रिया पर आश्रित विपुलकाय वाक्य की रचना करने में सुबन्धु अद्वितीय हैं, साथ ही वे आवश्यकता होने पर छोटे-छोटे वाक्यों का भी, विशेषकर संवादों में प्रयोग कर सके हैं। उनके समासों में एक प्रकार का स्वरमाधुर्य तथा उनके अनुप्रासों में संगीत है। वामनभट्ट बाण ने सुबन्धु की इस प्रकार प्रशंसा की है—

प्रतिकविभेदनबाणः कवितातरुगहनविहरणमयूरः।
सहृदयलोकसुबन्धुर्जयति श्रीभट्टबाणकविराजः॥

बाणभट्ट

संस्कृत साहित्य में गद्य-काव्य का चरमोत्कर्ष बाणभट्ट की कृतियों में पाया जाता है। बाण ने दो गद्य-काव्य लिखे—**हर्षचरित** और **कादम्बरी**। हर्षचरित के पहले तीन उच्छ्वासों में बाण ने अपनी आत्मकथा लिखी है। कादम्बरी के प्रारम्भ में भी उन्होंने अपने वंश का संक्षिप्त परिचय दिया है। बाण ने

अपने कुल१ की पौराणिक उत्पत्ति का विस्तार से वर्णन किया है। उनके वंश के प्रवर्तक दधीच तथा सरस्वती के पुत्र सारस्वत के चचेरे भाई वत्स थे। वत्स के कुल में कुबेर का जन्म हुआ, जिनका समय ४५०–४८० ई० लगभग प्रतीत होता है। कुबेर उद्भट विद्वान् थे। कादम्बरी२ में बाणभट्ट कहते हैं कि उनके घर पर ब्रह्मचारी लोग सतर्क होकर वेदगायन किया करते थे, क्योंकि उन्हें डर था कि कहीं पिंजड़े में टंगे तोते या मैना पक्षी उन्हें टोक न दें। कुबेर के चार पुत्र हुए—अच्युत, ईशान, हर और पाशुपत। पाशुपत बाण के प्रपितामह थे। कादम्बरी में बाण ने इनका उल्लेख नहीं किया है। इनके पुत्र अर्थपति हुए, जिनके

१—बाण का वंशवृक्ष इस प्रकार है—

वत्स (सरस्वती-दधीच पुत्र सारस्वत के चचेरे भाई)
|
कुबेर
|
अच्युत | ईशान | हर | पाशुपत
पाशुपत
|
अर्थपति
|
भृगु | हंस | शुचि | कवि | महिदत्त | धर्म | जातवेदस् | चित्रभानु | लक्ष | अहिदत्त | विश्वरूप
चित्रभानु
|
बाणभट्ट
|
भूषणभट्ट

२—जगुर्गृहेऽभ्यस्तसमस्तवाङ्मयैः ससारिकैः पञ्जरवर्तिभिःशुकैः।
निगृह्यमाणा बटवःपदे पदे यजूंषि सामानि च यस्य शंकिताः ॥११

ग्यारह पुत्रों में से एक बाण के पिता चित्रभानु थे। बाण की माता का नाम राज्यदेवी था। बाण के दो पारशव (शूद्र स्त्री से उत्पन्न) भाई—चित्रसेन और मित्रसेन—तथा चार चचेरे भाई—गणपति, अधिपति तारापति, और श्यामल—थे। बाण की बाल्यावस्था में ही उनकी माता का देहान्त होगया। तब उनके पिता ने उनका माता की भांति लालन-पालन किया। वत्स के समय से ही बाण के पूर्वजों का निवासस्थान प्रीतिकूट नामक ग्राम था, जो हिरण्यवाह अथवा शोण नद के पश्चिमी तट पर स्थित था। उसी के समीप मल्लकूट और यष्टिगृह नाम के दो ग्राम थे, जिनके उपरान्त हर्ष का साम्राज्य आरम्भ होता था।

बाण के उपनयन के पश्चात् उनके पिता अकाल ही में काल-कवलित हो गये। इस समय बाण की आयु १४ वर्ष की थी। किसी सुयोग्य अभिभावक के न रहने के कारण इनका यौवन-काल कुछ अव्यवस्थित रहा। वे अपने अंतरंग मित्रों के साथ पर्यटन के लिए निकल पड़े। अपने प्रवास में उन्होंने प्रचुर अनुभव प्राप्त किया, कई राजदरबारों में वे गये, अनेक गुरुकुलों में शिक्षा प्राप्त की, विद्वानों से वार्तालाप किया तथा अन्त में परिपक्व बुद्धि, सांसारिक अनुभव तथा उदार विचारों के साथ घर लौटे।

एक दिन राजा हर्षवर्धन के भाई कृष्ण के दूत ने आकर उन्हें एक पत्र दिया, जिसमें लिखा था कि कुछ लोगों ने महाराज के पास तुम्हारी शिकायत की है, अतः तुम्हें यहा पर शीघ्र आकर अपने को निर्दोष सिद्ध करना चाहिये। जब बाण राज-दरबार में पहुचे, तब सर्व प्रथम तो राजा ने उनकी अवहेलना की तथा अनयन्त्रित जीवन व्यतीत करने के लिए व्यंग किया— 'महानयं भुजङ्ग'। बाण ने विनयपूर्वक अपनी कुलीनता तथा उच्च

विद्याभ्यास की ओर राजा का ध्यान आकृष्ट किया तथा अपने पिछले कृत्यों के लिए पश्चात्ताप प्रकट करते हुए नया जीवन प्रारम्भ करने की इच्छा प्रकट की। कुछ ही दिनों में हर्ष ने उनके चरित्र एवं विद्वता से प्रसन्न हो उन पर कृपादृष्टि की तथा 'वश्यवाणीकवि-चक्रवर्ती' की उपाधि से सम्मानित किया।

कुछ समय बाद बाण अपने निवासस्थान को लौटे। यहीं उनके बन्धु-बान्धवों ने उनका हार्दिक स्वागत किया। सूचिबाण नामक सूत ने उन्हें दो आर्या गीत सुनाये, जिसमें सम्राट् हर्ष के जीवन की ओर मार्मिक संकेत था। उन्हें सुन कर बाण के चचेरे भाई उत्सुकतावश एक दूसरे की ओर ताकने लगे। उनमें से सबसे छोटे श्यामल ने साहस कर बाण से हर्षचरित सुनाने की प्रार्थना की।

इससे बाद बाण के जीवन का कोई वृत्तान्त उपलब्ध नहीं होता। हर्ष की मृत्यु (६४८ ई०) के बाद जब उनके राज्य में अराजकता फैल गई तो बाण सम्भवत: कन्नौज से अपने घर प्रीति-कूट लौट आये। हर्ष की मृत्यु हो जाने के कारण बाण अपने ग्रन्थ हर्षचरित की समाप्ति के प्रति उदासीन हो गये। अपनी कादम्बरी कथा को समाप्त करने के पूर्व ही उनका देहावसान हो गया। इसकी समाप्ति उनके सुयोग्य पुत्र ने की। डा० बूलर[१] के अनुसार बाण के पुत्र का नाम भूषणबाण था। कुछ लोग उनका नाम भूषणभट्ट बतलाते हैं। कादम्बरी की कुछ हस्तलिखित प्रतियों में 'पुलिन्द' अथवा 'पुलिन' नाम मिलता है[२]। धनपाल

१—Peterson's Introduction to कादम्बरी p. 4.

२—S. R. Bhandarkar : Report on the search for Mss., 1904-5, 1905-6, p. 34.

ने अपनी 'तिलकमंजरी'१ में श्लेष द्वारा बाण के पुत्र का नाम 'पुलिन्द' ही सूचित किया है।

मातंगदिवाकर और मयूर नाम के दो अन्य कवि भी बाण के समकालीन बताये जाते हैं२।

स्थितिकाल—सम्राट् हर्षवर्धन के सभा-पण्डित होने के कारण बाणभट्ट का स्थितिकाल सरलतापूर्वक निश्चित किया जा सकता है। हर्ष का राज्याभिषेक अक्टोबर ६०६ ई० में हुआ तथा उनकी मृत्यु ६४८ ई० में हुई। ये तिथियां ताम्र दानपत्रों तथा ६२९ से ६४५ ई० तक भारत में भ्रमण करने वाले चीनी यात्री ह्वेनसाँग के संस्मरणों के आधार पर स्वीकृत हो चुकी हैं३। अत: बाण का समय सातवीं शताब्दी का पूर्वार्ध है।

उस समय की पुष्टि बहिरङ्ग एवं अन्तरङ्ग प्रमाणों से भी होती है। रुय्यक ने अपने 'अलंकारसर्वस्व' (११५० ई०) में बाण के हर्षचरित का कई बार उल्लेख किया है। क्षेमेन्द्र (१०५० ई०) ने अपनी रचनाओं में अनेक स्थलों पर बाण के नाम का उल्लेख किया है। रुद्रट-कृत 'काव्यालङ्कार' के टीकाकार नमिसाधु (१०६९ ई०) ने कादम्बरी और हर्षचरित को क्रमश:

१—केवलोऽपिस्फुरन्बाण: करोति विमदान्कवीन्।
कि पुन: क्लृप्तसंधानं पुलिन्द कृतसन्निधि: ॥ तिलकमंजरी २६

२—अहो प्रभावो वाग्देव्या यन्मातंगदिवाकर:।
श्रीहर्षस्याभवत्सभ्य: समो बाणमयूरयो: ॥ राजशेखर
सचित्रवर्णविच्छिचित्तिहारिणोरवनीश्वर:।
श्रीहर्ष इव संघट्टं चक्रे बाणमयूरयो:। नवसाहसांकचरित

३—Peterson's introduction to कादम्बरी; V. A. Smith: Early Hist, of India, chap. 13.

कथा तथा आख्यायिका का नमूना बताया है। भोज (१०२५ ई०) ने अपनी 'सरस्वतीकण्ठाभरण' में एक स्थल पर बाण के पद्य की अपेक्षा उनके गद्य को अधिक उत्कृष्ट बताया है—'यादृग्गद्यविधौ बाणः पद्यबन्धे न तादृशः'। धनंजय (१००० ई०) के 'दशरूपक' में बाण का इस प्रकार उल्लेख हुआ है—'यथा हि महाश्वेता-वर्णनावसरे भट्टबाणस्य'। आनन्दवर्धन (८५० ई०) के 'ध्वन्यालोक' में बाण की दोनों गद्य-कृतियों का उल्लेख है। वामन (८०० ई०) ने अपनी 'काव्यालंकारसूत्रवृत्ति' में कादम्बरी के 'अनुकरोति भगवतो नारायणस्य' इन शब्दों को उद्धृत किया है। इस प्रकार बारहवीं शताब्दी से लगातार आठवीं शताब्दी के प्रमुख लेखकों ने बाण तथा उनकी कृतियों का स्पष्ट उल्लेख किया है। अतः सप्तम शतक पूर्वार्द्ध में उनकी स्थिति मानने में कोई विप्रतिपत्ति नहीं होनी चाहिये।

अन्तरङ्ग प्रमाणों से भी उक्त समय ही सिद्ध होता है। अपने हर्षचरित के प्रारम्भिक पद्यों में बाण ने इन कवियों एवं कृतियों का उल्लेख किया है — व्यास, वासवदत्ता, भट्टारहरिचन्द्र, सातवाहन, प्रवरसेनकृत सेतुबन्धु, भास, कालिदास, बृहत्कथा और आढ्यराज। इन कवियों में से कोई भी सातवीं शताब्दी के बाद में नहीं हुए। हर्ष की सभा में बाण का प्रवेश उनके शासनकाल में उत्तरार्ध में हुआ होगा। हर्षचरित में बाण हर्ष के उन पराक्रमों का वर्णन करते हैं जिनका सम्पादन हर्ष, बाण के मिलने के पहले कर चुके थे। इस वर्णन में दो स्थलों पर बाण ने लिखा है कि हर्ष ने अपना समस्त धन-वैभव ब्राह्मणों तथा बौद्ध भिक्षुओं को दान कर दिया था। ह्वेनसांग ऐसे एक अवसर पर ६४३ ई० में उपस्थित था। हर्ष से मिलने के समय बाण युवक ही रहे होंगे। उनकी युवावस्था की चपलताओं का

पता राजा को लग चुका था तथा उनका हाल ही में विवाह भी हुआ था—'दारपरिग्रहादभ्यागारिकोऽस्मि । ...का मे भुजङ्गता ...चापलेः शैशवमशून्यमासीत्' ।

रचनाएँ—**हर्षचरित** तथा **कादम्बरी** के अतिरिक्त बाण की कुछ अन्य कृतियां भी उपलब्ध होती हैं । **चण्डीशतक** भगवती दुर्गा की स्तुति में १०० पद्यों की रचना है । **पार्वतीपरिणय** नामक नाटक को महामहोपध्याय काणे१ महोदय बाण की कृति मानते हैं, किन्तु कीथ२ उसे १५वीं शताब्दी के कवि वामनभट्ट बाण की रचना मानते हैं । 'नलचम्पू' के टीकाकारद्वय चण्डपाल और गुणविनयगणि लिखते हैं कि बाण ने **मुकुटताड़ितक** नामक नाटक की रचना की थी, पर यह अभी तक उपलब्ध नहीं हुआ है। क्षेमेन्द्र ने 'औचित्यविचारचर्चा'३ में बाण रचित एक पद्य को उद्धृत किया है जिसमें चन्द्रापीड़ की प्रेयसी कादम्बरी की विरहव्यथा का वर्णन है । सम्भव है कि बाण ने पद्य में भी कादम्बरी की कथा लिखी हो ।

हर्षचरित बाण की प्रथम गद्य कृति है । जैसा कि बाण स्वयं कहते हैं४, यह एक आख्यायिका है । इसमें आठ उच्छ्वास हैं ।

१—Introduction to कादम्बरी pp. 23-24.

२—H. S. L. p. 315.

३—'यथा वा भट्टबाणस्य—

हारो जलार्द्रवसनं नलिनीदलानि प्रालेयशीकरमुचस्तुहिनांशुभासः ।
यस्येन्धनानि सरसानि च चन्दनानि निर्वाणमेष्यति कथं स मनोभवाग्निः ॥ अत्र विप्रलम्भरभरभग्नधैर्यायाः कादम्बर्या विरहव्यथा-वर्णना' ।

४—तथापि नृपतेर्भक्त्या भीतो निर्वहणाकुलः ।
करोम्याख्यायिकाम्भोधौ जिह्वाप्लवनचापलम् ॥ —हर्षचरित

प्रथम तीन उच्छ्वासों में बाण की आत्मकथा वर्णित है तथा शेष में सम्राट हर्ष का जीवनचरित्र। हर्षचरित में ऐतिहासिक विषय पर गद्य-काव्य लिखने का प्रथम बार प्रयास किया गया है। काव्य-सौंदर्य की दृष्टि से भी हर्षचरित में कई विशेषतायें हैं। बाण की अद्भुत वर्णनाशक्ति का परिचय स्थान स्थान पर मिलता है। प्रभाकर-वर्धन के अन्तिम क्षणों का वर्णन ओज एवं कारुण्य को लिये हुए है। सती होने के पूर्व यशोवती जो उद्गार प्रकट करती है, वह अनन्यता, तेजस्विता एवं कारुण्य से परिपूर्ण हैं। छठे उच्छ्वास में सिंहनाद का उपदेश कादम्बरी के शुकनासोपदेश की कोटि का ही है। हर्ष सर्वत्र एक महान् सम्राट के रूप में हमारे सम्मुख आते हैं। वे निर्भीक और साहसी, कर्तव्य-परायण और स्नेहमय है। राज्यवर्धन भी आज्ञाकारी पुत्र, स्नेहशील भाई और शूर योद्धा हैं। सोड्ढल ने हर्षचरित की इस प्रकार प्रशंसा की है—

वाणस्य हर्षचरिते निशितामुदीक्ष्य।
शक्तिं न केऽत्र कविताम्रमदं त्यजन्ति॥

कादम्बरी बाणभट्ट की, अथवा यों कहिए, समस्त संस्कृत साहित्य की सर्वोत्कृष्ट गद्य-रचना है। उसकी कथा का सार इस प्रकार है—विदिशा के राजा शूद्रक की सेवा में एक चाण्डाल-कन्या अपना परम मेधावी शुक भेंट करती है। यह शुक राजा को विन्ध्यारण्य में अपने जन्म से लेकर महर्षि जाबालि के आश्रम में पहुंचने तक का वृत्तान्त सुनाता है। जाबालि मुनि से शुक अपने पूर्वजन्म का हाल सुनता है। जाबालि द्वारा वर्णित कथा इस प्रकार थी—

उज्जयिनी के राजा तारापीड तथा रानी विलासवती ने तपस्या द्वारा चन्द्रपीड नामक पुत्ररत्न प्राप्त किया। विद्याध्ययन की

समाप्ति के बाद राजकुमार चन्द्रापीड अपने पिता के सचिव शुकनास के पुत्र और अपने अभिन्न मित्र वैशम्पायन के साथ दिग्विजय के लिए निकल पड़े। एक बार वह अपने घोड़े इन्द्रायुध पर एक किन्नर युगुल का पीछा करते हुए आच्छोद नामक एक परम रमणीय सरोवर में आ पहुंचे। वहां राजकुमार का महाश्वेता नामक एक शुभ्रवर्ण तपस्विनी युवती से परिचय हुआ। महाश्वेता एक गन्धर्व राजकन्या थी, जिसके हृदय में पुण्डरीक नामक तपस्वी युवक को देख उसके प्रति प्रेमाङ्कुर जागरित हो उठा था। पर मिलन के पूर्व ही पुण्डरीक की स्मरपीड़ा से मृत्यु हो गई। इस पर महाश्वेता तपस्विनी का व्रत धारण कर भावी मिलन की आशा में आच्छोद सरोवर के किनारे रहने लगी। महाश्वेता की सखी कादम्बरी ने भी कौमार्य व्रत धारण करने का निश्चय किया। महाश्वेता चन्द्रापीड को साथ लेकर कादम्बरी को समझाने जाती है। प्रथम साक्षात्कार में ही दोनों परस्पर अनुरक्त हो जाते हैं। पर उज्जैन से पिता के बुला लेने पर चन्द्रापीड को शीघ्र ही लौट जाना पड़ता है। वह वैशम्पायन को सेना के साथ लौट आने के लिए कह जाते हैं। बहुत समय व्यतीत होने पर भी जब वैशम्पायन नहीं लौटा तब चन्द्रापीड उसकी खोज में आच्छोद सरोवर जाते हैं। वहां महाश्वेता उन्हें बताती है कि वैशम्पायन मुझ पर आसक्त हो मुझसे प्रेम प्रस्ताव करने लगा, इस पर मैंने उसे शुक हो जाने का शाप दे दिया। अपने प्राणतुल्य सुहृद का यह अन्त सुनकर चन्द्रापीड के भी प्राण उसी क्षण निकल गए। इसी अवसर पर कादम्बरी घटना-स्थल पर पहुंचती है और अपने प्रेमी को निष्प्राण पाकर स्वयं प्राण-विसर्जन करने के लिए उद्यत हो जाती है। पर एक आकाशवाणी उसे ऐसा करने से रोकती है और आश्वासन देती है कि महाश्वेता और कादम्बरी का

अपने अपने प्रेमी से संयोग निकट भविष्य में अवश्यम्भावी है। यहां जाबालि की कथा समाप्त हो जाती है।

तब शुक ने राजा शूद्रक से कहा कि जाबालि से अपने पूर्व जन्म का वृत्तान्त सुन मेरे हृदय में महाश्वेता के प्रति अपने पूर्व प्रेम की स्मृति हो आई और मैं आतुर हो आश्रम से उड़ा, किन्तु इस चाण्डाल्यकन्या ने मुझे पकड़ कर अपने यहां रख लिया। इसी ने मुझे आपको समर्पित किया है। इसके अतिरिक्त मैं कुछ नहीं जानता। तब चाण्डाल-कन्या ने राजा शूद्रक से निवेदन किया कि मैं पुण्डरीक (जिसका पुनर्जन्म वैशम्पायन के रूप में हुआ था) की माता लक्ष्मी हूं और अब इसे तथा आप (शूद्रक) को मिले शाप की अवधि समाप्ति पर ही है। इस पर शूद्रक (जो अपने पूर्व जन्म में चन्द्रापीड थे) को कादम्बरी के प्रति अपने प्रेम की स्मृति हो आई। उनके प्राण तुरन्त निकल गये और उधर चन्द्रापीड जीवित हो उठे।

चाण्डाल - कन्या (अथवा लक्ष्मी) ने जिस शाप की ओर संकेत किया उसका रहस्य इस प्रकार है। महाश्वेता के प्रेमी पुण्डरीक ने चन्द्रमा को बार - बार जन्म लेने का शाप दिया था। चन्द्रमा ने भी पुण्डरीक को ऐसा ही शाप दिया। इन शापों के फलस्वरूप चन्द्रमा ने चन्द्रापीड के रूप में तथा पुण्डरीक ने वैशम्पायन के रूप में जन्म लिया। चन्द्रापीड और वैशम्पायन ने पुनः शूद्रक तथा शुक के रूप में जन्म लिया। शुक की कथा की समाप्ति के बाद शाप की अवधि भी समाप्त हो गई। इसके बाद पुण्डरीक और महाश्वेता, चन्द्रापीड और कादम्बरी का सुखद मिलन हुआ और वे अवर्णनीय आनन्द का आस्वादन करते हुये सुखपूर्वक रहने लगे।

ऐसा प्रतीत होता है कि बाण ने 'कादम्बरी' का कथा-बीज गुणाढ्य की बृहत्कथा से लिया है। बृहत्कथा अब उपलब्ध नहीं, पर उसके जो संस्कृत रूपान्तर मिलते हैं, उनमें आई सुमनस की कथा तथा 'कादम्बरी' की कथा में कुछ साम्य अवश्य देख पड़ता है। सम्भव है, बाण ने अपनी कथा की मूल घटनायें बृहत्कथा से ली हों, किन्तु यह निर्विवाद है कि उन्होंने अपनी प्रतिभा का पुट चढ़ा कर उसे एक सर्वथा नवीन एवं मौलिक रूप दे दिया है।

'कादम्बरी' संस्कृत साहित्य का सर्वोत्कृष्ट उपन्यास है। उसके कथानक में, कथा और उपकथा के संमिश्रण से कुछ जटिलता अवश्य आ गई है, फिर भी उसके स्वाभाविक विकास और कुशल निर्वाह में कवि को पर्याप्त सफलता मिली है। सारी कथा कुतूहलमय रोचकता से ओतप्रोत है। पाठक की रुचि और उत्सुकता उत्तरोत्तर बढ़ती जाती है। प्रधान नायिका कादम्बरी का उल्लेख कथा के मध्य भाग में जाकर होता है। महाश्वेता की प्रणय-कथा तो कादम्बरी के प्रणय की एक भूमिका मात्र है। शूद्रक की राजसभा में चाण्डालकन्या का विलक्षण वैशम्पायन शुक को लेकर प्रवेश करना, यह प्रारम्भिक घटना ही ऐसे रहस्य में लिपटी हुई है कि उसके उद्घाटन के लिये आगे बरबस बढ़ना पड़ता है। यह रहस्योद्घाटन कथा के अन्त में जाकर होता है। वहां शूद्रक को ही प्रधान नायक जान कर 'अद्भुत रस' की प्रतीति होती है। कवि ने कादम्बरी और महाश्वेता दोनों की प्रणय-कथा स्वाभाविक रूप से परस्पर सम्बद्ध कर अपने वस्तु-विन्यास-कौशल का परिचय दिया है।

बाण ने अपने पात्रों का चरित्र-चित्रण बड़े विशद रूप से किया है। 'कादम्बरी' के सभी पात्र सजीव हैं। सौम्य युवक

हारीत, उदार नृपति तारापीड, आदर्श अमात्य शुकनास, सुकुमार रानी विलासवती, छाया की भांति चन्द्रापीड का अनुसरण करने वाली किन्तु कवि की उपेक्षिता पत्रलेखा, स्नेहमय पर कठोर कपिंजल, शुभ्रवदना तपस्विनी महाश्वेता—ये पाठक के अन्तस्तल पर अपनी अमिट छाप छोड़ जाते हैं। कादम्बरी के चित्रण में बाण ने अपने अप्रतिम कल्पना वैभव, वर्णन-पटुता और मानव मनोवृत्तियों के मार्मिक निरीक्षण का परिचय दिया है। चन्द्रापीड के प्रति आकृष्ट होने पर वह किस प्रकार आशा और निराशा, मिलन और विरह के परस्पर विरोधी भावों के बीच झूलती है, इसका बाण ने बड़ा हृदयग्राही चित्रण किया है।

'कादम्बरी' में बाण ने केवल अपनी कल्पना के अतिरंजित चित्र उपस्थित नहीं किए हैं, प्रस्तुत अपने बहुमुखी जीवन के विविध अनुभवों को रोचक रूप में प्रस्तुत किया है। प्रासाद, नगर, वन तथा आश्रमों का यथातथ्य वर्णन उनके पर्याप्त भ्रमण का द्योतक है। शुकनास के मुख से इन्होंने चन्द्रापीड को जो उपदेश दिलाया है, वह आज भी प्रत्येक नवयुवक स्नातक के लिए दीक्षांत भाषण से कम नहीं।

'कादम्बरी' की वर्णन विविधता दर्शनीय है। सच तो यह है कि यदि संस्कृत साहित्य में चित्रांकन के विषयों की कमी नहीं है तो संस्कृत कवियों में बाणभट्ट की भांति चित्राङ्कन में कोई निपुण नहीं हुआ। समस्त कादम्बरी-काव्य एक चित्रशाला है—'इस कुञ्जवन की गली में नये-नये रङ्गों के अनेक लता-वितान हैं, प्रलोभनीय अंशों की बहुलता है।' कहीं विन्ध्याचल की विकट अटवी का रोमांचकारी दृश्य है, कहीं जाबालि के शान्त और पावन आश्रम की सात्विक शोभा का चित्र है, कहीं शूद्रक और तारापीड के राजकीय विलास और वैभव का वर्णन है।

कहीं वीणावादिनी महाश्वेता की विरहविधुरा मूर्ति का दर्शन है तो कहीं कमनीय कलेवरा कादम्बरी के प्रणयोन्माद और सलज्ज कौमार्य का स्निग्ध चित्रण है । अाच्छोद सरोवर तथा हिमालय के भव्य दृश्यों का वर्णन भी अत्यन्त प्रभावोत्पादक है । द्रविड़ यति का वर्णन इस बात का सूचक है कि बाण उपहासयोग्य विषयों का सफल अङ्कन कर सकते हैं । परिहास का भी उनमें अभाव नहीं, उदाहरणार्थ स्कंदगुप्त की नाक उनकी वंशावली के समान ही लम्बी बताई गई है । इन्द्रायुध अश्व के सजीव वर्णन से बाण को 'तुरङ्गबाण' की पदवी मिली । साधारणत: लोग घटना-वर्णन करके कथा प्रारम्भ करते हैं, पर बाणभट्ट चित्र सज्जित करके कथा बढ़ाते हैं । इसी से उनकी कथा गतिशील नहीं है, वह वर्णच्छटा से ही अङ्कित है । चित्र भी धारावाहिक रूप से हों, सो नहीं । एक-एक चित्र के चारों ओर कारुकार्यविशिष्ट और बहु-विस्तृत भाषा रूपी सोने के चौखटे जड़े हुये हैं । फ्रेम सहित ऐसे चित्रों के सौंदर्य का जिसने उपभोग नहीं किया, उनका दुर्भाग्य ही समझना चाहिये ।

'कादम्बरी' के अध्ययन से हमें तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियों का परिज्ञान हो सकता है । स्त्रियों द्वारा सन्तानप्राप्ति के लिए जादू टोनों का प्रयोग ; राज्याभिषेक की परिपाटी ; शैव, शाक्त और क्षपणक आदि के सम्प्रदाय ; सद्योजात शिशु के उपचार ; स्त्री-पुरुषों की वेशभूषा और आभूषण ; विलास और आमोद-प्रमोद की सामग्री ; वर्णव्यवस्था ; सती-प्रथा आदि सभी सामाजिक जीवन के अङ्गों पर 'कादम्बरी' में स्थल-स्थल पर पर्याप्त प्रकाश डाला गया है१ ।

१—K. R. Potdar: Contemporary life as revealed i[n] Bana's works.' Journal of Bombay Univ. XI-

'कादम्बरी' का प्रधान रस शृङ्गार है। 'कादम्बरी' जन्म-जन्मान्तर के संचित संस्कारों का, 'जननान्तर-सौहृद' का सजीव चित्रण है; विस्मृत अतीत तथा जीवित वर्तमान को स्मृति के सुकुमार तारों से संयुक्त करने वाली काव्य-शृङ्खला है; मानव हृदय की मूक प्रणय-वेदना की मर्मभरी कथा है। बाण ने जिस प्रेम का चित्रण किया है, वह सर्वथा उदात्त एवं परिष्कृत है। उनके द्वारा चित्रित प्रेम का उद्दाम वेग कुल और समाज की मर्यादा का उल्लंघन नहीं करता। दशकुमारचरित की भांति 'कादम्बरी' के शृङ्गाररस-चित्रण में कहीं अश्लीलता की गन्ध नहीं पाई जाती। सच तो यह है कि महाश्वेता के प्रेम में पागल पुण्डरीक की कपिंजल द्वारा भर्त्सना करा कर कवि ने यह शिक्षा दी है कि असंयत प्रेम मानसिक और शारीरिक दुरवस्था का कारण होता है। सच्चा प्रणय सत्य की भांति चिरन्तन है। काल की कराल छाया उसे आक्रान्त नहीं कर सकती; समय का प्रवाह उसे विस्मृति के गर्त्त में लीन नहीं कर सकता। तपस्या की कठोरता अथवा राजसी जीवन की विलासिता उसके उद्दाम वेग को दबा नहीं सकती। प्रणय की ज्योति आशा और अटल विश्वास से नूतन जीवन धारण करती है तथा आदर्श स्नेह के सहारे मृत्यु के अन्धकार में भी अभिनव आलोक छिटकाती है।

संस्कृत प्रसिद्ध ग्रन्थों में 'कादम्बरी' सदा से अत्यन्त लोकप्रिय रही है। प्रियतम की शैय्या की ओर स्वेच्छा से संचरण करती हुई नवोढ़ा वधू की भाँति वह अपने अतुलनीय रसास्वाद से पाठकों के चित्त-चंचरीक को निरन्तर आप्यायित करती आई है१। भूषणभट्ट का यह कथन प्रत्येक सहृदय के विषय में चरितार्थ हो रहा है।—

१—स्फुरत्कलालापविलासकोमला करोति रागं हृदि कौतुकाधिकम्। रसेन शय्यां स्वयमभ्युपागता कथा जनस्याभिनवा वधूरिव ॥ कादंबरी ८

कादम्बरीरसभरेण समस्त एव ।

मत्तो न किंचिदपि चेतयते जनोऽयम् ॥

'कादम्बरी' की प्रशंसा में कुछ और उक्तियों का अवलोकन कीजिये—'कादम्बरीरसज्ञानामाहारोऽपि न रोचते', 'सहर्षचरिताख्धाद्‌धुतकादम्बरीकथा' । 'कीर्तिकौमुदी' में लिखा है कि बाण की कादम्बरी रूपी ध्वनि को सुनकर कवि लोग अनाध्याय का पालन करने लगते हैं—

युक्तं कादम्बरीं श्रुत्वा कवयो मौनमाश्रिताः ।

वाणध्वनावनध्यायो भवतीति स्मृतिर्यतः ॥१।१५

बाण की शैली—बाण ने गद्य-शैली का आदर्श सूचित करते हुए हर्षचरित के आरम्भ में लिखा है—

नवोऽर्थो जातिरग्राम्या श्लेषोऽश्लिष्ट स्फुटो रसः ।

विकटाक्षरबन्धश्च कृत्स्नमेकत्र दुष्करम् ॥

अर्थात् मौलिक कल्पना, सुरुचिपूर्ण स्वभावोक्ति, अक्लिष्ट श्लेष, स्फुट रूप से प्रतीयमान रस तथा दृढ़बन्ध पदावली, इन समस्त गुणों का एकत्र संनिवेश दुर्लभ है। दूसरे के मन के भावों का यथातथ्य चित्रण (अन्यचिन्तितस्वभावाभिप्रायवेदकम्) तथा अभिनव अर्थ की कल्पना (उत्कृष्टकविगद्यमिव विविधवर्णश्रेणिप्रतिपाद्यमानाभिनवार्थसंचयम्) को बाण उत्कृष्ट गद्य-शैली का प्रधान लक्षण मानते हैं।

बाण के गद्य की रीति 'पांचाली' है जिसमें अर्थ के अनुरूप ही शब्दों का गुम्फन होता है।

शब्दार्थयोः समो गुम्फः पांचालीरीतिरिष्यते ।

शिलाभट्टारिकावाचि बाणोक्तिषु च सा यदि ॥ सरस्वतीकंठाभरण

बाण की शैली में शब्द और अर्थ, भाषा और भाव का रुचिर सामंजस्य स्पष्ट लक्षित होता है। विषय के अनुरूप ही शब्दावली का प्रयोग किया गया है। विकट विन्ध्याटवी के वर्णन में कवि ने विकट शब्दों एवं समासों का यथेच्छ व्यवहार किया है—'क्वचित्प्रलयवेलेव महावराहदंष्ट्रासमुत्खातधरणिमण्डला, क्वचिदुद्वृत्तमृगपतिनादभीतेव कण्टकिता।' बसन्त के वर्णन में तदनुरूप सुकुमार वर्णों का विन्यास किया गया है—'अशोकतरुताडनारणितरमणीमणिनूपुरझङ्कारसहस्रमुखरेषु सकलजीवलोकहृदयानन्ददायकेषु मधुमासदिवसेषु'!

बाण की शैली में अलंकारों का समुचित प्रयोग अपूर्व रमणीयता का सञ्चार करता है। उनके अलङ्कारों की छटा दर्शनीय है। उनके लम्बे-लम्बे समास यदि गिरि-नदी के उद्दाम प्रवाह की भांति हैं, तो उनकी श्लिष्ट उपमाएं इन्द्रधनुष की छाया की भांति उसे रङ्गीन बना देती हैं। उनके अनुप्रास भाषा में विलक्षण स्वर-माधुर्य का सञ्चार करते हैं— 'इभकलभकोल्लनपल्लववेल्लितलवलीलयैः', 'मधुकर कुलकलंककालीकृतकालेयककुसुमकुड्मलेषु।' उनके श्लेष-प्रयोग जुही की माला में पिरोये गये चम्पक पुष्पों की भांति हैं—'निरन्तर–श्लेषघना: सुजातयो महास्रजश्चम्पककुड्मलेरिव।' उनकी रसनोपमा का एक मनोहर उदाहरण देखिए—'क्रमेण च कृतं मे वपुषि वसन्त इव मधुमासेन, मधुमास इव नवपल्लवेन, नवपल्लव इव कुसुमेन, कुसुम इव मधुकरेण, मधुकर इव मदेन नवयौवनेन पदम्।' विरोधाभास का नमूना देखिये— 'शिशिरस्यापि रितुजनसन्तापकारिणः, स्थिरस्याप्यनवरतं भ्रमतः, निर्मलस्यापि मलिनीकृतारातिवनितामुखकमलद्युतेः, अतिधवलस्यापि सर्वजनरागकारिणः'। अर्थापत्ति अलंकार की छटा देखिए—'किं बहुना। तारसाग्निहोत्रधूमलेखा

भिरुत्सर्पन्तीभिरनिशमुपपादितकृष्णाजिनोत्तरासङ्गशोभा: फलमूलभृतो वल्कलिनो निश्चेतनास्तरवोऽपि सनियमा इव लक्ष्यन्तेऽस्य भगवत: समीपवर्तिन: । किं पुन: सचेतना: प्राणिन: ।' बाण के गद्य में एक ही ध्वनि उत्पन्न करने वाले ललित पदविन्यास की मधुर झङ्कार सुनाई पड़ती है—'वशीकर्तु कामं कामामिव सनियमम्', 'हर्षनयनजल-कणनीहारिणि वियद्विहारिणि मनोहारिणि', 'कर्पूरधूलिधूसरेषु मलयज-रसलवलुलितेषु बकुलावलीवलयेषु स्तनेषु ।'

बाण का प्रकृति-चित्रण विशद, सजीव, अलंकृत और उनकी सूक्ष्म निरीक्षण शक्ति का परिचायक है। 'एकदा तु नातिदूरोदिते नवनलिनदलसम्पुटभिदि किंचिदुन्मुक्तपाटलिम्नि भगवति मरीचि-मालिनि'—शब्दों की कैसी लड़ी है! अरुण वर्ण के तरुण सूर्य का आभास कराना ही कवि का मुख्य प्रयोजन है, किन्तु भाषा के इंद्रजाल से, केवल विशेष्य-विशेषण के विन्यास से, हृदय में सुरम्य, सुगन्ध, सुवर्ण और सुशीतल सुप्रभातकाल तत्क्षण नाच उठता है। इसी प्रकार—'दिवसावसाने लोहिततारका तपोवनधेनुरिव कपिला परिवर्तमाना संध्या'—कपिला धेनु के साथ संध्याकालीन रंग की तुलना करते हुये कवि क्षण भर में हृदय के भीतर संध्या की समस्त शान्ति, श्रान्ति तथा धूसर छाया भर देता है। बाण की दृष्टि प्रकृति के घोर और रम्य दोनों पक्षों पर पड़ी है। रमणीय अच्छोद सरोवर, हिमालय के भव्य दृश्य, तथा भयानक विन्ध्याटवी के वर्णन इसके उदाहरण हैं। प्रकृति-वर्णन में उन्होंने श्लिष्ट उपमाओं का विशेष प्रयोग किया है—'यौवनमिवोत्कलिकाबहुलं, प्रणयमुख-चरितमिव श्रूतमाणक्रौञ्चवनिता प्रलापं, भारतमिवपाण्डुधार्तराष्ट्रकु लकृतक्षोभं, कद्रूस्तनयुगलमिव नागसहस्रपीतपयोगण्डूषमच्छोदं नाम सरो दृष्टवान् ।' इस प्रकार वे प्रकृति-वर्णन करने के साथ-साथ अपना पौराणिक, शास्त्रीय तथा अनुभव-जन्य ज्ञान भी प्रकट

कर देते हैं। यह शैली सर्वथा निर्दोष नहीं कही जा सकती, क्योंकि इससे कवि के पाण्डित्य का जितना बोध होता है उतना प्राकृतिक दृश्य के वास्तविक बिम्ब का नहीं। बाण का प्रकृति, चित्रण अंत:प्रकृति के अनुरूप होता है। सूर्योदय, सूर्यास्त, चन्द्रमा, बसन्त ऋतु के वर्णन में यह विशेतया स्पष्ट देख पड़ती है। तप:पूत जाबालि के आश्रम में सूर्यास्त का वर्णन कैसे शान्त एवं पवित्र भावों का परिचायक है—'अनेन च समयेन परिणतो दिवस:। स्नानोत्थितेन मुनिजनेनार्घविधिमुपपादयता य: क्षितितले दत्तस्तमम्बरतलगत: साक्षादिव रक्तचन्दनाङ्गरागं रविरुदवहत्। ऊर्ध्वमुखैरर्कबिम्बविनिहितदृष्टिभिरुष्मपैस्तपोधनैरिवपरिपीयमानतेज: प्रसरो विरलातपो दिवसस्तनिमानमभजत्। उद्यत्सप्तर्षिसार्थस्पर्श परिजिहीर्षयेय संहृतपाद: पारावतचरणपाटलरागो रविरम्बरतलादलम्बत्। विहाय धरणितलमुन्मुच्य कमलिनीवनानि शकुनय इव दिवसावसाने तपवनोतरुशिखरेषु पर्वताग्रेषु च रविकिरणा: स्थितिमकुर्वत।'—'इसी समय दिन ढल चला। मुनियों ने स्नान के बाद अर्घ्य देते समय जो चन्दनराग पृथ्वी पर अर्पित किया था, मानों उसी रक्त चन्दन को आकाश में स्थित सूर्य ने अपने अङ्गों में धारण कर लिया है। ऊपर की ओर मुख उठा कर सूर्य-मण्डल पर दृष्टि डाले, सूर्य-किरणों का पान करने वाले तपस्वियों द्वारा मानों चारों तरफ फैला हुआ प्रकाश पाया जा रहा है, तभी तो दिन क्षीणता को प्राप्त हो रहा है। कपोत के चरणों के समान लाल-लाल सूर्य आकाश के छोर पर पहुँच कर अपने पाद (किरण) इसलिये समेट रहा है कि कहीं वे इस उगते हुये सप्तर्षि-मण्डल से छू न जायं। दिन डूबने की इस घड़ी में सूर्य-रश्मियां पृथ्वी-तल को छोड़ आश्रम के वृक्षों तथा पर्वतों के शिखरों पर पक्षियों की भांति बसेरा ले रही है।' बाण मानवीय मनोभावों का प्रकृति के दृश्यों पर आरोप

करने में कुशल हैं। सूर्य के विदेश-गमन पर उसकी प्रियतमा कमलिनी शीघ्र पति-समागम की इच्छा से तपस्विनी का व्रत धारण करती है—कमल का मुकुल उसका कमण्डलु है, श्वेत हंस उसका उत्तरीय है, कमल की नाल उसका शुभ्र यज्ञोपवीत है तथा भ्रमरों की पंक्ति उसकी रुद्राक्ष माला है।

पृष्ठ ५६—भीषणरमरणीयाकृतिः—आदि ये सभी पद प्रतीहारी (द्वार रक्षक स्त्री) के विशेषण हैं, अङ्गना...कृतिः—बाईं ओर लटकती तलवार के कारण जिसका धारण करना स्त्री जनोचित नहीं है, उसका सुन्दर और भयानक शरीर सर्पों से लिपटी हुई चन्दन लता के समान दिखाई देता था। कुक्षौ भवः कौक्षेयकः। संनिहितः विषधरः यस्याः, भीषणा रमणीया च आकृति यस्या। अविरल...मन्दाकिनी—स्नान के बाद जल से ऊपर निकलते हुए ऐरावत हाथी के कुम्भ जिसके जल में दिखाई पड़ रहे हैं, ऐसी आकाश गङ्गा के समान जिसके शरीर के गाढ़े चन्दन से लिप्त स्तनद्वय ऐरावत हाथी के कुम्भद्वय के समान प्रतीत होते थे। अविरल धनं यत् चन्दनस्यानुलेपनं तेन धवलितं स्तनतटं कुच प्रान्तो यस्यः सा उन्मज्जतः स्नानं कुर्वतः ऐरावतस्य कुम्भमण्डल यस्याः। चूड़ामणि...छलेन—मस्तक पर लगी हुई मणि में पड़ने वाले प्रतिबिम्ब के छल से। भाव यह है कि सामन्त राजकुमारों के मुकुट मणि में प्रतिहारी का प्रतिबिम्ब झलक रहा था। इस व्यापार की कवि उत्प्रेक्षा करता है, सामन्त राजकुमारों ने महाराज शूद्रक की आज्ञा के समान उसे अपने शिर पर धारण कर रखा था। कलहंस धवलाम्बरा—(१) कलहंस वत् धवल अम्बरं वस्त्रं यस्याः—हंस की तरह का श्वेत वस्त्र धारण किए हुए। (२) कलहंसैः धवलं अम्बरं

आकाशं यस्याम्—श्वेत हंसों से श्वेत आकाश वाली (शरद के समान), धारा—किनारा, वशीकृत...मण्डला—(१) जिसने सभी एकत्र राजाओं को वश में कर रक्खा है (प्रतीहारी के पक्ष में) (२) जिसने राजाओं को अपने आधीन कर लिया है। (परशुधारा के पक्ष में), वेत्रलतावती-(१) वेत की छड़ी हाथ में लिये हुये (प्रतीहारी) (२) जहां वेत के वृक्ष अधिकता से होते हैं (विन्ध्य० के पक्ष में), राज्याधि...विग्रहिणी—मानो शरीर धारिणी राजलक्ष्मी हो (विग्रहिणी—शरीरिणी), क्षिति...कमला—जिसने कमल के से अपने हाथ पैर पृथ्वी पर रख रक्खे हैं अर्थात् जो प्रणत हैं। सुरलोक...राजलक्ष्मी—जो स्वर्ग में चढ़ने वाले त्रिशंकु राजा की उस राजलक्ष्मी के समान है जो कि क्रुद्ध इन्द्र की हुँकार से नीचे गिरा दी गई है। दक्षिणापथ—दक्षिण भारत, सकल...देव:—समुद्र के समान केवल आप ही पृथ्वी पर पाये जाने वाले समस्त रत्नों के उचित आस्पद हैं। आश्चर्यभूत:—एक अद्भुत वस्तु, इति कृत्वा—यह सोचते हुये, देव: प्रमाणम्—महाराज ही इस विषय में कुछ कहने अथवा विचारने के अधिकारी हैं। यह वाक्य प्रायः भृत्यों के द्वारा राजाओं के प्रति प्रयुक्त होता है। प्रतीहारी केवल अपने स्वामी की आज्ञा की प्रतीक्षा करती है। (यदेवाथ राज्ञोनुशासनम्तदेव मया विधेयम्)

प्रावेशयत्—ले जाया गया। अब कवि यह वर्णन करता है कि राजा का व्यक्तित्व कैसा था और चाण्डाल कन्या पर उसका क्या प्रभाव पड़ा। मुख्य वाक्य इस प्रकार है—प्रविश्य च सा...राजानम् अद्राक्षीम् नरपति आदि—यह और आगामी पद 'राजानम्' के विशेषण हैं, अशनि...मतम्—अशनेः वज्रात् भयं तेन पुञ्जिता एकत्रीभूताः कुलशैलाः तेषां मध्यं गतम्—वज्र के भय से एकत्र होने वाले कुलशैलों के बीच बैठे हुए नरपति

यहाँ मुख की उपमा चन्द्रमा और मोतियों की नक्षत्रों से दी गई है। यह उत्प्रेक्षा की गई है मानों मोती की माला के रूप में नक्षत्रों ने मुख चन्द्र को घेर रक्खा है। परिवेषः—सूर्य और चन्द्रमा के चारों ओर दिखाई देने वाला प्रभा मण्डल--'परिवेषस्तु परिधिरूपसूर्यकमण्डले' इत्यमरः (१।२।३३) अति...बाहुशिखरम्—अत्यन्त चपल राजलक्ष्मी को बांधने की हथकड़ियों के से प्रतीत होने वाले नीलम के दो भुजबन्धों से जिसकी भुजा का ऊपरी भाग वेष्टित है। अतिचपला राजलक्ष्मीः तस्याः बन्धनस्य बन्धार्थं निगडः तस्य कटकः वलयं तस्य शंकाम्। ईषदालम्बितकर्णोत्पलम्—जिसके कान में लगा हुआ कमल कुछ २ नीचे लटक रहा था। उन्नतघोणम्—उन्नता घोणा नासिका यस्य—ऊँची नाक वाला। उत्फुल्लपुण्डरीकलोचनम्—फूले कमल के समान जिसके नेत्र हैं। अमलः...पट्टायतम्—('ललाटदेशम्' का विशे०)—अमलं निर्मलं यत् कलधौतं सुवर्णं तस्य यः पट्टः तद्वत् आयतं विस्तीर्णम्—जो सोने की निर्मल पट्टी की तरह चौड़ा था। अष्टमीचन्द्रशकलाकारम्--अष्टमी को दिखाई देने वाले चन्द्रमा के टुकड़े के आकार वाला। अभिषेकः... पूतम्—सारे जगत् के सम्राट के रूप में अभिषिक्त होते समय छिड़के जाने वाले जल से पवित्र। ऊर्णासनाथम्—ऊर्णा भ्रुवोः अन्तरा आवर्तः तेन सनाथं सहितम्—भौंहों के बीच के स्थान में सुन्दर रोओं की सूक्ष्म रेखा से युक्त। ऊर्णा छोटे २ बालों की उस पतली और घुमावदार रेखा को कहते हैं जो कि दोनों भौंहों के बीच के स्थान में होती है। यह ऊन की सी होती है। सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार ऊर्णा वाला मनुष्य चक्रवर्ती राजा या अन्य कोई ऊँचे पद वाला व्यक्ति होता है। 'ऊर्णा-मेषादि लोम्नि स्यात् आवर्तश्चान्तरा भ्रुवोः इत्यमरः (३।३।५०) आमोदि-

मालतीकुसुमशेखरम्–आमोदीनि सुगन्धीनि यानि मालती कुसुमानि जाती पुष्पाणि तेषां शेखरः चूडाभूषणं यस्य सः तथा तम्—जिसके सिर पर अत्यन्त सुगन्ध वाले मालती पुष्पों का गुच्छा है। शिखर...चलम्–अतः उस अस्ताचल सा प्रतीत होता था जिस पर प्रातःकाल तारों का समूह गिर रहा हो। आभरण...तया-आभरणानां भूषणानां प्रभा कान्तिस्तया पिशाङ्गितं पीतरक्तीकृतं अङ्गं तस्य भावः तया...गहनों की चमक से शरीर पिशङ्ग (पीलालाल-भूरा) होने के कारण। लग्नहर-हुताशम्—शिव (के तीसरे नेत्र की) अग्नि से युक्त। भाव यह है कि राजा कामदेव के समान सुन्दर था। आसन्नवर्तिनीभिः... परिवृतम्-सेवा करने के लिए, मानों आई हुई दिगङ्गनाओं के समान प्रतीत होने वाली समीप खड़ी हुई वारविलासिनियों से घिरे हुए। अमल...बिम्बतया—अमले मणि कुट्टिमे संक्रान्तं सकलदेहस्य प्रतिबिम्बं यस्य तस्य भावः-मणियों से जड़े हुए कुट्टिम (फर्श) में सारे शरीर का प्रतिबिम्ब पड़ने के कारण। पति...उह्यमानम्-ऐसा प्रतीत होता था मानों वह पृथ्वी (अपनी पत्नी–पृथ्वीपति होने के कारण) के द्वारा प्रेम के कारण हृदय में धारण किया गया हो। नीचे के, हस्त...तलम्, वाक्य में विरोधाभास अलङ्कार है जो कि श्लेष पर आश्रित है। अशेष... देहम्—सभी जनों के द्वारा उपभोग की जाने वाली अवस्था को लाई गई हुई होकर भी असाधारण राजलक्ष्मी से उसका शरीर आलिङ्गित था। 'साधारण' और 'राजलक्ष्मी' शब्द श्लिष्ट हैं। उसके धन-धान्य और समृद्धि का सभी लोग आनन्द उठाते थे अर्थात् उसकी राजलक्ष्मी सबके लिए साधारण (सामान्य-समान रूप से सबके उपभोग्य) थी। किन्तु उसके शरीर पर एक असाधारण (विशेष) शोभा (लक्ष्मी) थी। असाधारण का यह अर्थ भी है:—

सहस्र की तुलना कुशशैलों से और राजा की कनक शिखरिन से की गई है। अमेक···अवयवम (राजानम्) अनेकानि विविधानि यानि रत्नाभरणयानि मणिखचितभूषणानि तेषां यानि किरण-मालकानि मरीचिमण्डलानि तैरन्तरिता अवयवा यस्य स तत्—रत्न जटित गहनों से निकलने वाली किरणों के समूह से जिसका सारा शरीर आच्छादित है। इन्द्रायुध···भागम् (जल दिवसम्) इन्द्रायुधानां हरिकामु काणां यत्सहस्रं तेन संछादिता तिरोहिता अष्टदिग्भागाः ककुभां प्रदेशाः यस्मिन् तथाभूतम...(मेघाच्छन्न दिन की तरह) जिसमें दिशाओं के आठों भाग इन्द्र के हजारों धनुषों से ढके हुए हैं। अव...कलापस्य अवलम्बिताः स्थूल-मुक्तनां कलापाः गुच्छाः वा यस्मिन्—जिसमें मोतियों के बड़े २ गुच्छे लटक रहे थे। यह और आगे के अन्य षष्ठ्यन्त पद दुकूल वितानस्य (रेशमी वितान) के विशेषण हैं। कनक··· चतुष्टयस्य--कनक शृंखलाभिः नियमित मणिदण्डिकाचतुष्टयं यस्य—जिसके रत्न जटित डण्डे सोने की जञ्जीर से बंधे हैं। गगन···पाण्डुरस्य—आकाश गङ्गा के फेन के समूह के समान उज्ज्वल। इन्दुः···निषण्णाम्—चन्द्रकान्त मणि की चौकी पर बैठे हुये।

पृष्ठ ५७—उद्धू य···कलापम--उद्धूयमानः वीज्यमानः कनक-दण्डचामराणां कलापः समूहः यस्मिन्—सोने के डण्डों वाली चमरों के समूह जिस पर डुलाये जा रहे हैं। उन्मयूख... प्रणते—उद्गता मयूखाः किरणाः यस्य तत् उन्मयूख मुखं तस्य कान्तयः तासां विजयः तेन पराभव तेन प्रणते पादसंलग्ने (शशिनि)—ऊपर की तरफ निकलने वाली किरणों वाले मुख की कान्ति के विजय से होने वाली पराजय के कारण मानो चरणों पर गिरे हुए (चन्द्रमा के समान) स्फटिकपादपीठे—स्फटिक की

बनी चौकी पर। इस और आगे के पदों में राजा के नखशिख का वर्णन है। प्रणत आदि—नीलम के फर्श के संपर्क से काले पड़ने वाले नखों के सम्बन्ध में उत्प्रेक्षा की गई है कि वे मानों चरणों में गिरने वाले शत्रुओं की दीर्घ निश्वासों से काले होगये हैं। आसनो...विराजमानम्—आसन में जड़े हुए पद्मराग रत्नों की प्रभा से लाल रङ्ग की दोनों जंघाओं से शोभित वह विष्णु के सदृश था, जिनकी दोनों जंघायें तत्काल मारे हुए मधु और कैटभ के रक्त से लाल हैं। आसनात् उल्लसिता ऊर्ध्वं स्फुरिता ये पद्मरागास्तेषां आसनगतलोहित मणीनां किरणाः तैः पटलीकृतेन रक्तीकृतेन। गोरोचना...पर्यन्ते (दुकूले का विशे०) गोरोचनया लिखितानि हंसमिथुनानितैः सनाथःयुक्तःपर्यन्तः प्रान्तभागः ययोः-- जिसके किनारों पर पीली गोरोचना से हंसमिथुनों के चित्र बने हुए थे। चारु...दशे--चारुः चामरस्य पवनः तेन प्रनर्तिता आंदोलिता दशा ययोः तौ-चामर की मन्द पवन से नाचने की दशा को प्राप्त होने वाले। अतिसुरभि...स्थलम्--अतिसुरभि चन्दनानुलेपेन धवलितं उरःस्थलं यस्य-जिसका वक्षस्थल अत्यन्त सुगन्धित चन्दन के लेप से धवल है। उपरि...स्थासकम्—उपरि विन्यस्ता कुंकुमस्य स्थासकाः—जिसके ऊपर केशर का स्थासक लगा है। केशर को घोल कर उससे बनाई जाने वाली चित्रावली को कुंकुमस्थासक कहते हैं। चर्चा तु चार्चिक्यं स्थासकः--इत्यमरः (२।६।१२२) अन्तरा...च्छेदम् (कैलास का विशे०) अन्तरा अन्तरा मध्ये निपतिता पर्यस्ता बालातपस्य छेदाः खण्डाः यस्मिन्—जिस पर स्थान स्थान पर प्रातःकालीन सूर्य का धूप पड़ रहा है। अपरः...परिवेषम्—उसके मुख के चारों ओर मोतियों की माला ऐसी प्रतीत होती थी मानों नक्षत्रों के समूह भ्रमवश मुख को दूसरा चन्द्रमा समझ कर उसे घेरे हुए हों।

वयः...शिरसा—वयसः परिणामेन वार्धक्येन पाण्डुरं शिरः यस्य सः तेन—वृद्धावस्था के कारण जिसका सिर सफेद हो गया था। यह और अन्य तृतीयान्त पद 'पुरुषेण' के साथ सम्बद्ध हैं। रक्तराजीवेक्षणापाङ्गेन—रक्त कमलवत् नेत्रापाङ्गौ लोचन प्रान्तौ यस्य तेन—जिसकी आखों के किनारे लाल कमल की तरह लाल थे। अनवरतः...तय नित्य व्यायाम शारीरिक श्रम करने के कारण। यौवन संधिना-जिसके शरीर के जोड़ ढीले नहीं हैं, यद्यपि उनका यौवन बीत गया है। सत्यपि... कृतिना-चाण्डाल होकर भी जिसकी आकृति क्रूर नहीं थी। अनुगृहीतार्यवेषेण-अनुगृहीतः स्वीकृतः आर्यस्य वेषो येन तेन-भले आदमियों का सा वेप धारण किए हुए। महाकुलीकुलनाऽऽर्य-सभ्य सज्जन साधवः' इत्यमरः (२।७।६) अधिष्ठित पुरोभागाम् जिसका अग्रभाग घिरा हुआ था, अर्थात् जिसके आगे चल रहा था (पुरुष) 'आकुलाकुल' आदि 'चाण्डाल दारकेण' का विशेषण है। आकुला...धारिणा-चञ्चल काकपक्ष वाला। काकपक्ष-कानों की तरफ, कनपटी पर लटकने वाले बालों के गुच्छे, जुल्फें, कौए के पंखों की तरह दिखाई देने के कारण काकपक्ष कहलाते हैं। 'बालनां तु शिखा प्रोक्ता काकपक्ष शिखण्डिका' इति हलायुधः। कनक...मुद्वहता-लोहे की सीखों का बना होकर भी अन्दर बन्द तोते की हरी चमक से हरा दिखाई देने के कारण पन्ने का सा बना पिंजरा लिए हुए। असुर...कुर्वतीम्-असुरों के द्वारा ले लिए गये अमृत को वापिस लेने के लिए छल से चतुर विलासिनी (स्त्री—मोहिनी रूप) का रूप धारण करने वाले विष्णु भगवान् के समान जो काली होने के कारण प्रतीत होती थी। पटुः—चतुरः, मनोज्ञः—चतुर, आकर्षक, सुन्दर। यहां बाण ने अमृतमंथन' कथा की ओर संकेत किया है, जिसमें

वर्णन है कि विष्णु भगवान ने मोहनी रूप धारण करके दैत्यों से अमृत का कलश ले लिया और उसे देवताओं को दिया। संचारिणी...पुत्रिकाम्-चलती फिरती नीलम की पुतली सी 'पञ्चालिका पुत्रिका स्यात् वस्त्रदन्तादिभिः कृता' इत्यमरः (२।१०।२६)। अगुल्फा...शरीराम्...नीचे टखनों तक लटकने वाले वस्त्र से ढके शरीर वाली। 'तद्ग्रन्थी घटिके गुल्फौ' इत्यमरः। उपरिगुण्ठानाम्--(इस नीले वस्त्र के) ऊपर जिसने लाल रेशम का घूंघट लगा रक्खा है।

पृष्ठ ४६—नीलो···तपाम्—सायंकालीन (लाल) धूप पड़ने वाले नील कमलों के समूह के समान। एककर्ण···मण्डलम्—एककर्ण अवसक्तं लग्नं दन्तपत्रं कर्णाभरण विशेषः तस्य प्रभया धवलितं कपोलमण्डलं यस्याः सा ताम्—एक ही कान में लगे हुए दन्तपत्र की चमक से जिसका कपोल मण्डल श्वेत दिखाई दे रहा था। दन्तपत्र-कर्णाभरण, पत्ती की तरह होता था, शायद पहले यह हाथी दांत का बनता था, इसलिए इसे दन्तपत्र कहते थे। उद्यदिन्दु...विभावरीम् – उद्यन् इन्दुः तस्य किरणैः छुरितं मुखं यस्या सा ताम्—उदित होते हुए चन्द्रमा की किरणों से लिप्त मुख वाली रात्रि के समान। कृष्णवर्णा चाण्डाल कन्या काली रात्रि के समान है और उसका चमकीला दन्तपात्र चन्द्रमा के समान है। आकपिल...लोचनाम्-आकपिला इषत् पिशङ्गवर्णा या गोरोचना तया रचितः तिलकः विशेषक एव तृतीयं लोचनं ग्रस्यया सा ताम्-कुछ भूरे रङ्ग के गोरोचन से (माथे पर लगे हुये) बनाये हुये, और तीसरे नेत्र के समान प्रतीत होने वाले, तिलक (को धारण करने) वाली। ईशान...भवानीम्···शिव के द्वारा धारण हुए किरातवेष के अनुकरण पर किराती का वेष धारण करने वाली पार्वती के समान।

'असामान्य'। राजलक्ष्मी को साधारण और असाधारण एक साथ बताना विरोध है। लेकिन श्लेष से निकलने वाले उपर्युक्त अर्थ से विरोध की शान्ति हो जाती है। अपरिमित··· अद्वितीयम्—अगणित अनुयायियों से घिरे होकर भी वह अकेला (अद्वितीयम्) था अथवा ऐसा था जिसके समान कोई न हो। अनन्त···सहायम्—हाथी और घोड़ों के असंख्य बल के होते हुये भी एक मात्र तलवार ही उसकी सहाय थी अर्थात् वह संग्राम में केवल तलवार से ही शत्रुओं को जीतता था हाथी, घोड़ों की उसे आवश्यकता नहीं थी।

पृष्ठ ५८—एक देश···मण्डलम्—एक स्थान में रहकर भी वह अपने बल से सर्वत्र व्याप्त था अर्थात् सारी भूमि पर शासन करता था। आसन···निषण्णम्—सिंहासन पर बैठा हुआ होकर भी वह अपने धनुष पर बैठने वाला था (अर्थात विजय के लिए केवल अपने धनुष पर ही आश्रित रहता था।) उत्सादित...नलम्—शत्रु रूपी ईंधन को जला देने पर भी जिसकी प्रतापाग्नि जल रही थी। आयत...दर्शनम्—उसकी आंखें बड़ी होकर सूक्ष्म (सूक्ष्म दृष्टि वाली) थीं। महादोष··· अधिष्ठानम्—बड़े २ दोषों वाला होकर भी वह गुणों का आगार था; महादोष (बड़ी भुजाओं वाला (दोः=भुज)। कुपति-वल्लभम्—कुपति (बुरा पति या पृथ्वीपति, कु=पृथ्वी) होते हुए भी वह अपनी पत्नियों का वल्लभ था। अविरत...मदम्-हरदम दान [मद, (नशा) या दान] देते हुए भी (मदवाला होकर भी अहंकार से रहित था। अति...चरितम्—अत्यन्त शुद्ध स्वभाव वाला होकर बुरे (कृष्ण—काले) चरित्र वाला अर्थात् कार्यों से भगवान् कृष्ण के समान था। अकर...तलम् बिना हाथों वाला (कर--हाथ अथवा टैक्स देने वाला) होकर भी सारा भुवन

हाथ में था अर्थात् स्वयं किसी को कर नहीं देता था और सारी पृथ्वी पर उसका शासन था।

प्रचलितरत्नवलयेन ('पाणिना का विशे०) प्रचलितानि रत्नवलयानि यस्य—जिसके रत्न जटित कंकण हिल रहे हों। रक्त...कोमलेन—लाल कमल दल के समान कोमल। जर्जरितमुखभागम्—जर्जरितो मुखभागां यस्याः—जिसका सिरा जर्जर हो गया है। नरपतिप्रतिबोधनार्थम्—राजा का ध्यान आकृष्ट करने के लिए। असकृत सभाकुट्टिमं आजघन-अनेक बार परिषद्वद्धभूमि। ताड़याकास—फर्श पर कई बार बेत की छड़ी पटकी। वेणुलता—बांस की पतली छड़ी, तद्राजकम्—वह राजाओं का एक समूह, एकपदे—अचानक। वन...शब्देन—जिस प्रकार ताल की ध्वनि से जङ्गली हाथियों का समूह चौंक पड़ता है। 'ताल' शब्द का अर्थ ताड़ का वृक्ष होता है। ताड़ के वृक्ष के गिरने की आवाज से जङ्गली हाथियों का ध्यान अचानक खिंच जाता है। भानुचन्द्र ने 'ताल' का अर्थ 'वाद्य विशेष' किया है। यह अर्थ हाथी पकड़ने के पूर्व में प्रचलित ढंग की ओर संकेत करता है। ताल का अर्थ यूथपति हाथी के कानों की फड़फड़ाहट से भी लगाया जा सकता है। युग...बदनम्—एक साथ मुंह घुमाकर। आकृष्य (चक्षुः)—दृष्टि हटाली। तदभिमुखम्—उसकी तरफ मुंह करके।

प्रधान वाक्य इस प्रकार है—अवनिपतिस्तु प्रतीहार्या निर्दिश्यमानां तां...अनिमिषलोचनो ददर्श। दूरादालोक्य—(प्रतीहारी ने चाण्डाल कन्या से कहा) दूर से दिखाओ। दूरात्...निर्दिश्यमानाम्—'दूर से दिखाओ' ऐसा कह कर राजा के सामने जो प्रतीहारी के द्वारा ले जाई गई। चाण्डाल कन्या होने के कारण वह राजा के अधिक समीप नहीं जा सकती थी।

जिसका यमुना के धोखे से (मानों) आलिंगन कर लिया गया हो। कृष्णवर्ण चाण्डाल कन्या, मानों, यमुना थी और हार गङ्गा की धारा। अब द्वयर्थक उपमायें हैं। शरद... लोचनाम्–खिले हुए कमल के समान उसके नेत्र थे (विकसित पुण्डरीकवत् लोचने यस्य:) अत: वह शरद के समान थी, जिसके कि खिले हुए कमल ही लोचन हैं (विकसितानि पुण्डरीकाणि एव लोचनानि यस्या:) अथवा जिसमें विष्णु अपने नेत्र खोलते हैं (विकसित: पुण्डरीक लोचन: विष्णु: यस्याम्) (शरदन्त में देवोत्थानी एकादशी पर विष्णु भगवान जाग पड़ते हैं) घनकेशजालाम्–(१) घनं केश पाश: यस्या: ताम्–घने बालों वाली (२) घना: मेधा: एव केश जाला: यस्या–बादल ही जिसके बाल हैं। प्रावृट्–वर्षा ऋतु। मलयमेखलाम्—मलय पर्वत के ढाल। चन्दनपल्लवावतंसाम्—(१) चन्दनपल्लवानां अवतंस: शेखर: यस्य:–जिसने सिर सजावट के लिए चन्दन के पत्ते लगा रक्खे हैं। (२) चन्दनपल्लवा: एव अवतंसा: यस्याम्—चन्दन के वृक्षों के पत्ते ही जिसमें अवतंस के समान हैं। नक्षत्रमालाम्—तारों का समूह। चित्र...भूषिताम्—(१) चित्राणि नाना प्रकाराणि श्रवणयो: आभूषणानि तै: भूषितां मण्डिताम्—कानों में भांति २ के गहने धारण करने वाली। (२) चित्रश्रवणाभरणै: नक्षत्रविशेषै: शोभितां, चित्राश्रवणे एव आभरणे ताभ्यां भूषितां इति व—चित्रा और श्रवण नाम के नक्षत्र (तारे रूपी गहने जिसे शोभित कर रहे हैं अथवा चित्रा श्रवण और भरणी नाम के नक्षत्रों से जो शोभित है। श्लेष में अकार और अकार का भेद नहीं रहता। अत: यहां चित्र और चित्रा एक ही शब्द मान लिए गये हैं। हस्तस्थितकमलशोभाम्–(१) हस्तयो: स्थिता कमलस्य शोभा यस्या: ताम्—कमलों

की शोभा जिसके हाथों में स्थित थी अर्थात् जिसके हाथ कमल की तरह कोमल और सुन्दर थे। (२) हस्ते स्थितं यत् कमलं तेन शोभा यस्याः ताम्—जो अपने हाथ के कमल से सुन्दर मालूम पड़ती है (लक्ष्मी)। मनोहारिणीम्-(१) विलोभनीयया आकृत्या चेतोहराम्-सुन्दर रूप के कारण चित्त को हरण करने वाली। (२) चेतोहराम-चेतना का अपहरण करने वाली (मूर्छा) अक्षतरूपसंपन्नाम्-(१) अक्षतेन रूपेण सम्पन्नाम्-अक्षप रूप सम्पत्ति से युक्त-(२) अक्षतरुभिः उपसम्पन्नम्-अक्ष (बहेड़ा) के वृक्षों से युक्त (अरण्यभूमि) दिव्ययोषितमिव-देवी की तरह। अकुलीनीम्-(१) नास्ति कलंयस्या तम् (अनभिजातां चाण्डालकुलोत्पन्नत्वात्-(चाण्डाल होने के कारण जो अच्छे कुल की नहीं है। (२ कौ पृथिव्यां लीना न भवित इति नाम्-(दिव्यत्वात्-पृथ्वी में न रहने वाली [(अ+कु+लीन) दिव्ययोषित्] लोचनग्राहिणीम्—अत्यद्‌भुद्रूपवशात् कामिजनस्य नेत्राकर्षिणीम्—अत्युद्भुत रूप होने के कारण नेत्रों को आकृष्ट करने वाली। नेत्रपुटसम्मेलनकारणीम्—आंखें बन्द कर देने वाली। अरण्य-कमलनीम्—जङ्गलीकमिलिनी। मातङ्ग कुलदूषिताम्—चाण्डाल (मातंग) कुल होने से दोषयुक्त। (२) मातङ्ग कुलेन करियूथेन दूषिताम् मर्दिताम्-हाथियों के समूह के द्वारा नष्ट की हुई।

पृष्ठ ६०—अमूर्तामिव स्पर्शवर्जिताम्—अमूर्त (रूपहीन) पदार्थों की तरह वह भी (उच्च कुल के मनुष्यों द्वारा) छुये जाने के योग्य नहीं थी। आलेख्य...फलाम्—केवल देखने भर के लिए बने चित्र की तरह वह भी केवल देख कर ही उपभोग किये जाने के योग्य थी। मधु...समृद्धिमिव—बसन्त ऋतु की पुष्प समृद्धि के समान। विजातिम्—(१) विगता उत्तमा जातिः यस्याः ताम्—नीच कुल की। (२) विगता जातिः जातिपुष्पाणि

किरात-एक जङ्गली जाति, नैपाल के पूर्व में हिमालय पहाड़ पर रहने वाले लोग किरात आज भी कहलाते हैं। 'भेदाः किरातः शबराः पुलिन्दाः म्लेच्छजातयः इत्यमरः, उरःस्थल... श्रियम्—उरःस्थल निवासेन संक्रान्ता नारायण देहप्रभा तया श्यामलितां लक्ष्मीमिव—हृदय में निवास करने वाले नारायण के शरीर की निकली हुई चमक से श्याम शरीर वाली लक्ष्मी की तरह। कुपितः-रतिम्-कुपितः हरः शिवः तस्य हुताशनः तृतीय नेत्रोद्भव अग्निः तेन दह्यमान मदनः तस्य धूमेन मलिनीकृता रति इव-क्रुद्ध शिव के तीसरे नेत्र से निकलने वाली अग्नि से जलते हुए कामदेव की धूम से मलिन शरीर वाली रति के समान। उन्माद...यमुनाम्-उन्मदः उत्कटमदः क्षीबः यो हली बलरामः तस्य हलेन आकर्षणं तस्मादभयं तेन प्रपलायितां यमुनामिव—नशे में चूर बलराम के हल के द्वारा खींचे जाने के भय से भागी हुई यमुना के समान। यमुना का जल काला होने के कारण चाण्डाल कन्या की उपमा यमुना से दी गई है। अतिबहल···पङ्कजाम्- अतिबहलः अतिप्रचुरः पिण्डालक्तकरस नस्य रागेण पल्लवितं पादपङ्कजं यस्याः— खूब गहरे रङ्ग के अलते से जिसके चरण कमलों के पास पंखड़ियों (पंक्तियों की रचना की गई है (अर्थात् जिसके कमल के से कोमल चरणों पर अलते से बनी हुई पत्तियों के रूप की सजावट है।) अचिर···कात्यायनीम्--अचिरं तत्कालं मृदितः महिषा-- सुरः तस्य रुधिरेण रक्तौ चरणौ यस्याः एवं विधां कात्यायनीं दुर्गां इव--तत्काल मारे हुए महिषासुर के रक्त से लाल चरण वाली दुर्गा के समान। आलोहिता...मयूखाम् -- आलोहितः ईषद्रक्ता या अङ्गुलिप्रभा तया पाटलिता श्वेतरक्तीकृता नखमयूखाः यस्या ताम्-,जिसके नखों की चमक अंगुलियों की कुछ लाल चमक

से पाटल (श्वेतरक्त) रङ्ग की हो रही ह। अतिकठिन... संचरन्तीम्--मानो अत्यन्त कड़े मणि जटित फर्श के स्पर्श को न सहकर पृथ्वी पर पत्तों के टुकड़े बिछा २ कर चलती हो। भाव यह है कि उसके नाखूनों की काक प्रभा पृथ्वी पर जब पड़ती थी तब ऐसा प्रतीत होता था मानों वह कड़ी जमीन पर नये लाल२ कोमल पत्तों को बिछा कर चलती हो, ताकि जमीन की रगड़ से उसके कोमल पैर छिल न जांय। आपिज......शरीरतया-, नूपुरमणिों की गुलाबी चमक जो कि ऊपर की ओर निकल कर फैल रही थी, सो सारा शरीर लिप्त होने के कारण। पावकेनेव...देहम्—मानो ब्रह्मा के शासन को भी न मान कर, रूप की तरफ ही झुक जाने वाले अग्नि भगवान के द्वारा जाति शुद्ध करने के लिए जिसकी देह आलिंगित हो। ब्रह्मा ने उसे चाण्डाल कन्या बनाकर अस्पृश्य कर दिया था। पर अग्नि भगवान ने मानों उनकी इस बात को मान कर उसे शुद्ध करने के लिये आलिंगन कर लिया। अग्नि में डालने से कोई भी पदार्थ शुद्ध हो जाता है। अनङ्ग...मानेन—(दाम्ना का विशे०) अनङ्गः मदनः एव वारणः गजः तस्य शिरसि भूषणार्थ या नक्षत्रमाला तद्वत् आचरति तेन नक्षत्रमाला स्यात्--सत्ताइस नक्षत्रों की तरह सत्ताइस मोतियों की माला। कामदेव रूपी हाथी के शिर की नक्षत्रमाला सी प्रतीत होने वाला। सैव नक्षत्रमाला स्यात् सप्तविंशतमौक्तिकैः' इत्यमरः। रोम... बालकेन--('दाम्ना' से संबंध, रोमावली रूपी लता की क्यारी के समान। मेखला...स्थलाम्–जिसकी कटि के चारों ओर करधनी (तगड़ी) पड़ी हुई हैं। जघन–पेट का नाभि से नीचे का भाग। अतिस्थथूल...कृतकण्ठग्रहाम्–बड़े मोटेर मोती के दानों से बनाए हुए स्वच्छ हार रूपी गङ्गा की धारा के द्वारा

घटना। आख्यानक–इतिवृत्त। सुभाषित–वाग्वैदग्ध्यपूर्ण वार्ता। अध्येता–अध्ययन करने वाला। स्वयं च कर्ता–और स्वयं रचना करने वाला। परिहासालापपेशलः–विनोद और परिहास की बातचीत करने में चतुर। वेणु–वंशी। मुरज–ढोल अथवा मृदङ्ग। असमः श्रोता–अद्वितीय सुनने और समझने वाला। नृत्य...निपुणः–नृत्य को समझने और करने में चतुर। चित्रकर्मणि–चित्रकला में। द्यूत...प्रगल्भः–जूआ खेलने में चतुर। प्रणय...चतुरः–प्रणय कलहेन कुपिता या कामिनी स्त्री तस्याः प्रसादनस्य सान्त्वनस्य उपाये चतुरः—प्रेम में कुपित हो जाने वाली रमणियों को मनाने में चतुर।

पृष्ठ ६१—गजः...अभिज्ञः—हाथी, घोड़े, स्त्री, पुरुष के शारीरिक लक्षणों का सामुद्रिक शास्त्रोक्त ज्ञान रखने वाला। इतिकृत्वा–ऐसा समझ कर (कि यह तोता पृथ्वी का सर्वश्रेष्ठ रत्न है और महाराज रत्नों के श्रेष्ठ पात्र हैं।) आत्मीयः क्रियताम्-अतः इसे अपना बनाइये।

अपसृते–दूरीभूते–उसके हट जाने पर। उन्नमय्य–उठाकर। अतिस्पष्ट...गिरा–ऐसी वाणी से जिसमें वर्ण, स्वर और संस्कार (व्याकरण संबंधी) स्पष्ट हैं। संस्कारः व्याकरणजन्याशुद्धिः। कृतजयशब्दः–'जय हो' ऐसा शब्द कह कर। आर्या एक प्रकार का छन्द।

मुख्य वाक्य इस प्रकार है-भवतो रिपुस्त्रीणां स्तनयुगं-व्रतमिव चरति'–आपके रिपुओं की स्त्रियों के स्तनयुग मानों व्रत कर रहे हो। अन्य पद 'स्तनयुगम्' के विशेषण हैं। अश्रुस्नातम्-आंसुओं से नहाये हुए। समीप...शोकाग्नेः–हृदय में जलने वाली शोक रूपी अग्नि के पास रहने वाले (तुम्हारे द्वारा अपने

पति के मारे जाने से।) विमुक्ताहारम्—विगतः मुक्ताहारः यस्मात्—मोतियों के हार से शून्य। विमुक्तं आहारं भोजनं येन-भोजन छोड़ देने वाले। राजा के प्रताप का वर्णन है। राजा के द्वारा मारे हुए शत्रुओं की रानियों के स्तनयुग शोकाग्नि के पास रहते हैं, आंसुओं से गीले रहते हैं और मोतियों के हार से शून्य होकर मानों व्रत करते हों। व्रत वाला व्यक्ति भी स्नान, अग्निसेवन और उपवास करता है।

७—संध्या वर्णनम्

कादम्बरी से लिये गये इस अंश में तपोवन में संध्या समय के दृश्य का वर्णन है। यह संध्या-वर्णन समस्त संस्कृत साहित्य के कुछ अत्यन्त उत्कृष्ट दृश्य-वर्णनों में से एक है। सारा का सारा वर्णन इतना विशद है कि यह पाठक के कल्पना चक्षुओं के सामने संध्या का मूर्तिमान् दृश्य उपस्थित कर देता है। इस अवतरण से इस बात का प्रमाण मिलता है कि बाण में, प्रकृति का अतिसूक्ष्म-निरीक्षण करके उसके वास्तविक रूप का अत्यन्त, स्पष्ट; विशद और विस्तृत रूप से चित्रण करने की महाकवि जनोचित सामर्थ्य बहुत अधिक थी। धीरे २ समस्त भूमण्डल पर छा जाने वाली रात्रि का वर्णन तत्सम्बन्धी अनेक रूप व्यापारों की यथार्थ योजना द्वारा किया गया है। अस्त होते हुये सूर्य, सायं कालीन अरुणिमा का धीरे २ लुप्त होना संध्याकलीन, अरुणक्षितिज छोटे २ और प्रकाशयुक्त तारों का क्रमिक आविर्भाव, रात्रि का आगमन, अन्धकार का प्रसार, चन्द्रमा का उदित होना और फिर चंद्रिका धौत धरा-धाम का

मालतीपुष्पाणि यस्याः ताम्—चमेली के (अथवा मालती के) पुष्पों से रहित। अनङ्गकुसुमचापलेखामिव—कामदेव के पुष्प धनुष के समान। मुष्टिग्राह्यमध्याम्—(१) मुष्टिग्राह्यः अतितनुः मध्यः कटिप्रदेशः यस्याः ताम्—जिसकी कमर इतनी पतली है कि मुट्ठी में पकड़ी जा सकती है। (२) मष्टिना ग्रहीतुं योग्यः मध्यः यस्याः ताम्—जिसका मध्मभाग मुट्ठी से पकड़े जाने के योग्य है। यक्षाधिपतिलक्ष्मीमिव–कुबेर की लक्ष्मी (धन समृद्धि) के समान। अलकोद्भासिनीम्—(१)अलकैः कुन्तलैः उद्भासेत इत्येवंशीलाम्—घुंघराले बालों से शोभित। (२) अलकायां यक्षाधिपतिपर्यां उद्भासते इत्येवंशीलम्—कुबेर की अलका नगरी में शोभित होने वाली। अचिरोपरूढ़यौवनाम्–अभी जल्दी ही जिस पर यौवन छा गया है। अतिशयरूपाकृतिम्–जिसकी आकृति (शरीर की वाह्य रूपरेखा) और सौन्दर्य बहुत अधिक है। अनिमेषलोचनः–(नरपति का विशे०) टकटकी बांधकर।

अहो...प्रयत्नः–अहो। ब्रह्मा ने उचितपात्र में ऐसा रूप बनाने का प्रयत्न नहीं किया। यदि नाम इयं आत्म...उत्पादिता—यदि इसको ऐसे रूप की ही ब्रह्मा को बनाना था जो कि (रूप) सभी अन्य रूप वाले पदार्थों का उपहास करता है। किमर्थम्... जन्म–तो इसे ऐसे कुल में जन्म क्यों दिया जिसका स्पर्श नहीं किया जा सकता अर्थात् जिसमें उत्पन्न होने वाले व्यक्ति से स्पर्श का सुख नहीं किया जा सकता। मन्ये...प्रजापतिना–मैं समझता हूँ कि चाण्डाल जाति के व्यक्ति को छू लेने से लगने वाले दोष के भय से ब्रह्मा ने इसे बिना छूये हुए ही बनाया है। भाव है–ब्रह्मा ने इसे हाथों से नहीं बनाया प्रत्युत कल्पना से ही बनाया है। (कल्पना यथार्थ से अधिक सुन्दर होती है।) अन्यथा...लावण्यस्य—नहीं तो ऐसा अक्षत और पूर्ण रूप कैसे

हो सकता है। नहि...कान्ति–क्योंकि शरीर के ऐसे अङ्गों में, जोकि हाथ के स्पर्श से मुरझा जाते हैं, ऐसी कान्ति कहां हो सकती है। अर्थात् हाथ से स्पर्श से जो चीज़ (बनाते समय) मुरझा जाती है, उसमें ऐसी कान्ति आ ही नहीं सकती। सर्वथा...कारिणम्–असमान वस्तुओं (सुन्दर रूप और नीच कुल) का संयोग कराने वाले ब्रह्मा पर धिक्कार है। अति-मनोहरा...सुरता–अत्यन्त सुन्दर रूप की होते हुए भी इसके साथ सुरत (संभोग व्यापार) सदा निन्दनीय है (सततं निन्दतं सुरतं यस्याम्) जैसे असुरों की राजलक्ष्मी हो जो कि सुर समूह से द्वेष करने वाली है (सततं निन्दिता सुर समूहः यया।) उद्वेजयति–खेद और निराशा से उद्विग्न करती है। ईषत्... तंसा–ईषत् किंचित् अवगलितः आवर्जितः कर्णपल्लवः कर्णे स्थितः पल्लवावतंसः यस्याः सा–जिसके कान में लगा हुआ पत्तियों का गहना कुछ नीचे लटक आया है। प्रगल्भवनिता–प्रौढ़ा स्त्री। राज्ञे न्यवेदयत्–राजा के सामने उपस्थित किया। विदितसकलशास्त्रार्थः—जोकि व्याकरण, न्याय, मीमांसा आदि सभी शास्त्रों को जानता है। राजनीति प्रयोग कुशलः–राजनीति के व्यवहार में कुशल। पुराण...निपुणः–इतिहास और पुराण की कथा कहने में चतुर। वेदिता...श्रुतीनाम्–जो संगीत और उसकी श्रुतियों को जानता है। 'श्रुति' संगीत शास्त्र का पारिभाषिक शब्द है। दो स्वरों के बीच में स्थित, स्वरों के अवान्तर भेद जिनसे कोमल, अतिकोमल, तीव्रतर, तीव्रतम इत्यादि रूप बनते हैं। षड्ज, मध्यम और पञ्चम की चार २ ऋषभ और धैवत की तीन २ तथा गन्धार और निषाद की दो दो श्रुतियां हैं। इस प्रकार श्रुतियों की पूर्ण संख्या २२ है। समानश्रुतिक स्वर परस्पर वादी संवादी होते हैं। आख्यायिका–

दृश्य आदि २ ऐसे ही अनेक रूप व्यापार हैं। प्रकृति के भिन्न २ उपकरणों में मानव भावों और व्यापारों की ऐसी सजीव प्रतिष्ठा की गई है कि वे हमें हमारे ही जैसे आकार प्रकार के रक्त-मांस निर्मित चेतन प्राणी प्रतीत होते हैं। रात्रि, मानो, (मित्र) सूर्य के नाश से ही दुखी होकर काली है। संध्या मानो सूर्य के शोक में ही अन्धकार का काला आवरण पहन रही है। कमल-कलिकायें मानो अपने प्रियतम सूर्य के शोक में ही दुखी होकर, एक पतिव्रता नारी की भांति व्रत का आचरण कर रहीं हैं। देश काल की परिस्थिति के प्रति अपनी जागरूकता दिखाने के लिए बाण ने आश्रम में आने वाली इस संध्या को एक तपोवन-वासी ऋषि की दृष्टि से ही देखा है। अतः वर्णन में ऐसे चित्रों, कल्पनाओं और उत्प्रेक्षाओं की बहुलता है जो कि एक आश्रमवासी ऋषि के ही सहज, सरल मन में आ सकती है। सूर्य अपने पाद (किरण) इसलिए संहृत कर लेता है कि कहीं उदीयमान परमपूज्य सप्तर्षि मण्डल का पैरों से स्पर्श न हो जाय और दोष लगे। वृक्षों पर इधर पड़ने वाली सान्ध्य अरुणिमा ऐसी है मानो वृक्षों पर ऋषियों ने अपने वल्कल वस्त्र टांग रखे हों। आकाश में उदित होता चन्द्रमा मानों स्वर्ग रूपी आश्रम में तप करने वाला एक तपस्वी है। अन्धकार के द्वारा संसार के सभी पदार्थों के काले हो जाने और केवल ऋषियों के अन्तःकरण के उस कालिमा से बचे रहने की कल्पना जहां एक ओर कवि जनोचित है वहीं दूसरी ओर दार्शनिक भी। सारे वर्णन में एक और उल्लेखनीय विशेषता है कि इनमें आदि से अन्त तक कहीं भी शृङ्गारिक कल्पनायें नहीं हैं। जो कि संस्कृत साहित्य के अन्य प्रकृति वर्णनों में अधिकांश पाई जाती हैं यद्यपि सायंकालीन कमल-

कलिकाओं का वर्णन विरह विधुरा नायिका के रूप में किया गया है, फिर भी इसमें, उसे व्रत में संलग्न तपस्विनी की भांति कह कर, पवित्रता के भाव भर दिये गये हैं। सारे वर्णन में, बीच २ में, ऐसी सुन्दर और अद्वितीय उपमायें रत्नों की भांति जटित हैं कि इच्छा होती है कि बाण का अनुकरण कर इस उपमा-रत्न-जटित वर्णन की उपमा उसी तारक-रत्न-खचित आकाश से दें जिसका कि बाण ने इसमें वर्णन किया है। संक्षेप में, यह सन्ध्या वर्णन बाण की नवनवोन्मेषशालिनी और विषयोपयुक्त कल्पना शक्ति का एक भव्य उदाहरण है।

पृष्ठ ६१—परिणतः—अवसानं प्राप्तः, समाप्त हो गया। अर्घविधिम्—पूजाविधिम्—पूजा को। उपपादयता—कुर्वता—करते हुए। स्नानोत्थितेन...रविरुदवहत्—सान्ध्य आकाश में लाल सूर्य ऐसा दिखाई दिया मानों सूर्य ने साक्षात् उस लाल चन्दन के उस अङ्गराग को ग्रहण किया जो कि पृथ्वी में स्नान करके जल से बाहर निकले हुए, सूर्य की पूजा करते हुए ऋषियों ने दिया था। विरलातपो दिवसस्तनिमानमभजत्—कम होते हुये प्रकाश वाला दिन क्षीणता को प्राप्त हुआ। तनिमन्= तनु+इमनिच्। परिपीयमानः तेजः प्रसरः—परिपीयमानः तेजसः प्रसरः यस्य सः—(क्योंकि) इसके प्रकाश का प्रसार, मानो पी लिया जा रहा है। तपोधनैः—तपस्वियों के द्वारा (वे जिनका तप ही धन है, तप एव धनं येषां तैः) ऊर्ध्वमुखैः—ऊपर मुँह किये हुए। यह और आगामी तृतीयान्त पद 'तपोधनैः' से संबद्ध है। अर्कबिम्बविनिहितदृष्टिः—अर्कबिम्बे सूर्यमण्डले विनिहिताः सक्ताः दृष्टयो येषां तैः—उनसे जिनकी दृष्टि सूर्य के बिम्ब में लगी हुई है। ऊष्मपैः—ऊष्मं ऊष्माणं पिबन्ति तैः-सूर्य के ताप को पीने वाले (यह एक प्रकार की तपस्या है)। उद्यत्सप्तर्षिसार्थस्पर्शपरि-

जिहीर्षयेव—उद्यन् सप्तर्षीणाम् सार्थः समूहः तस्य स्पर्शः तस्य परिजिहीर्षा परिहर्तुमिच्छा तया—उदित होते हुए सप्तर्षिमण्डल का पैरों से स्पर्श बचाने की इच्छा से। संहृतपादः—संहृताः पादाः किरणाः वा येन—जिसने अपने पाद (पैर या किरण) समेट लिए हैं। भाव यह है सायंकाल सूर्य ने अपनी किरणें समेट ली हैं। कवि ने उत्प्रेक्षा की है कि सूर्य ने अपने पाद इसलिए समेट लिए हैं कि सन्ध्या समय उदित होते हुए सप्तर्षियों को कहीं पैर न लग जाए। ऋषि को पैर से छूने में पाप लगता है। पारावत चरणपाटलरागः—कबूतर के पैर की तरह।

पृष्ठ ६२—अम्बरतलात् अलम्बत—अकाश से नीचे लटकने लगा। आलोहितांशुजालं प्रतिमागतं अपरार्णवे सूर्यमण्डलम्—लाल किरण समूह वाला सूर्य, जिसका प्रतिबिम्ब पश्चिम समुद्र में पड़ रहा था। मधुभिदः नाभि नलिनं इव अलक्षत—मधु को मारने वाले विष्णु के नाभि कमल के सदृश दिखाई दिया। जलशयनगतस्य—(मधुभिदः का विशे०) जल में शयन करने वाले। विगलन्मधुधारम्—(नाभिनलिनं का विशे०) विगलन्ती मधुनो धारा यस्मात्—जिससे मधु की धारा निकल रही है। आलोहितं अंशुजालं यस्य। सूर्य का लाल बिम्ब नाभि में उगे हुए कमल के समान है और उसका किरण समूह कमल से निकलती हुई मधु की धारा के समान है। दिवसावसाने रविकिरणाः—दिन का अन्त होने पर सूर्य की किरणें। विहाय धरणितलं उन्मुच्य कमलिनी वनानि—पृथ्वी के तल को छोड़कर और कमलिनिया के समूह का परित्याग करके। तपोवन...अकुर्वत—तपोवन के वृक्षों के शिखरों पर और पर्वत की चोटियों पर कुछ देर के लिए। ये सभी पद 'शकुनय इव'

के साथ भी लगते हैं। शकुनय इव—जिस प्रकार पक्षी दिवसावसान में पृथ्वीतल और कमलवन को छोड़कर वृक्षों और पहाड़ों पर बसेरा करते हैं। आलग्नरक्तातपच्छेदाः—('आश्रम तरवः' का विशे०) अलग्ना रक्तातपस्यच्छेदाः पुञ्जाः येषु—जिनमें स्थान २ पर लाल धूप पड़ रहा है। क्षणं अशोभन्त—क्षण भर के लिए शोभित हुए। मुनिभिः आलम्बितालोहित वल्कला इव—जिन पर मुनियों के द्वारा लाल वल्कल वस्त्र लटका दिए गए हैं।

सहस्रदीधितिः—हजारों किरणों वाला सूर्य। पाटला संध्या समदृश्यत—गुलाबी रङ्ग के प्रकाश वाली संध्या आई। 'पाटला' विद्रुमलता का विशेषण भी है। अपरार्णवतलादुल्लसन्ती पाटला विद्रुमलता इव—पश्चिम समुद्र के तल से ऊपर उठती हुई लाल रङ्ग की मूंगे की लता के समान। यस्याम्—सन्ध्यायाम्—जिस संध्या में। आवध्यमानध्यानम्—आवध्यमानं ध्यानं यस्मिन्—जिसमें सभी लोग ध्यान बांध रहे। यह और आगामी पद 'आश्रम पदं' के विशे० हैं। एकदेश...मनोहराम्—एकदेशे दुह्यमाना या होमार्था या होमस्य वा धेनवः तासां दुग्धधाराणां यत् ध्वनितम् शब्दः तेन अतिमनोहरम्—एक स्थान पर दुही जाने वाली गायों की दूध की धार से निकलने वाली ध्वनि से सुन्दर। अग्निहोत्र...कुशम्—अग्निहोत्र वेद्यां विकीर्यमाणाः हरित्कुशाः यस्मिन्—जिनमें अग्निहोत्र की वेदी पर हरी हरी कुशायें फैला रक्खी हैं। ऋषिकुमारकाभि...सिक्थम्—विक्षिप्यमाणाः दिग्देवताभ्यः बलिसिक्थाः यस्मिन्—जिसमें ऋषि की कन्याओं के द्वारा दिशाओं के देवताओं के लिए दिया जाने वाला बलि का अन्न चारों तरफ रक्खा जा रहा है। क्वापि विहृत्य...मुनिभिरदृश्यत्—लाल आंखों वाली (लोहित तारका)

और गुलाबी (पाटला) संध्या मानों दिन के अन्त में इधर उधर बिहार करके लौटी हुई ऋषियों के द्वारा देखी गई जैसे कि तपोवन की धेनु हो जो कपिल वर्ण की, लाल आंखों वाली और दिन भर इधर उधर घूम कर चर कर लौटी हो। आगे कवि 'रवि' और 'कमलिनी' का वर्णन नायक नायिका के रूप में करता है। अचिरप्रोषिते सवितरि कमलिनी...आचरत्—अभी २ सूर्य के चले जाने पर (परदेश अथवा अस्ताचल को), मानों कमलिनी पुनः समागम के लिए व्रत कर रही है। शोक विधुरा—शोकेन विधुरा—शोक से अत्यन्त दुखी। यह और अन्य पद कमलिनी के विशेषण हैं। कमलमुकुलकमण्डलुधारिणी—कमल मुकुलमेव कमण्डलुः तं धारयति—कमल की कली रूपी कमण्डलु धारण करने वाली। हंससितदुकूलपरिधाना—हंसाः एव सितदुकूलं परिधानं यस्याः सा—हंस रूपी श्वेत दुकूल वस्त्र को धारण करने वाली। मृणालधवलयज्ञोपवीता—मृणाला एव धवलं यज्ञोपवीतं यस्याः सा—मृणाल (कमलनाल के तन्तु) रूपी श्वेत यज्ञोपवीत को धारण करने वाली। मधुकरमण्डलाक्षवलयमुद्वहन्ती—भ्रमर रूपी रुद्राक्ष की माला को धारण करने वाली। अपर...धारयत्—सूर्य जब पश्चिम के समुद्र में गिर पड़ा, तब आकाश में तारे निकल आये, ये तारों के समूह, मानों, जल बहुत अधिक उठे हुए छींटे हैं जो कि सूर्य के बड़ी जोर से पश्चिम समुद्र में गिरने से उठे और आकाश तक पहुँच कर वहां चारों ओर छा गए। अचिराच्च...वियदराजत—शीघ्र ही तारों से भरा आकाश इस प्रकार शोभित हुआ, मानों, सिद्धों की (देवयोनि विशेष) कन्याओं द्वारा संध्या के समय पूजा में चढ़ाये हुए पुष्पों से भरा हो। तारका संजाता अस्य तारकितम् 'तारकादिभ्यः इतच्'। क्षणेन...संध्यारागः—क्षण भर

में ही संध्या का प्रकाश मिट गया, मानों ऊपर की ओर मुख किए हुए ऋषियों के द्वारा ऊपर की ओर फेंके हुए। प्रणामार्थ दी हुई जल की अञ्जलियों के जल से धुल गया हो।

पृष्ठ ६३—क्षयमुपगतायां...अवत्–सन्ध्या के नष्ट हो जाने पर उसके विनाश से, मानो, दुखी रात्रि ने काले मृग चर्म के समान अन्धकार का आवरण ओढ़ लिया। अपहायमुनिजन हृदयानि—केवल मुनियों के हृदय को छोड़कर, सर्व...अनयत्–अन्धकार ने प्रत्येक वस्तु को काला कर दिया, सर्वत्र अन्धकार फैल गया। क्रमेण च...उपलभ्य—सूर्य अस्त हो गया है, ऐसा समाचार (उदन्त) पाकर–'वार्ता प्रवृत्तिर्वृत्तान्त उदन्तः स्यात्' इत्यमरः। मुख्य वाक्य इस प्रकार है 'अमृत दीधितिः (चन्द्रः) गगनतलं अध्यतिष्ठत्–अमृत की किरणों वाला चन्द्रमा आकाश तल में स्थित हो गया। 'जातवैराग्यः और अन्य प्रथमान्त पद श्लिष्ट हैं। इनका अर्थ चन्द्रमा और तपस्वी दोनों पक्षों में लगता है। (१) जातं वैराग्यं विशिष्टरागता तस्मिन् सः–बहुत अधिक लालिमा वाला। (२) जातं वैराग्यं विरागस्य भावः यस्मिन् सः—वैराग्य धारण करने वाला। (१) धौतदुकूलवल्कलधवलाम्बरः—(१) धौतदुकूलवल्कलवत् निर्मलं अम्बरं आकाशं येन (कृतं) सः—जिससे आकाश धुले हुये स्वच्छ दुकूल वल्कल वस्त्र के समान निर्मल हो गया है। (२) धौतं दुकूलमिव वल्कलमेव धवलं अम्बरं वस्त्रं यस्य सः—धुले हुये स्वच्छ रेशमी वस्त्र का सा वल्कल वस्त्र पहने हुये। सतारान्तः पुरः–ताराः तारका एव अन्तः पुराणि तारान्तःपुराणि तैः सह—जिसके अन्तःपुर में तारे (नक्षत्र) अथवा तारा नाम की बृहस्पति की पत्नी जिसका चन्द्रमा ने अपहरण किया था, है। तारा–

अश्विनी, भरणी आदि सत्ताइस नक्षत्र हैं। पौराणिक गाथाओं के अनुसार सत्ताइस नक्षत्र चन्द्रमा की पत्नी हैं। (२) सतार सगुण ब्रह्म सहितं अन्तःपुरं हृत्पुण्डरीकं अन्तर्वेश्म यस्य समाधिनिष्ठः इत्यर्थः-जिसका अन्तःकरण ब्रह्म के ध्यान में लीन है। 'तमालवनलेखम्' और अन्य द्वितीयान्त पद एक पक्ष में गगन तल और दूसरे पक्ष में आश्रम से सम्बद्ध हैं। पर्यन्तस्थिततनुतमालवनलेखम्—पर्यन्ते स्थितं तनु अल्पं तिमिरं एव तमालवनलेखा यस्य-जिसके किनारों पर स्थित कुछ २ अन्धकार ही तमाल के वनों की पंक्ति है। (२) पर्यन्ते स्थिता तन्वी तिमिरवत् तमालवन लेखा यस्य-जिसके किनारों पर हल्की और अन्धकार की सी काली तमाल वनों की पंक्ति है। सप्तर्षिमण्डलाध्युषितम्-(१) सप्तर्षयः सप्ततारकाः तैः अध्युषितम—जिसमें सात ऋषि बैठे हैं। अरुन्धतीसंचरणपवित्रम्—(१) अरुन्धती तन्नाम्नी तारिका तस्याः संचरणेन पवित्रम्—अरुन्धती नामक तारे के संचरण से पवित्र (२) अरुन्धत्याः वशिष्ठस्य पत्न्याः संचरणेन पवित्रम्-अरुन्धती नामक वशिष्ठ की पत्नी से पवित्र। उपहिताषाढम्-(१) उपहिता आषाढा पूर्वाषाढ नक्षत्रं यस्मिन—जिसमें पूर्वाषाढा नक्षत्र समीप ही स्थित है। (२) उपहितः सन्निहितः आषाढ यस्मिन्-जिसमें पलाश के दण्ड हैं। आलक्ष्यमाणमूलम्—(१)आलक्ष्यमाणं मूलं एतन्नामकं नक्षत्रं यस्मिन्—जिसमें मूल नामक नक्षत्र कुछ २ दिखाई दे रहा है। (२) आलक्ष्यमाणानि मूलानि वृक्षमूलानि यस्मिन्-जिसमें वृक्षों की जड़ें कुछ दिखाई दे रही हैं। एकान्तस्थितचारुतारकमृगम्—(१) चारवः ताराः यस्मिन् सः चारुतारक एवंभूतः मृगः मृगशिरा नाम नक्षत्रं चारुतारक मृगः एकान्ते स्थितः चारुतारकमृगः यस्मिन् तत्—जिसमें एक स्थान पर सुन्दर मृगशिरा नाम नक्षत्र

दिखाई दे रहा है। (२) एकान्ते स्थिताः चारवः तारकमृगाः (मृगविशेष) अथवा चारवः तारकाः कनीनिका येषां तादृशाः मृगा यस्मिन् तत्—जिसमें एक किनारे सुन्दर चित्तीदार हरिण अथवा नेत्रों की सुन्दर पुतलियों वाले मृग बैठे हैं। पूरे वाक्य का अनुवाद इस प्रकार है (क्रमेण...अध्यतिष्ठत) धीरे २ यह समाचार पाकर कि सूर्य अस्त हो गया है, बहुत अधिक राग (लाली) वाला चन्द्रमा जिसकी किरणें अमृत से भरी हैं, जिसने आकाश को धोकर निर्मल और महीन वल्कल वस्त्र के समान श्वेत कर दिया है, और जिसके अन्तःपुर में तारा अथवा नक्षत्र हैं, उस गगनतल पर आसीन हुआ जिसके किनारे २ तमाल वृक्षों की पंक्ति के समान दिखाई देने वाली अन्धकार की रेखा थी, जिसमें सप्तर्षि का तारामण्डल था, जो कि अरुन्धती नामक तारे के संचरण से पवित्र था, जिसमें पास ही पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र था, जिसमें मूल नक्षत्र कुछ कुछ दिखाई दे रहा था और जिसमें सुन्दर तारों वाला मृगशिरा नक्षत्र एक ओर दिखाई दे रहा था, जैसे कोई तपस्वी जिसमें वैराग्य उत्पन्न हो गया है, जिसने धुले हुये रेशम वस्त्र का सा वल्कल का श्वेत वस्त्र पहन रक्खा है, जिसके अन्तकरण में ब्रह्म का ध्यान है, उस आश्रम में बैठता है जिसमें कि किनारे किनारे अंधकार की सी काली तमाल वृक्षों की पंक्ति है, जिसमें सात बड़े २ ऋषि (वशिष्ठ आदि सप्तर्षि) बैठे हैं, जो कि वशिष्ठ पत्नी देवी अरुन्धती के इतस्ततः गमन से पवित्र है, जिसमें पलाश (ढाक) के दण्ड हैं। जिसमें वृक्षों की जड़ें जमीन से कुछ २ निकली दिखाई देती हैं और जिसके एक कोने में चित्तीदार मृग खड़े हैं अथवा सुन्दर आँखों की पुतलियों वाले मृग खड़े हैं। चन्द्राभरणभृतः—(यह और आगामी पद 'अम्बरतलात्' त्र्यम्बकोत्तमाङ्गात्' दोनों के

ही विशेषण हैं) (१)चन्द्र रूपी आभरण धारण करने वाला, (२) गहने की तरह खण्डेन्दु को धारण करने वाला। तारका-कपालशकलालंकृताम—(१) तारका एव कपालशकलानि तैः अलंकृतात्—तारे रूपी नर कपाल के टुकड़ों से सज्जित (२) तारका इव कपाल शकलानि तैः अलंकृतात्—तारों के से नर कपाल के टुकड़ों से युक्त। सागराना—पूरयन्ती—(ज्योत्स्ना और गङ्गा दोनों का विशेषण) (१) समुद्रों को (ज्वार भाटा उठाकर) उमड़ाती हुई, (२) सागरों को (अपने जल से) भरती हुई। हंसधवला—(१) हंसवत् धवला हंसों की तरह सफेद (ज्योत्स्ना)। (२) हंसैःधवला—हंसों के कारण सफेद (गङ्गा) पूरे वाक्य का अनुवाद इस प्रकार है:—चन्द्राभरण...ज्योत्स्ना-हंस की तरह सफेद चाँदनी, ज्वार भाटा उठाकर समुद्रों को उमड़ाती हुई पृथ्वी तल पर-उस आकाश के तल से फैल गई, जिसमें चन्द्रमा का आभरण है और जो कि नरकपाल के टुकड़ों जैसे तारों से भरा है—फैल गई जैसे शिव के सिर से—जिसमें चन्द्रमा का आभरण है तथा जिसमें नरकपाल का तारे सा चमकीला टुकड़ा लगा है-निकल कर हंसों के कारण सफेद दिखाई देने वाली गङ्गा सागरों को अपने जल स भरती हुई पृथ्वी पर फैल जाती है। हिमकर सरसि-चन्द्र रूपी सर में। विकचपुण्डरीकसिते-('हिमकर सरसि' का विशेषण) (१) विकच पुण्डरीकसिते-पूरे खिले कमल की तरह सफेद (चन्द्र) (२) विकचपुण्डरीकैः सिते—खिले कमलों से सफेद (तालाब)। चंद्रिकापान लोभात्—चंद्रिका रूपी जल पीने के लोभ से—अवतीर्णः—उतरा हुआ। निश्चलमूर्तिः-निश्चल रूप वाला अर्थात् जो हिलता डुलता न हो। अमृतपङ्क लग्नः—अमृतः एव पङ्कस्तस्मिन लग्नः अमृत के कीचड़ में फँसा हुआ। हरिणः-

चन्द्रबिम्ब में स्थित मृग। चन्द्र कलंक को कवि परम्परा में हरिण माना है। चन्द्रमा, मानों एक अमृत सरोवर है। जिसकी कीचड़ में एक मृग फँसा है। पूरा वाक्य इस प्रकार है—चंद्रमा के भीतर दिखाई देने वाला मृग जो कि हिलता डुलता नहीं है, ऐसा प्रतीत होता है, मानों, वह, खिले हुए श्वेत कमल के समान चंद्रमा रूपी सरोवर में चंद्रिका रूपी जल पीने के लोभ से उतरा हुआ कोई मृग है जो कि अमृत के कीचड़ में फँस गया है। तिमिरजलधरसमयापगमानन्तरम्—तिमिरमेव जलधरः समयः तस्य अपगमानन्तरम्..अधंकार रूपी वर्षा ऋतु के व्यतीत होने पर। अभिनवसितसिन्धुवारकुसुमपाण्डुरैः—(चन्द्रपादैः और हंसैः दोनों पक्षों में लगता है) अभिनवानि सतानि सिन्धुवारकुसुमानि तद्वत् पाण्डुरैः—नये खिले हुये सिंधुवार के श्वेत कुसुमों के समान श्वेत, अर्णवागतैः—(यह भी दोना का विशेषण है।) (१) जल पर गिरने वाली। (२) समुद्र के पास जाने वाले। तिमिरजलधर...चन्द्रपादैः—अंधकार के चले जाने पर ताजे सिन्धुवार के फूलों के समान सफेद चन्द्र किरणें जल पर पड़कर कुमुदों से भरे हुए तालाब के अन्दर घुस गई जैसे—वर्षा व्यतीत हो जाने पर सिंधुवार के ताजा फूलों के से सफेद और समुद्र के पास जाने वाले हंसों से कुमुद सरोवर भर जाते हैं। विगलितसकलोदयरागम्—('रजनिकर बिम्बम्' का विशे०) विगलितः सकलः उदयरागः यस्य—जिसकी उदय काल की सब लाली नष्ट हो गई है। ऐरावत...अलक्ष्यत—एक क्षण ऐरावत हाथी के कुम्भस्थल के समान दिखाई दिया। अम्बरा... सिन्दूरम्—('कुम्भस्थल' का विशे०) आकश गङ्गा में स्नान करने से जिसका सिन्दूर धुल गया है।

८—शुकनाशोपदेशः

उज्जयिनी के महाराज तारापीड़ के एक मात्र पुत्र कुमार चन्द्रापीड थे। वैभव और ऐश्वर्य के गोद में पले हुए कुमार जब गुरुकुल में विद्याध्ययन कर चुके, तब उनके पिता ने उन्हें युवराज बनाने का विचार किया। इसी अवसर पर महाराज तारापीड के मुख्य अमात्य शुकनास जो कि एक अत्यन्त बुद्धिवान्, दूरदर्शी और शासन-पटु व्यक्ति थे, ने राजकुमार को एक अत्यन्त शिक्षाप्रद और आदर्श उपदेश दिया। वही उपदेश कुछ संक्षिप्त करके, यहां दिया गया है। शुकनासोपदेश कादम्बरी का एक अत्यन्त भव्य अंश हैं जो कि बाण की उदात्त कल्पना, सहज और अधिकार—पूर्ण वर्णन शक्ति, तथा सांसारिक और राज सभाओं के जीवन के उनके अनुभव का प्रमाण देता है। मानव-जीवन की अनेक दुर्बलताओं का, जिनकी ओर युवक बड़ी जल्दी आकृष्ट हो जाते हैं, अत्यन्त यथातथ्य वर्णन किया गया है। लक्ष्मी की क्षणभंगुरता अत्यन्त समीचीन और उपयुक्त दृष्टान्तों द्वारा समझायी गई है। धन के मिथ्या अभिमान में फूले हुये और चाटुकारों के आपाततः मधुर वाग्जाल में बड़ी जल्दी फंस जाने वाले व्यक्तियों का चित्र तीखे व्यङ्ग और श्लाघ्य हास्य के साथ सुन्दरता से अङ्कित किया गया है। विषय-वासनाओं से इंद्रियों को रोकने की महान् आवश्यकता वृद्ध मंत्री ने बड़े अधिकार पूर्ण ढङ्ग से जोर देकर समझाई है। युवावस्था में, जब कि विस्तृत संसार में मनुष्य को पदार्पण करना होता है, शुकनास के गम्भीर उपदेश का मनन करना अत्यन्त लाभप्रद हो सकता है; क्योंकि यह हमारे दृष्टि-कोण को विस्तृत और उदार करता है। हमारी दुर्वासनाओं

का दमन करता है, और हमारी सांस्कृतिक परम्परा का योगक्षेम प्राप्त करता है।

विदितवेदितव्यस्य (ते)—जानने योग्य सभी बातों को जानने वाले, तुम्हारे। केवलं च—केवल इतनी बात है कि। निसर्गतः एव—स्वभावतः एव—स्वभाव से ही। अभानुभेद्यम—सूर्यरश्म्या अपि अनुच्छेद्यम्—सूर्य की किरणों से भी जिसका भेद नहीं किया जा सकता है। यह और आगामी पद 'तमः' के विशेषण हैं।

पृष्ठ ६४—अरत्नालोकोच्छेद्यम्—रत्नप्रभया अपि दूरीकर्तुं अशक्यम्=जो रत्नों के प्रकाश से भी दूर नहीं किया जा सकता। अदीपप्रभापनेयम्—प्रदीपस्य प्रभया आलोकेन अपि नाशानार्हम्—अच्छे शक्तिशाली दीपक के प्रकाश से भी दूर नहीं किया जा सकता। अतिगहनं तमो यौवनप्रभवम्—युवावस्था में आने वाला अविवेक का अंधकार अत्यन्त अभेद्य है। 'अरत्नालोकसंहार्यमवार्यं सूर्यरश्मिभिः। दृष्टिरोध करं यूनां यौवनंप्रभवं तमः॥' —काव्यादर्शः २, १२७। इत्यतो विस्तरेणाभिधीयसे—इसी कारण तुम्हें विस्तार से समझाया जा रहा है। गर्भेश्वरत्वम्—गर्भात् प्रभृति गर्भ संभवादारभ्य ईश्वरत्वं धनसम्पन्नता—गर्भ से अथवा जन्म से ही धन—सम्पत्ति का होना। अभिनवयौवनत्वम्—नवयौवन-अप्रतिरूपत्वम्—असमसौन्दर्यत्वम्-अनुपमेय सौन्दर्य का होना। अमानुषशक्तित्वम्—अतिमानव शक्ति का होना। महतीयं खलु अनर्थ परम्परा—सभी अनर्थकारी वस्तुओं का यह बड़ा विकट संयोग है। सर्व···आयतनम्—इनमें से प्रत्येक सब प्रकार के अविनयों का घर है। किमुत समवायः—फिर इन सब के समूह के लिए क्या कहा जाय! 'यौवनं धनसम्पत्तिः प्रभुत्वमविवेकता। एकैकमप्यनर्थायकिमुयत्रचतुष्टयः॥' हितोपदेशः शास्त्रजलप्रक्षालननिर्मलाऽपि—शास्त्रमेव जलं तेन यत् प्रक्षालनं

तेन निर्मला अपि निर्गतः अज्ञानरूपमलः यस्याः तादृशी अपि—शस्त्रों के अध्ययन रूपी जल से धुलकर निर्मल (शिष्ट) होने पर भी। कालुष्यं उपयाति—सदसद्विवेकाक्षमा भवतीत्यर्थः—काली हो जाती है-सत् और असत् का विवेक खो देती है। अनुज्झित...दृष्टि—युवकों की दृष्टि, यद्यपि अपनी सफेदी को नहीं छोड़ती है, फिर भी सराग (लाल, वासनायुक्त हो जाती है। समुद्भूतरजो भ्रान्ति—(प्रकृतिः और वात्या दोनों का विशे०) (१) समुद्भूता रजो गुणेन भ्रान्ति भ्रमं यस्याम्—जिसमें रजोगुण के उद्रेक से वस्तुओं का अयथार्थ ज्ञान होता है। रजोगुण के अतिरेक से मन वासनामय हो जाता है और विवेक कम हो जाता है। यथा—'रजो रागात्मक विद्धि तृष्णा-संगसमुद्भवम्', लोभः प्रवृत्तिरारम्भः कर्मणामशमः स्पृहा। रजस्येतानि जायन्ते विवृद्धे भरतर्षभः॥ गीता। (२) समुद्भूता रजसः धूलेः भ्रान्ति भ्रमणं यस्याम्—जिसमें धूल चक्कर बांधकर उड़ती है। अपहरित च पुरुषं प्रकृतिः—युवावस्था में मनुष्य की प्रकृति, जिसमें रजोगुण के अतिरेक से भ्रम हो जाता है अर्थात् सभी बातें उलटी समझ में आती हैं, मनुष्य को स्वयं दूर खींच ले जाती है जिस प्रकार बवण्डर, जिसमें चक्कर बांधकर धूल उड़ती है, अपने में पड़ी हुई पत्ती को दूर उड़ा ले जाता है। इन्द्रियहरिणहारिणी—इन्द्रियाणि करणानि एव हरिणाः तेषां हारिणी विलोभिनी-इन्द्रिय रूपी मृगों को लुभाने वाली। दुरन्ता—नाशकारी परिणाम वाली, अथवा अन्त रहित। उपभोग मृगतृष्णिका—विषय-भोग रूपी मृगतृष्णा। कषायित-कसैला किया हुआ। नवयौवनः...मनसः-नवयौवन के जोश से युक्त मन को भिन्न २ प्रकार के विषयों के उपभोग, जिनको कि वह अनुभव करता है, उसी प्रकार अधिक अच्छे लगते हैं

जिस प्रकार कसैला मुख हो जाने पर जल अधिक मीठा लगता है। दिङ्मोहः-दिशाओं सम्बन्धी भ्रम अथवा मार्ग भ्रष्ट हो जाना। उन्मार्ग प्रवर्तकः-(१) उत्क्रान्तो मार्गात् उन्मार्गः कुपथः तत्र प्रवर्तयतीति-जो मनुष्य को बुरे रास्ते ले जाता है अथवा धर्म के मार्ग से विचलित कर देता है। (अत्यासङ्गः के पक्ष में) (२) उन्मार्गे अपथे प्रवर्तयतीति...गलत (अन्यत्र ले जाने वाले) रास्ते पर लगा देता है (दिङ्मोहः के पक्ष में) नाशयति... अत्यासङ्गो विषयेषु-विषयों में अत्यन्त आसक्ति मनुष्य को कुमार्ग पर ले जाती है और अन्त में उसे नष्ट कर देती है, जैसे दिग्भ्रम मनुष्य को गलत रास्ते पर डाल कर कष्ट देता है। अमल (१) सरल भावार्थ वाले (गुरुवचन), (२) निर्मल, स्वच्छ जल। श्रवण-स्थितम्—(१) सुने हुए (गुरुवचन) (२) कान में भर जाने वाला (जल)। शूल—(१) अच्छा न लगना। (२) दर्द। अभव्यस्य-भवतीति भव्यः साधुः सः न भवति तस्य असाधोः अयोग्यस्य—दुष्ट व्यक्ति का; दुर्भाग्य वाले व्यक्ति का। गुरुवचनम्...शूलमभव्यस्य-गुरुओं के सीधे और सरल वाक्य भी दुष्टजनों के कानों में जाकर उसे अप्रिय लगते हैं, जिस प्रकार जल, निर्मल होकर भी, जब कान में भर जाता है, पीड़ा उत्पन्न कर देता है। अपगतमले—अपगतः मलाः संशय विपर्यय मोहादिरूपाः यस्मात् सः—संशय, विपर्यय, मोहा आदि मलों से रहित (मनमें) अपगतमले हि मनसि...उपदेश गुणाः-मन जब दोष रहित होता है तभी उसमें उपदेश की हितकारक बातें घुसती हैं। जैसे साफ किये हुए स्फटिक में ही चन्द्रमा की किरणें घुसती हैं। यथा धीरेषु सत्कवि वचो लभतेऽवकाशम्। प्रभवति शुचिबिम्बग्राहे मणिर्न मृदां चयः॥ अनास्वादित विषयरसस्य ते-विषयभोग से बिल्कुल अलग रहने

वाले तुम–गुरूपदेशश्च नाम...आदि–गुरुओं का उपदेश निश्चत रूप से जो २ कल्याण करता है, अब लेखक उनका वर्णन प्रभाव, शाली रूपकों द्वारा करता है। अखिलमल प्रक्षालनक्षमं अजलं स्नानम्–गुरु का उपदेश एक ऐसा स्नान है जो बिना जल के ही किया जाकर भी सब प्रकार के (अज्ञान संभव) मल को सर्वथा दूर कर देता है अनुपजातपलितादि वैरूप्यं अजरं वृद्धत्वम्— गुरूपदेशो नाम अजरं जराव्यतिरेकेणाऽपि वृद्धत्वं तत्कार्य-कारणत्वात् तया चाऽस्मिन् पलितादयो विरूपताकारिणो दोषाः न प्रादुर्भवन्ती त्यहो महिमा गुरूपदेशस्य—गुरूपदेश वृद्धावस्था की तरह है (वृद्धावस्था में आने वाले अनुभव आदि सभी गुणों को उत्पन्न कर देता है) जिसमें कि मनुष्य (आयु से) बुड्ढा नहीं होता और न इसमें शरीर में कुरूपता ही आती है। यथा– 'न तेनवृद्धो भवति येनास्य पलितं शिरः। यो वै युवाऽप्यधीयान-स्तं देवाः स्थविरं विदुः।' मनुः। अनारोपित मेदो दोषं गुरूकरणम्—अनारोपितः अकारितः मेदो दोषः येन एवंभूतः गुरुकरणं स्थूली करणम्–यह शरीर में मेदस् (चर्बी) बढ़ाये बिना ही मनुष्य को भारी कर देता है (महत्व देता है), असुवर्ण विरचनं अग्राम्यं कर्णाभरणम्–नास्ति सवर्णस्य विरचनं घटना एतादृक् कर्णभरणं कर्णभूषणम् अग्राम्यं सुन्दरं च–यह ऐसा कान का आभूषण है जो न तो सोने का बना है और ग्राम्य (गंवारू) है। अर्थात् गुरू का उपदेश उस व्यक्ति को जो उसे सुनता है, सभ्य और शिष्ट बना देता है। अतीत ज्योतिः आलोकः–यह बिना दीपक का प्रकाश है। अर्थात् अन्तःकरण में जलकर प्रकाश देने और अज्ञानान्धकार दूर करने को यह प्रकाश अन्य प्रकार के प्रकाशों से विलक्षण है। नोद्वेगकरः प्रजागरः–यह जागरण है (कर्तव्य और धर्म के प्रति जागरूकता,

जो कि कष्ट नहीं देता। विशेषेण तु राज्ञाम्—ये सब बातें राजाओं के लिए तो विशेष रूप से सुनने योग्य हैं। अहंकार दाह ज्वरमुच्छान्धकारिता— अहंकार एव दाहज्वरः संतापकारी ज्वरः तेन या मूर्छा तया अन्धकारिता लुप्तसंज्ञा...अहंभाव रूपी दाहक ज्वर से आने वाल मूर्छा से जिसकी चेतना मिट गई है। विह्वला—व्याकुल, स्तब्ध कर्तव्य ज्ञान-शून्य। राजप्रकृतिः—राजस्वभावः—राजाओं का स्वभाव। अलीकाभिमानोन्माद-कारीणि धनानि-अलीकः मिथ्या यः अभिमानः गर्वः आत्मन्युत्कर्षारोपो वा स एवोन्मादो व्याधिविशेषो, यद्वा अलीकाभिमानेन यः उन्मादः चित्त विभ्रमः तं कुर्वन्ति एवं शीलानि धनानि—धन झूठा अभिमान रूपी उन्माद रोग (चित्तभ्रम, अविवेकता) पैदा करने वाला होता है। यथा-मदयन्त्युद्धता दोषा यस्मादुन्मार्गमाश्रिताः। मानसोऽयायतो व्याधिरुन्माद इति कीर्तितः'॥ राज्य विषविकार तन्द्राप्रदा—राज्यं एव विषं तेन य विकारः विकृतिः तेन कृता तंद्रा प्रमीला तत्प्रदा—राज्य रूपी विष के प्रभाव से आने वाली निद्रा (अविवेकता) देने वाली।

यहाँ शुकनाश चन्द्रापीड को 'कल्याणाभिनिवेशी' कल्याण कारी कार्य करने के लिए। कटिबंध—(कल्याणे अभिनिवेशः आग्रहो यस्य सः) कह कर इस बात का सकेत करता है कि चन्द्रापीड उसके उपदेशों को सुनन का योग्य अधिकारी है। दृढगुणपाशसंदाननिष्पंदीकृता—दृढं यत् गुणाः शौर्यादयः यद्वा 'संधिर्ना विग्रहो यानमासन द्वैधमाश्रयः। षड्गुणाः' इति नीतिशास्त्रसंमताः गुणाः ते एव पाशाः तैः संदानं बन्धनं तेन निष्पन्दीकृता निश्चलीकृता—रस्सी के पाश के मजबूत बन्धन से जकड़ी हुई भी अथवा शौर्य, औदार्य अथवा राजनीति कथित षड्गुण आदि से परिश्रम पूर्वक उपार्जित करके स्थायी

बनाई हुई। नाभिजनमीक्षते—ऊँचे नीचे कुल का विचार नहीं करती है। न वैदग्ध्यं गणयति-वाक्चातुर्य को भी कुछ नहीं समझती है। न त्यागमाद्रियते—त्याग के लिए भी अपने मन में आदर नहीं रखती है। विशेषज्ञता—सदसद् का विवेक होना। अब उत्प्रेक्षा द्वारा लक्ष्मी की अस्थिरता का वर्णन करते हैं। कमलिनीसंचरणव्यतिकरनलिननालकण्टकेव—कमलिनीषु संचरणव्यतिरेकेण संचरणयोगेन लग्नाः नलिननालस्य कण्टकाः यस्याः तद्वत्—मानों कमलिनी के बनों में घूमने से इसके पैर में कमल-नाल के कांटे लग गये हों अतएव। न क्वचित् निर्भरं आबध्नाति पदम्—अतः कहीं निश्चिन्त होकर पैर नहीं रखती है। अथवा, पद=स्थान—कांटे लगे होने के कारण कहीं बैठने का स्थान निश्चिन्त होकर नहीं बनाती या नहीं बैठ सकती यथा यथा···केवलमुद्वमति—ज्यों-ज्यों यह चञ्चल लक्ष्मी अपना प्रकाश दिखाती अर्थात् किसी मनुष्य के पास रहती है त्यों त्यों यह काले कामों को ही (बुरे कामों को ही) उत्पन्न करती है, जैसे दीपक की लौ ज्यों ज्यों जलती है त्यों त्यों काजल पैदा करती है। निर्भरं उपगूढः—प्रगाढ़ आलिंगन किया हुआ; ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जिसके पास लक्ष्मी हरदम रहती हो। विप्रलब्धः ठगा हुआ। जब मनुष्य को लक्ष्मी प्राप्त हो जाती है, और वह उसका उपभोग करने की इच्छा करता है तभी लक्ष्मी उसे छोड़ कर चली जाती है। आलेख्य गताऽपि चलति—चित्र में अंकित होने पर भी चलती है। पुस्तकमयी अपि—पुस्तकों में केवल लिखी हुई होकर भी। इन्द्रजालं आचरति—जादू का सा लाघव करती है। उत्कीर्णा— उत्+कृ+क्त) पत्थर आदि पर खुदी हुई। विप्रलभते—धोखा देती है। अभिसंधत्ते—धोखा देती है।

दुराचारया-दुष्ट आचरण वाली। कथमपि दैववशेन

परिगृहीता—किस प्रकार उस दुराचार (लक्ष्मी) के द्वारा ग्रस्त। विक्लवाः-सर्वतो हताः=हर तरफ से हत, दुखी। सर्वाविनयाधिष्ठानतां गच्छति-सब प्रकार की बु इयों के घर हो जाते हैं। दाक्षिण्यं प्रक्षाल्यते-उदारता नष्ट कर दी जाती है। अपह्रियते-अपहरण कर लिया जाता है, दूर कर दी जाती है। उत्सार्यन्ते-भगा दिये जाते हैं। श्रमवशशिथिलशकुनिगलपुटचापिलाभिः—श्रमवशात्—आयास हेतुना शिथिलं श्लथं यत् पारावतमयूरादिशकुनीनांगलपु तद्वत् चापलाभिः चञ्चलाभिः—श्रम से थके हुए कबूतर मोर आदि पक्षियों के गले के समान (हाँफने के कारण) चञ्चल। यह और आगामी दो तृतीयान्त पद 'संपद्भि' के विशेषण हैं। खद्योतोन्मेषमुहूर्तमनोहराभिः—खद्योतः ज्योतिरिंगणः तस्योन्मेषवत् मुहूर्तं क्षणं मनोहराभिः—जुगनू की चमक के समान केवल क्षण भर मनोहर लगने वाली। मनस्विजनगर्हिताभिः-बुद्धिमानो के द्वारा निन्दित। प्रलोभ्यमानाः—लुब्ध किये हुये। आसन्न मृत्यव इव—मानों मृत्यु के समीप स्थित। न अभिजानन्ति-नहीं पहिचानते। पापेन इव आध्मातमूर्तयः (स्फीत देहाः) भवन्ति—मानों पेट के कारण मोटे हो रहे हों। व्यसनशतशरव्यतां उपगताः-व्यसनानां मृगया मद्पान स्त्रीसेवन दुरोदरादीनां शतं तस्य शरव्यतां लक्ष्यतां उपगताः व्यसनवशं गताः इत्यर्थः-दुर्व्यसन रूपी सैकड़ों बाणों का लक्ष्य बनाने वाले। वल्मीकतृणाग्रावस्थिताः-बांबियों के ऊपर उगने वाली घास के अग्रभाग में स्थित। पतितम-गिरा हुआ नीचा।

पृष्ठ ६६-वाक्य इस प्रकार है-अपरैः धूर्तैः स्तुतिभिः प्रतार्यमाणा सर्वजनस्योपहास्यतां यान्ति। स्वार्थनिष्पादनपरैः-अपना निजी स्वार्थ सिद्ध करने वाले। आगेके पद 'धूर्तैः' के विशेषण हैं। धनपिशितग्रास गृध्रैः-धनमेवपिशितं आमिषं तस्यग्रासे गृध्रैः

अतिगृध्नुभिः—धनरूपी माँस के ग्रास के लिए गिद्ध के समान (लोलुप)। आस्थान नलिनीवकैः-आस्थानं राजसभा तदेव नलिनी कमलिनी तस्यां बकैरिव स्थितैः-राजसभा रूपी कमलिनी के वन में खड़े हुये बगलों के समान धूर्त लोग मछली रूपी शिकार चतुरता से झपटते हैं। 'द्यूत विनोद इति' का संबंध दोषानपि गुणपक्षमध्यारोपयद्भिः—ये धूर्त राजा को समझाते हैं कि 'जूआ तो विनोद है'! और उन्हें द्यूत के लिये उत्साहित करते हैं और अपना स्वार्थ बनाते हैं। पान विलास इति-शराब पीना आनन्द दायक विलास है। प्रमत्तता शौर्यमिति-लापरवाही साहस है। गुरुवचनावधीरणं अपरप्रणेयत्वम् इति-बड़ों की आज्ञा का उल्लंघन करना स्वतन्त्रता है। अपरप्रणेयत्वम्-दूसरों के द्वारा न ले जाया जा सकना। स्वच्छन्दता प्रभुत्वं इति अपनी इच्छानुसार कार्य करना प्रभुता सूचक है। तरलोत्साह इति—बिना सोचे हुये शीघ्र काम करना उत्साह है। दोषानपि गुण-पक्षमध्यारोपयद्भिः-दोषों को भी गुण बताने वाले। प्रारब्ध-दिव्योचित चेष्टानुभावाः प्रारब्धाः दिव्योचिताः देवतोचिताः याः चेष्टाः ताः ताः क्रियाः ताभिः अनुभवः महात्म्यं येषाम्-दिव्य बड़े लोगों की चेष्टायें और उनके बड़प्पन का मिथ्यानुकरण करने वाले। उपहास्यतामुपयान्ति-हंसे जाते हैं।

दर्शन···गणयन्ति-दर्शन देने को ही कृपा समझते हैं। दृष्टि···स्थापयन्ति—केवल देख लेने को ही उपकार करना मान लेते हैं। स्पर्शं···कलयन्ति—अपने स्पर्श को ही पवित्र कर देने वाला समझ लेते हैं। मिथ्यामाहात्म्यगर्व निर्भराः—अपने झूठे बड़प्पन के गर्व से भरे हुये। नाभ्युपत्तिष्ठन्ति गुरून्—बड़ों का सत्कार करने के लिए खड़े नहीं होते। जरावैक्लव्य प्रजल्पितं इति—जरया यद् वैक्लव्यं यद् विकलता तस्मात् प्रलपितं

जल्पितम्—वृद्धावस्था में खराब हो जाने वाली बुद्धि की बकवाद आत्मप्रज्ञापरिभव इति—अपनी निजी बुद्धि की हार। असूयन्ति सचिवोपदेशाय—सचिवों की मन्त्रणा से ईर्ष्या करते हैं। 'असूयन्ति' के योग में सचिवोपदेश में चतुर्थी है—क्रुधद्रुहेर्ष्या-सूयार्थानां यं प्रति कोपः'। पार्श्वे कुर्वन्ति—अपने बगल में बैठा लेते हैं। तं संवर्द्धयन्ति—तं बहुमन्यन्ते—उसे बहुत मानते हैं। तं आप्तता आपादयन्ति-उसे विश्वास योग्य बनाते हैं। उपरचितांजलिः—हाथ जोड़कर। अधिदैवतम्-स्वामी, देवता। विगतान्यकर्त्तव्यः—अन्य कर्त्तव्य से परांमुख। महात्म्यं उद्भावयति—प्रशंसा करता है।

एवं प्राये—अधिकतर इस प्रकार के। राज्यतन्त्र—शासन नीति अथवा राज्य का प्रकार। महामोहकारिणि—अत्यन्त मोह उत्पन्न करने वाला। उपालभ्यसे—समझाये जाते हो। न अवलुप्यसे सेवकवृकैः—कहीं ऐसा न हो कि सेवकों रूपी भेड़ियों से खा लिये जाओ। न प्रलोभ्यसे—लुब्ध न किये जाओ। वनिता—स्त्री अभूतपूर्व सौंदर्य वाली,-यथा, सा कविता सा वनिता यस्याः श्रवणेन दर्शनेनापि। कविहृदयं विटहृदयं सरलं तरलं च सत्वरं भवति। न उन्मत्तीक्रियसे—उन्मत्त नहीं बना दिये जाते हो। आक्षिप्यसे—कुमार्ग पर ले जाये जाते हो। विषयैः—विषय भोग द्वारा। विकृष्यसे—दूर ले जाये जाते हो अर्थात् वश में कर लिए जाते हो। सुखेन—सुखोप-भोग के द्वारा। कामम्-चाहे, भले ही क्यों न हो। समारोपित संस्कारः-जिसका संस्कार किया जा चुका है। तरलहृदयां—चञ्चलमन। अप्रतिबुद्धम्—जिसमें ज्ञान अथवा शिष्टता नहीं उत्पन्न हुई है। मदयन्ति-समद कुर्वन्ति-नशे में कर देते हैं। भवद्गुणसंतोषः-तुम्हारे गुणों को देखकर होने वाला संतोष।

मुखरीकृतम्—कहने के लिए प्रेरित किया। अभिजातम्-ऊँचे वंश में जन्म लेना। विली करोति—दुष्ट बना देता है। कल्याणैः—कल्याण से युक्त। कुल···धुरम्-कुलक्रम से आये हुये उस भार को वहन करो, जिसे तुम्हारे पूर्वजों ने किया। अवनमय द्विषतां शिरांसि—शत्रुओं के शिर झुका दो। उन्नमय-ऊँचा करो। अयं च ते कालः प्रतापमारोपयितुम्—अपना प्रताप बढ़ाने का तुम्हारे लिये यही समय है। आरूढ़-प्रतापो हि राजा—ऐसा राजा जिसका प्रताप फैला है। त्रैलोक्य दर्शी इव सिद्धादेशो भवति—तीनों लोकों की बात जानने वाले ऐसे व्यक्ति के समान हो जाता है। उसने जो कुछ कहा वह ठीक है। भाव है उसकी आज्ञा सच्चे मन से सर्वथा मानी जाती है।

९—भूषणकवेः शिवराजेन सह समागम

महाराज शिवाजी केवल एक वीर योद्धा और हिन्दूधर्म के दृढ़ स्तम्भ ही नहीं थे, अपितु वे कला और विद्वता के भी महान् पारखी थे। अनेक अच्छे-अच्छे कलाकार और कवि मुगल सम्राट औरंगजेब, जो कि कला और विद्या का द्रोही और स्वभाव से दुष्ट था, का दरबार छोड़ २ कर, महाराज शिवा जी का आश्रय प्राप्त करनेके लिए उनकी राजसभा में आया करते थे। भूषण वीर रस के एक बड़े अच्छे कवि थे और उन्होंने 'शिवराज भूषण' और 'शिवा बावनी' नामक दो पुस्तकें शिवाजी की प्रशंसा में लिखी थीं। स्व० पं० अम्बिकादत्त व्यास (१८५८-१९०० ई०) द्वारा रचित 'शिवराज विजय' नामक ग्रंथ से उद्धृत यह अंश

महाकवि भूषण के शिवाजी के सम्पर्क में आने की घटना का विशद और रोचक रूप से वर्णन करता है। व्यास जी का सरल, सुन्दर और अधिकार पूर्ण गद्य बाण के गद्य का स्मरण करा देता है।

पृष्ठ ६८—सिंह दुर्गाविदूरे एव–सिंह दुर्गात अतिदूरे नातिदूरे एव–सिंहगढ़ के समीप ही। शाद:–कोमल हरी हरी घास। कलितप्रसादायाम्—स्वच्छ भूमि में। निष्कृपकृपाणपाणि:–(दुष्टेषु) निष्करुण: कृपाण: पाणौ यस्य–हाथ में दारुण तलवार लिए हुये। कंचुकाच्छादित कठिनकवच:–कंचुकेन आच्छादित: कठिन: कवच: येन–जिसने अपने कठोर कवच को कंचुक वस्त्र से ढक रखा है। कलितसैनिकभटवेष:—वीर सैनिक का वेष धारण किये हुये। दुग्धधारयेव…पथिभि:—चन्द्रमा की ज्योति से इस प्रकार प्रकाशित मानों–दूध की धारा से धोये हुये–मार्ग से। आरात् आजगाम—समीप आया। 'आराद् दूर समीपयो:' इत्यमर:। द्वारि—(शिव मन्दिर के) द्वार पर। रेणुरुषित-कुहरम्—रेणुभि: पांसुभि: रुषितानि रोम्णां कुहराणि यस्य—जिसके रोमकूपों में धूल भरी हुई थी। यह और अन्य द्विती-यान्त पद 'अश्वम्' के विशेषण हैं। शफोत्फालितमृत्स्नास्नातम् शफै: उत्फालितया मृत्स्नया स्नातम्—टापों से उठी हुई धूलि से भरा हुआ। 'प्रशस्ता पु मृत्सा मृत्स्ना च मृत्तिका' इत्यमर:। त्वरितगतिश्वासप्रश्वाससहचरितह्रिणत्कारसूचितक्लमम्-त्वरितग-तिभि:श्वास प्रश्वासै: सहचरित: य: ह्रिणत्कार: ह्रेषितं तेन सूचित: क्लम: यस्य–तेजी से चलने वाली श्वास के साथ निकलने वाली हिनहिनाने की आवाज़ से जिसकी थकावट प्रकट हो रही है। ग्रीवां उद्धूय—गर्दन को हिलाकर। पौन: पौन्येन–बारम्बार।

विलुण्ठन्तम्—लोटते हुये। इति मनसि विचिन्वन्—मन में ऐसा सोचते हुए। चुचुत्कार—चुमकारना। हरिततृणभारम्—हरी घास का गट्ठा। विवर्णवदनम् उतरे हुये चेहरे वाला। आजानु-धूलिधूसरितचरणयुगलम्—जिसके दोनों पैर घुटने तक धूलि से भरे हैं। मन्थरितशरीरम्—शिथिल शरीर वाले। स्वकार्यसंलग्नः-अपने कार्य में फँसा हुआ। अन्यमनस्कः—मन को और कहीं लगाए हुए, अनवधान। उट्टङ्कयसि—पूछते हो। घटिका युगलं अतिवाह्य—दो घड़ी का समय बिताकर। चौबीस मिनट की एक घड़ी होती है। पूरितजठरपिटकः—पेट रूपी पिटोरे को भर कर; भोजन करके। 'पिटकः पेटका पेटा मंजूषा' इत्यमरः। ताम्रक धूम्रपानैः गलनलं कवोष्णयन्—तम्बाकू के धूंये से गले को जरा गरम करते हुये। 'तम्बाकू' के लिए 'ताम्रक' शब्द व्यास जी के द्वारा बनाया गया है। अध्वपरिश्रमं अल्पयिष्यामि मार्ग की थकावट को हल्का करूंगा। पृष्ठ ६६-घोटके-घोड़े पर। तत्प्रकृतिंविज्ञाय परिज्ञाय—उसके चिड़चिड़े स्वभाव को जानकर। परिवृत्य—पीछे घूमकर।

चरः—जासूस। सन्देशहरः—दूत। कपटपथिकः—बनावटी यात्री। अस्मत्पक्षगातः—हमारे पक्ष का। शत्रुपदातिः—शत्रु का पैदल सिपाही। उभयपक्षोदासीनः—दोनों पक्षों से उदासीन—न शत्रु, न मित्र। सद्य एव विज्ञेयम्—तत्काल जानना चाहिए। मन्दिर पाश्चात्यप्राचीरगवाक्षात्—मन्दिर के पश्चिम की तरफ की दीवाल की खिड़की से। अस्पष्टालापध्वनिम्—बातचीत की साफ न सुन पड़ने वाली आवाज। ध्वनिप्रतिध्वनिभिः—प्रतिध्वनि से। अव्यक्तांशुबहुलाम्—जिसका अधिकांश भाग साफ न सुनाई देता है। निश्चिच्ये—निश्चिन्त किया। दिल्ली—अध्युषितोस्मि—दिल्लीश्वर के श्रेष्ठ पाणिपल्लव की छाया में बहुत दिनों तक रहा हूँ।

सामासान्त में तल्लज पुल्लिंग होता है। प्रतापित्वम्-प्रतापसम्पन्न होना। अढ्यत्वम-धनसम्पन्नता। अपेक्षामहे-परवाह करते हैं।

साभिमानभ्रूभंगम्-अभिमान से भौंहों का टेढ़ा करना। उत्तुङ्गकोपाध्मिताखर्व गर्व बर्बरताम्-भारी क्रोध और गर्व से उत्पन्न होने वाला जंगलीपन। न तस्य सारस्वतसृष्टौ-सरस्वती (विद्या) के क्षेम में जैसा हमारा अधिकार है, वैसा पृथ्वी पर उसका नहीं है। तदीहासमकालनेव-उसकी इच्छा के साथ ही साथ। बद्धकरसम्पुटाः-हाथ जोड़े हुए। यथोचितावस्थानाः—अपने २ उचित स्थान पर बैठे हुए। छन्दाँसि-छन्द काव्य। रीतयः—काव्य की रीतियां। स दीनार...पारयामः—हम केवल वाणी से ही दूसरों को जिस प्रकार सन्तुष्ट करने में समर्थ हैं वह मुद्राओं के भार से भी दूसरों को सन्तुष्ट नहीं कर सकता है। आकलय्य—सुनकर। चिरावस्थायिनी कीर्तिः-बहुतसमय तक रहने वाली कीर्ति। पृष्ठ ७०·समुद्रकल्लोलघातसहं यशः-समुद्र की लहरों के थपेड़े को सहने वाला अर्थात् समुद्र तक फैल हुआ यश। स एव अस्मान् आद्रियते-वही हमारा आदर करता है मीनान् इव पीनान्—मछलियों की तरह मोटे। इभान् इव तुन्दिलान्-हाथी की तरह भारी पेट वाले। भेकान् इव निर्विवेकान्-मेढकों की तरह विवेकी। वृषदंशकान् इव कपत-हिंसकान्—बिल्ली की तरह कपट स हिंसा करने वाले। ओतुर्बिडालो मार्जारो वृषदंशक आखुभुक्। इत्यमरः। काकान् इव आस्वादितदुर्विपाकान्-गन्दगी खाने वाले कौए की तरह जिसने अपने कर्मों का फल भोग कर लिया है। द्विजिह्वान् इव द्विजिह्वान्-सांपों की तरह चुगलखोर और अहित करने वाले। सजीवान् इव उपबर्हान्-बड़े २ तकियों की तरह मोटे। आत्मस्तुतिमात्र रुचीन्-अपनी स्तुति सुनने की ही

जिन्हें रुचि है। मूर्तिमत् इव अभिमानान्—अभिमान के मानों मूर्तिमान स्वरूप। गुणिगणगुणग्रहणासमर्थान्—गुणियों के गुणों को ग्रहण करने में असमर्थ। मिथ्यामोदरतान्—झूठे मनोरंजन में व्यस्त। नपंमन्यान्—अभिमानी राजा। समुपास्महे—आश्रय लेते हैं। दिल्लीश्वरपदविडम्बनम्—दिल्लीश्वर पद को धारण करके उसका अपमान करके, अर्थात् इस पद के सर्वथा अयोग्य। तत्सम्बन्धसूत्रं त्रोटयित्वा-उससे सम्बन्ध के सूत्र को तोड़कर। रसिकान्तरम्-काव्य रस के ज्ञाता अन्यव्यक्ति को। तस्यैव दिल्लीवलयकलंकस्य लालाटिकः-दिल्ली क्षेत्र के कलंक रूपी उसी सम्राट का मुंह देखते रहने वाला दास। 'लालाटिक'—वह भृत्य जो अपने स्वामी का मस्तक सदा देखा करता है और उसकी इच्छा बिना कहेही जानकर तदनुसार कार्य करने के लिए उद्यत रहता है। ललाटं कोप प्रसाद चिन्हं पश्यति, ललाटमेव वा दूरात् कार्येषु लिप्तः सन पश्यति स लालाटिकः। 'लालाटिकः प्रभोर्भालदर्शी कार्यक्षमश्च यः' इत्यमरः। श्रावं श्रावं—बार बार सुनकर। दिदृक्षु-दर्शन की इच्छा वाला। ऊरीकृत्य—कवि) समझ कर। प्रदक्षिणाच्छलेन—परिक्रमा देने के बहाने। पान्थाध्युषितप्रदेशम्-उस स्थान पर जहां कि वह यात्री बैठा था।

तेन सह चिरं आलप्य—उसके साथ बहुत देर तक बातचीत करके। चिराय श्रुतचरम्—बहुत दिनों से सुने हुये। उररीकृत्य—ऊरीकृत्य=स्वीकृत्य। श्वो द्रष्टा भवान् शिवराजम्-कल आप आप शिवा जी से मिल सकेंगे। न्यवर्तिष्ट=लौट गया। एतद्देशीयः—स्थानीय। नित्यनियमान् निर्वर्त्य-नित्यकृत्य करके। सभासंस्थ एव—सभा में बैठे हुए ही। आकारयत्=बुलाया। (शिवाजीने) बद्ध महोष्णीषः-बड़ा भारी साफा बांधे हुये। पादाग्र-पर्यन्तविलम्बमान कंचुकः—जिसका कुरता नीचे पैरों तक

लटकता है। सिंहगर्जनं अवधीरयता स्वरेण—सिंह के गरजने को लज्जित करने वाले स्वर से। सपत्नोत्सारणसमीरः—शत्रुओं को उड़ाने के लिए हवा के समान। 'रिपौ वैरि सपत्नारिः' इत्यमरः। स्मयमानः—मुस्कुराते हुये। व्याहृत्य—कहकर। कवित्वकामनामिकावृत्तिः—'कवित्त' नामक छन्द में रचित। कवित्वकाम—कवित्त (मनहरण), हिन्दी का प्रसिद्ध छन्द है।

१०—उद्भिज्ज परिषत्

हमारे विषय में लोगों की क्या धारणा है और वे क्या कहते हैं, यह सुनना एक मनोरंजक कार्य है। यह कार्य और भी मनोरंजक तब हो जाता है जब कि ईश्वर के द्वारा निर्मित जगत का एक ऐसा वर्ग, जो कि हम मनुष्यों से सर्वथा भिन्न है, हमारे विषय में कुछ कहता है। प्रस्तुत उद्धरण में श्री पं० हृषीकेष भट्टाचार्य (१८५०—१९१३) हमें यही बताते हैं अर्थात् वनस्पति वर्ग हमारे विषय में क्या सोचता है। वनस्पति वर्ग के प्रतिनिधि—जिनमें पुराने, विशालकाय और पितामहस्थानीय वृक्ष भी हैं और ललित लता-बधुयें भी हैं—निर्जन वन में एक सभा कर रहे हैं। मनुष्य के द्वारा किये गये अत्याचारों पर एक ओजस्वी वक्तृता चल रही है। सम्मेलन के सभापति, परम पूजनीय पीपल महाराज अपने श्रोताओं को प्रभावपूर्ण और युक्तियुक्त ढंग से बता रहे हैं कि ईश्वर की सब प्रकार से पूर्ण और सुन्दर सृष्टि में मनुष्य ही सबसे अधिक भद्दा प्राणी है। सारा उद्धरण व्यंग से भरा है। ये व्यङ्ग और आक्षेप वनस्पति वर्ग के दृष्टिकोण से देखे जाने पर और भी तीखे हो जाते हैं।

सर्वथाप्राणिसंबन्ध रहिते—मनुष्यों के आवागमन संबंध से सर्वथा रहित, अर्थात् नितान्त निर्जन। एकान्तकान्तारे—जन शून्य और दूरस्थित वन में। समवेत सभ्यनिवहान् इव श्रेणी-बन्धावस्थितान्—एकत्रित सभासदों की भीड़ के समान पंक्ति बनाकर स्थित होने वाले। यह और आगामी द्वितीय बहुवचना-न्त पद 'विटपिनः' के विशेषण हैं। एकतान चेतसा···निष्पन्दात्—विना हिले डुले इस तरह चुप चाप बैठे हुए मानों बड़े ध्यान से तन्मय होकर कुछ सुनते हों। संजातपुलकान् इव निश्चलोद्-ध्वींकृत पत्रान्—न हिलने वाले पत्रों को इस प्रकार ऊपर उठाए हुए मानों उनको पुलक हो रहा हो। क्वचित् क्वचित् अनुमोदयत इव ईषत्संचलितशिरोभागान्—कहीं कहीं अपने सिर को थोड़ा हिला रहे हैं मानों वक्तृता का समर्थन कर रहे हों। असवरेषुप्रमोदमानान् इव संघर्षितपल्लवकराग्रान्—कभी २ पत्तों रूपी हाथों को रगड़ते हुए (ताली बजाते हुए) मानों प्रसन्न हो रहे हों। व्याख्यानकृत् इव—मानों भाषण देते हुए। इतस्ततः संचालितपल्लवकराग्र—पत्ते रूपी हाथ (के पंजे) को इधर उधर हिलाकर। वनस्पति कुलदीपाः—वनस्पतियों के कुल में दीपक के समान। कुसुमकोमलदन्तरुचः—पुष्प के समान कोमल दांतों की चमक वाली, कुसुमरूपी कोमल दाँतों की चमक वाली। यथा—श्रुतिसुखभ्रमरस्वनगीतयः कुसुमकोमलदन्तरुचो बभुः। उपवनान्तलतापवनाहतैः किसलयैः सलयैरिवपाणिभिः॥ रघु०, ६।३५। लताकुलललनः—लताओं के वंश में उत्पन्न होने वाली स्त्रियों, अथवा लता रूपी कुलवधुओं (उत्तम वंश की वधू) सावहिताः—ध्यान सहित। अद्य मानव···विषयः—मनुष्यों के संबंध में बातचीत करना ही हमारी आज की सभा का विचारणीय विषय है। निकृष्टतमाः—सबसे अधिक खराब।

समन्तात्...एवापहारितम्—चारों ओर फैले हुए इस नवीन और आश्चर्यजनक जगत् की रचना करने में इसे उत्पन्न करने वाले भगवान ब्रह्मा ने जो बुद्धि का उत्कर्ष और रचना चातुर्य दिखाया वह उन्होंने मनुष्यों की रचना करके एकदम से सब नष्ट कर दिया।

प्राक्तनकर्मप्रभावात्—पूर्व जन्म के कर्मों के प्रभाव से अथवा भाग्य के वश से। "पूर्वजन्म कृतं कर्म तद्दैवमिति कथ्यते।" जडत्वं आपन्नानाम्–जड़ (चेतना रहित) हो जाने वाले। अस्माकं वार्ता तावदस्तु दूरे—हम लोगों की बात छोड़िए। जीवसृष्टिप्रवाहेषु–विश्व में जन्म लेने वाले सभी जीवों में। परप्रतारकाः—दूसरों को धोका देने वाले। स्वार्थसाधनपरः—अपने मतलब को बनाने में ही लगे रहने वाले। मायाविनः—छल करने वाले। हिंसानिरताः—हिंसा के कामों में लगे रहने वाले। हिंस्रस्वभावतया प्रसिद्धान्—हिंसक वृति के लिए ख्यात। नित्यनैमित्तिक क्रियाकलापांश्च—नित्य के और कभी २ विशेष अवसरों पर होने वाले कामों को। याथातथ्येन—वास्तविकता से। किमेते...गरिष्ठाः—क्या ये हिंसक पशु मनुष्यों की अपेक्षा अधिक हिंसा करते हैं। प्रकृति नियमो...प्रयोजनम्—प्रकृति के नियम से ही तेज हो जाने वाली पेट की अग्नि (भूख) की शान्ति के लिए ही है। क्रूरचेष्टितानि—निर्दयकाम। स्वोदर-पूर्तिपर्यन्तावसानानि—पेट भर जाने तक के लिए ही हैं। सकृदुपजातायाम्–एक बार हो जाने पर। करतलगतान्—हाथ में आए हुए। न वा तथाविध...परिभ्रमन्ति—अथवा उस प्रकार के दुर्बल जीवों को मारने के लिए ही जंगल जंगल घूमते हैं। प्रत्युत—बल्कि। ऋषियों मुनियों के आचरण की भांति शान्त होकर। विविक्तविजनप्रदेशं आश्रित्य–एकान्त और निर्जन वन में जाकर।

हिंसावृत्तिः—मारने का स्वभाव। निरवधिः—सीमरहित। आक्रीडनम्—खेल, विनोद। विक्लान्तचित्तविनोदाय-परेशान चित्त को प्रसन्न करने के लिए। मृगयां अपदिश्य शिकार के बहाने से। हिंसावृत्तेः चरितार्थतां सम्पादयन्ति-हिंसावृत्ति को कार्यरूप में परिणत करते हैं—अथवा अपने हिंसक स्वभाव को सन्तुष्ट करते हैं। मनुष्यालयं आविश्य-मनुष्यों की बस्ती में जाकर। समनुतिष्ठन्ति-करते हैं। ऐहिकसुखलिप्सया—सांसारिक सुखों को प्राप्त करने की लालसा में समुत्साहेन—बड़े उत्साह से। पारत्रिकविशुद्धनित्यसुखप्राप्त्याशया—परलोक में मिलने वाला नित्य और शुद्ध (दुखादि से अमिश्रित) सुख प्राप्त करने की आशा से। आसन्नमृत्युशंका वेपमानकलेवरान्-जिनके शरीर समीप स्थित मृत्यु के डर से काँप रहे हैं। उपहृत्य —मार कर। स्वहृदयस्य अतिकर्कशनृशंसतायाः—अपने हृदय की अत्यन्त कठोर क्रूरता पर। विदीर्यते-फट जाता है।

पृष्ठ ७४- भक्ष्यनियमः-खाने पीने का नियम। अनायाससाध्या आसानी से पूरी की जा सकने वाली। सोदरपूर्तिमात्रपर्याप्तं भक्ष्यवस्तु—पेट भरने लायक ही खाने की वस्तु से। समधिगत्य-पाकर। परितृप्तिम्-संतोष। अन्यत्रविषयेष्वपि-और बातों में भी। तृप्तियोगः-सन्तोष हो जाना।

मनुष्यभागधेयेषु—मनुष्य भाग्य—दैवं दिष्टं भागधेयं भाग्यं इत्यमरः। अभिविधित्सवः-प्राप्त करने की इच्छा करने वाले। अव्याहतलोभविक्षोभितहृदयाः-निर्बाध लोभ से जिनका हृदय भरा रहता है। मनुजन्मानः—मनुष्य। सर्वात्मना प्रवर्तन्ते—हर प्रकार से लग जाते हैं। न धर्मं अनुधावन्ति—धर्म का पालन नहीं करते। न सत्यं अनुबध्नन्ति-सत्य का आग्रह नहीं करते हैं। तृणवत् उपेक्षन्ते स्नेहम्—स्नेह की तिनके के

समान उपेक्षा करते हैं। लोष्टवत् परित्यजन्ति शौचम्—पवित्रता को कङ्कड़ पत्थर की तरह फेंक देते हैं। अहितमिव परित्यजन्ति आर्जवम्—सिधाई से शत्रु की तरह बचते हैं। अमङ्गलमिव उपध्नन्ति विश्वासम्—अमङ्गल वस्तुओं की तरह विश्वास का हनन कर देते हैं। पापाचारेभ्यः—पापाचरण से। अनृतव्यवहारात्—असत्य व्यवहार से। नहि क्षणमपि विरमन्ति परपीडनात्—पर क्षण भर के लिए भी परपीडन को बन्द नहीं करते हैं। न वा...कृत्यात्—बुरे से बुरा काम भी करने में मुंह नहीं मोड़ते। सिसाधयिषन्ति—साधने की इच्छा करते हैं। यथायथैव स्वार्थसिद्धि...विषयपिपासा—ज्यों २ इनके स्वार्थ की सिद्धि हो जाती है त्यों त्यों इनकी बड़ी भारी विषयों की प्यास भी बढ़ती जाती है।

एते—मनुष्याः। निकृष्टाः— अधम, नीच। निस्साराः—व्यर्थ, बेकाम। प्रबलवात्योद्‌गमसाव्यवहितपूर्वक्षणपर्यन्तम्—प्रबल आंधी आने के ठीक पहले तक। विचलन्ति—हिलते डोलते हैं। निर्भीकानि इव-निर्भय लोगों कीतरह। अविशंकित चित्तानि इव-निःशंकित चित्त वालों की तरह। चित्तसुस्थिराणि अवतिष्ठन्ते-दृढ़ होकर टिके रहतेहैं। स्वशक्तितः—अपनी शक्ति भर। संमुखसमर प्रवर्तमानाः—संग्राम में सामने खड़े हुए। सुदूरभविष्यत्काल-संघटिष्यमाणम्—बहुत आगे चल कर आने वाले। विपत्पातं आकलय्य—विपत्ति पड़ने की कल्पना करके। परिकम्पमान कलेवराः—कापते हुए शरीर स। भीतभीताः—डरे हुए। निरन्तरगुरुचिन्ताक्रान्तहृदयाः—जिनका हृदय हरदम बड़ी चिन्ता से भरा रहता है। दुखःदुखेन समयं अतिवाहयन्ति—बड़े दुःखसे समय को बिताते हैं। परिकल्पयन्ति...प्रतीकारोपायान्-दुखी होकर विपत्ति को दूर करने के अनेक उपाय बड़े परिश्रम

से करते हैं। येन···अतिक्रांतमेव—इसके फलस्वरूप मनुष्य जीवन में शान्ति और सन्तोष से मिलने वाले की इच्छा भी नहीं हो पाती। भवितव्यतायाः अवश्यम्भावितया—भवितव्यता के अनिवार्य होने के कारण। दुर्लङ्घ्यतया च नियतिनियमानाम् —भाग्य के नियमों को न मिटा सकने के कारण। एकपदे एव—अचानक ही। अन्तर्धत्ते विद्यावन्ताभिमानः—विद्या का गर्व लुप्त हो जाता है। खर्वीभवति···गर्वः—तीक्ष्ण बुद्धि और चातुर्य से उत्पन्न होने वाला गर्व नष्ट हो जाता है। प्रलीयते च सुमहानहंकारः—अपने को सर्वज्ञ मानने का अभिमान नष्ट हो जाता है। समुदेति—उत्पन्न होता है। कोऽपि···हृदयावसादः क्या किया जाय ? इस प्रश्न से उत्पन्न होने वाली उदासी हृदय में छा जाती है। भृशं परिक्षीयते चिरपोषिता नास्तिक्यबुद्धिः—बहुत पुरानी नास्तिकता बिल्कुल नष्ट हो जाती है। सुदूरं··· प्रतिद्वन्द्विता—परमेश्वर के प्रति व्यवहार में लाई जाने वाली शत्रुता दूर भाग जाती है। आत्मत्राणाय—आत्मरक्षा के लिए परित्यजन्ति च सर्वविधां आत्मनिर्भरताम्—हर प्रकार की आत्म-निर्भरता को छोड़ देते हैं। किमतः परं···वर्तते—इनकी असारता दिखाने में क्या इसके अतिरिक्त और किसी प्रमाण की आवश्यकता है ? अथये···प्रकटयन्ति–वृक्षों की और अन्य प्रकार की सृष्टि रचकर भी ब्रह्मा ने जो मनुष्य जैसे जीवों की रचना की जोकि तिनके से भी निःसार हैं और पशुओं से भी अधम हैं, तो यह बात ब्रह्मा की बुद्धि के उत्कर्ष को कहां तक सिद्ध करती है ?

———

११—प्रणयपरतन्त्रा महाश्वेता

उज्जयिनी के राजकुमार चन्द्रापीड एक बार भ्रमण करते हुये अच्छोद सरोवर नामक एक सुन्दर तालाब के पास आये। वहां उन्होंने महाश्वेता नाम की एक परम सुन्दरी तपस्वियों का वेष धारण करने वाली रमणी को देखा। राजकुमार ने महाश्वेता से अपना पूर्व वृत्तान्त सुनाने की प्रार्थना की। महाश्वेता ने उनकी इस प्रार्थना को स्वीकार करके बताया कि मैं एक गंधर्व कन्या हूँ। मैं एक बार अपनी माता के साथ इस आच्छोद सरोवर में स्नान करने आई थी। वहां मैंने एक इतनी मधुर सुगन्ध का अनुभव किया कि जितनी साधारणतया पृथ्वी के फूलों में नहीं हुआ करती है। इस बात का पता लगाने की उत्कण्ठा से कि यह सुगन्ध कहां से आ रही है, मैंने उस सुगन्ध का अनुसरण किया और थोड़ी दूर पर एक युवक तपस्वी को देखा, जोकि कामदेव के समान सुन्दर था। और जिसने अपने कान में एक अत्यद्भुत पुष्प-मंजरी धारण कर रक्खी थी। वह अपने एक मित्र के साथ इधर उधर घूम रहा था। मैं उसे देखते ही उसके प्रेम में आकण्ठ मग्न हो गई। मैं उसके मित्र, कपिंजल के पास गई और पूछा कि यह ऋषिकुमार कौन है, और इसे यह सुन्दर मंजरी कहाँ मिली। कपिंजल ने बताया ऋषिकुमार का नाम पुण्डरीक है और ये श्वेतकेतु ऋषि के पुत्र हैं और यह मंजरी इन्हें इन्द्र के नन्दन बन की अधिष्ठात्री देवी से प्राप्त हुई है। जिस समय मैं कपिंजल से इस प्रकार बातें कर रही थी कि उसी समय पुण्डरीक मेरे समीप आये और वह मंजरी उन्होंने मेरे कान में लगा दी। मेरे गालों का स्पर्श होते ही उनके सारे शरीर में ऐसा रोमाञ्च

और चञ्चलता प्राप्त हो गई कि उनके हाथ की अक्षमाला नीचे गिर गई और उन्हें इसका पता भी नहीं चला। मैंने उनकी गिरी हुई माला को उठाकर अपने गले में पहिन लिया। इतने में मेरी माता ने स्नान के लिए आवाज दी और मैं बड़ी अनिच्छा से उन्हें छोड़कर स्नानार्थ माता के पास आगई। कपिञ्जल ने पुण्डरीक को इस प्रकार प्रेम में खो जाने के लिए बुरा भला कहा और अपनी माला वापिस ले लेने के लिए कहा उन्होंने मुझसे अपनी माला वापिस माँगी पर मैंने उन्हें माला नहीं दी बल्कि अपना कण्ठहार उन्हें दे दिया, जिसे कि उन्होंने देखा नहीं क्योंकि उनकी दृष्टि मेरे मुख पर थी। इसके बाद मैं अपने घर में चली गई और महल में आगई।

प्रस्तुत अवतरण में महाश्वेता का वृत्तान्त यहीं तक है। इसके बाद का वृत्तान्त इस प्रकार है कि घर आने के बाद उसकी सखियों ने उसे बताया कि पुण्डरीक उसके पीछे २ चुपचाप यहां तक चला आया है और बहुत पूछने और कहने पर उसने एक प्रेम-सन्देश वल्कल वस्त्र पर लिख कर दिया है। उसके हृदय में माता-पिता के सम्मान का भाव, कन्या जनोचित लज्जा और पुण्डरीक के प्रति प्रगाढ़ प्रेम में महान संघर्ष होने लगा। अन्त में प्रम की विजय हुई और वह अपने प्रेमी से मिलने के लिए निकल पड़ी।

महाश्वेता वृत्तान्त कादम्बरी के अत्यन्त सुन्दर स्थलों में से एक है। एक कुमारी के कोमल हृदय पर मधुर प्रेम का गंभीर और अमिट प्रभाव किस प्रकार पड़ता है, इस तथ्य का इसमें काव्यमय वर्णन है। मानव प्रकृति की सूक्ष्मातिसूक्ष्म प्रवृत्तियों का बाण को आश्चर्यजनक ज्ञान है। अपने प्रिय को देखकर महाश्वेता के हृदय में उमड़ने वाले प्रेम का तथा प्रिय

वियोग में उसके हृदय में होने वाली वेदना का बाण ने बड़ा कलापूर्ण चित्रण किया है। इसमें बाण ने एक ओर प्रेम के मादक रूप का वर्णन अपनी सारी कल्पना शक्ति के व्यय से किया है और दूसरी ओर कपिञ्जल द्वारा पुण्डरीक को दी गई तीव्र भर्त्सना द्वारा यह भी कह दिया है कि वासना का दासत्व मानव अन्तःकरण की एक ऐसी दुर्बलता है जो कि मनुष्य के सदाचार और आध्यात्मिक उन्नति में बाधा देती है।

पृष्ठ ७६—कल्याणाभिनिवेशिनः—('तव' (गम्य) का विशे०) कल्याणे मङ्गले अभिनिवेशः आग्रहः यस्य तस्य भवतः-कल्याणकारी बातों का आग्रहपूर्वक अनुसरण करने वाले आप के। श्रुतिविषयमापतितं एव—कानों में पड़ा होगा, सुना होगा। विबुधसद्मनि—विशेषेण बुध्यन्ते इति विबुधाः देवाः तेषां सद्मनि गृहे स्वर्गे—देवताओं के घर (स्वर्ग) में। सोममयूखसंभूतानाम्--चन्द्रमा की किरणों से उत्पन्न होने वाले। किरण...निर्मिता—मानों चन्द्रमा की किरण रूपी जल के साथ गिरने वाले, उसकी समस्त कलाओं के समवेत लावण्य से बना हो (चन्द्रमा की सारी कलाओं के इकट्ठे सौंदर्य से बनी हुई कन्या)—किरणा एव जलं तस्य अनुसारः तेन गलितं तेन। त्रिभुवननयनाभिरामा—तीनों लोक के (मनुष्यों के) नेत्रों के लिए सुन्दर। हिमकिरणावदातवर्णा—हिमकरस्य चन्द्रमसः किरणवत् अवदातः गौरः वर्णो यस्या सा-जिसके शरीर का वर्ण चन्द्रमा की किरणों के समान स्वच्छ है। मन्दाकिनीं इव क्षीर सागरः--जिस प्रकार दुग्ध समुद्र गङ्गा को अपनी पत्नी बना लेता है। कवि परम्परा में समुद्र को नदियों का पति कहा जाता है। प्रणयिनीमकरोत्--(उसे) अपनी प्रिया (पत्नी) बना लिया। मकरः...रतिः-कामदेव से युक्त रति के समान। सदृश ...मुदमुपगतवती-

योग्य समागम से आनन्द को प्राप्त हुई।

'तयोः' का प्रयोग हंस और गौरी के लिए है। विगतलक्षणा—विगतानि लक्षणानि शुभचिन्हानि यस्याः सा—समस्त शुभलक्षणों से रहित दुर्भाग्ययुक्त। इस पद के प्रयोग से महाश्वेता यह व्यक्त करना चाहती है, वह ऐसी दुर्भाग्य-पूर्ण है, प्रिय-समागम उसके भाग्य में ही नहीं बदा है। शोकाय केवलं समुत्पन्ना—केवल शोक बहन करने के लिए ही जन्म लिया। अनेकदुःखसहस्रभाजनम्—हजारों दुःखों की पात्र। अनपत्यतया-निःसन्तान होने के कारण। सुतजन्मातिरिक्तेन-पुत्रजन्मातिशयेन—पुत्र के जन्म (पर होने वाले उत्सवों से भी बढ़कर। अभिनन्दितवान्-अभिनन्दित हुए, मनाया। कृतयथोचितसमाचारः-सब प्रकार के आवश्यक विधिविधानों को करके। यथार्थम्—अर्थ के अनुरूप। कलमधुर-...पिनी-मधुर, मनोहर और अस्पष्ट बोलने वाली। यह पद वीणा और कन्या दोनों पक्षों से संलग्न है। वीणेव...संचरन्ती-वीणा की तरह एक गोद से दूसरी गोद में जाने वाली। अविदितस्नेहशोकायासमनोहरम्—अविदितः स्नेहस्य शोकस्य आयासः यस्मिन् अत एव मनोहरं रमणीयम्—प्रेम और शोक में होने वाले कष्टों का ज्ञान न होने के कारण रमणीय लगने वाला। क्रमेण...पदम्-(मालोपमा का यह एक सुन्दर उदाहरण है।) मुख्य वाक्य इस प्रकार है—'कृतं मे वपुषि नवयौवनेन पदम्'—नवीन यौवन ने मेरे शरीर में पैर रक्खा (अपना स्थान बनाया), मैं युवती हुई। बसन्ते इव मधुमासेन—बसन्त ऋतु में जैसे चैत्र महीना। मधुमास इव नवपल्लवेन—चैत्र महीने में जैसे नये २ पत्ते। मधुकरे इव मदेन—जैसे भौंरे में मद।

पृष्ठ ७७—सकलजीवलोकहृदयानन्ददायकेषु—सारे जगत् के

जीवों के हृदय को आनन्द देने वालों में; (मधुमासदिवसेषु का विशे० है)। मधुमास दिवसेषु—चैत्रमास के दिनों में। मधमास-विस्तारितशोभम्—मधुमासेन विस्तारिता शोभा यस्य—चैत्रमास के द्वारा जिसकी शोभा का विस्तार किया गया है। यह पद सरः का विशेषण है। प्रोत्फुल्ल...कल्हारम्—जिसमें भांति २ के श्वेत और नील कल्हार-पुष्प (कमल की जाति विशेष) खिले हैं। कुमुद नील और कल्हार श्वेत होता है। अभ्यागमम्—अभि+आ+गम्+लिट्—आई। स्निग्ध...हृदया—स्निग्धः मधुरः मनोहरतरः अतिशयेन चित्ताकर्षी यः उद्देशः प्रदेशः तस्य दर्शनलोभेन आक्षिप्तं बलवद् ग्रहीतं हृदयं यस्याः—अत्यन्त रमणीय और शीतल प्रदेश को देखने की इच्छा से आकृष्ट। 'उपनीतम्' से 'लोकोचितम्' तक के सभी द्वितीयान्त पद कुसुम-गन्धम् के विशेषण हैं। झटिति शीघ्रता से। बनानिलेन उपनीतम्—बन के शीतल पवन से लाया हुआ। निर्भर्त्सित कुसुमपरिमलम्—जिसने समस्त शेष पुष्पों की सुगन्ध को दबा दिया था यद्यपि सारा बन अनेक प्रकार के पुष्पों से भरा हुआ था। अतिसुरभितया...घ्राणेन्द्रियम्—अत्यन्त सुगन्धित होने के कारण, मानों, घ्राणेन्द्रिय (नासिका) से बरबस लिपटा जाता, उसे तृप्त करता, उसे (आनन्द से) भरता हुआ सा था। अहमहमिकया—अहंपूर्विकया—'पहले मैं पहले मैं' करके। मधुकरकुलैः अनुबध्यमानम्—भौंरों की भीड़ जिसके पीछे जा रही है। अनाघ्रातपूर्वतम्—पहले कभी न सूंघा हुआ—यथा अनाघ्रातं कुसुमं किसलयमलूनं कररुहैः। शाकु० १ अङ्क। अमानुषलोकोचितम्—मनुष्य लोक के लिए अनुपयुक्त।

मुख्य वाक्य इस प्रकार है—उपारूढकुतूहला चाहं स्नानार्थ-मागतं मुनिकुमारकमपश्यम्—कुतः अयं उपारूढकुतूहला—यह कहां

से आया है, इस प्रकार का कौतूहल जिसमें आगया है। मुकुलित लोचना...अधमुंदी आंखों वाली (अत्यन्त सुन्दर सुगन्ध को सूंघने से मिलने वाली तृप्ति के कारण)। तेन... आकृष्यमाणा—भ्रमरी की तरह उस पुष्प की सुगन्ध से खिंचकर। कौतुकतरला कतिचित्पदानि गत्वा–कौतुक (जिज्ञासा जन्य) से चञ्चल होती हुई कुछ पग चलकर। आगे के सभी द्वितीयान्त पद 'मुनिकुमारकं' के विशे० हैं। अलङ्कारं इव ब्रह्मचर्य—ब्रह्मचर्य के, मानों, आभूषण हों। यौवनं इव धर्मस्य– मानों धर्म के यौवन हों, जिस प्रकार युवावस्था मनुष्य अत्यन्त शक्तिशाली अवस्था होती है, उसी प्रकार उनमें धर्म अपने पूर्ण विकास को था। विलासं इव सरस्वत्याः— मनों सरस्वती (वाणी) के विलास हों। स्वयम्वरपतिं इव सर्वविद्यानाम्—मानों सभी विद्याओं के स्वयं वरण किये ए पति हों। संकेतस्थानं इव सर्वश्रुतीनाम्—मानों सब श्रुतियों के (वेदों के) मिलने के स्थान (संकेत स्थान) हों। आत्मानरूपेण–आत्मनः अनुरूपेण-अपने योग्य। सवयसा-समानम् वयः यस्य तेन–समान आयु वाले। देवतार्चनकुसुमान्युच्चिन्वत-देवताओं की पूजन के फूल तोड़ते हुए (तापस कुमारेण का विशे०)।

प्रधान वाक्य इस प्रकार है—तेन च अवतंसीकृतां कुसुममञ्जरीमद्राक्षम्। सभी द्वितीयान्त पद 'कुसुमञ्जरीम्' के विशे० है। कर्णावतंसीकृताम्—कानों में आभूषणों की तरह धारण की हुई। बसन्त···वनश्रियः—बसन्त के आगम को देखकर प्रसन्न हो जाने वाली बन शोभा की मानों वह मुस्कराहट थी। मलय...मधमासस्य—मानों मलय पवन के स्वागत में चैत्र मास द्वारा दी हुई धान की अञ्जलि के समान।

यौवनलीलामिव कुसुमलक्ष्म्याः–पुष्पों की शोभा का मानोंयौवन का विलास हो। कृत्तिकातारास्तबकानकारिणीम्—कृत्तिका षट-

तारात्मकं नक्षत्रं तस्याः ताराः तासां स्तवकः तदनुकारिणीम्... कृत्तिका नक्षत्र के तारों के गुच्छे की तरह। अमृतबिन्दुनिस्यन्दनीम्—अमृत की बूंदें गिराने वाली। अस्या···परिमलः—निश्चय इसकी सुगन्ध अन्य सभी फूलों की सुगन्ध से बहुत बढ़कर है।

पृष्ठ ७८—अहो···विधातुः—अहो, ब्रह्मा के पास सर्वोत्तम सौन्दर्यकीरचना करने के उपकरणों का कोष कितना अक्षय है! त्रिभुवनाद्भुत...उत्पादितः—ब्रह्मा ने तीनों लोकों में अत्यन्त अद्भुत रूप की राशि कामदेव को उत्पन्न करके उनके रूप से भी बढ़कर रूपराशि वाला यह दूसरा मुनिवेष धारी कामदेव उत्पन्न किया।

मन्ये च···कौशलाभ्यास एव कृतः—मानों ब्रह्मा ने सारे जगत् के नेत्रों को आनन्द देने वाला चन्द्र बिम्ब बनाकर और लक्ष्मी के लीला निवास का भवन कमल बनाकर इस मुनि कुमार के मुख के आकार के सदृश वस्तुएं बनाकर अपने रचना कौशल का अभ्यास किया है। अन्यथा—यदि ऐसा न होता तो किमिव···कारणम्···इसके सदृश अन्य वस्तुओं को बनाने का क्या कारण हो सकता है। अलीकं चेदं...रविरापिबतीति—यह कथन नितान्त मिथ्या है कि कृष्ण पक्ष में चन्द्रमा की घटने वाली कलाओं को सूर्य पी लेता है। ता खल्वस्य...आविशन्तीति—चन्द्रमा की किरणें इसके इस शरीर में प्रवेश कर जाती हैं। वह कहती है कि जैसा कि पुराणों में लिखा है कि चन्द्रमा की क्षीण होने वाली किरणें सूर्य में प्रविष्ट हो जाती हैं, यह बात मिथ्या है। वे निश्चय ही इस मुनिकुमार के शरीर में प्रविष्ट हो जाती हैं। कुतोऽन्यथा...लावण्यम्—नहीं तो इस कुमार में, जो कि हरदम ऐसी तपस्या में लगे रहते हैं, जिसमें बहुत क्लेश रहते हैं तथा जो रूप-सौन्दर्य का विनाश करने वाली है, इतना लावण्य कैसे होता।

दूसरे वाक्य में प्रधान अंश इस प्रकार है—मां कुसुमायुधः परवशां अकरोत्। अविचारितगुणदोषविशेषः—अविचारितः सम्यगनालोचितः गुणदोषयोः विशेषः तारतम्यभावः येन्—किसी के गुण और दोष की विशेषता न विचार करने वाला। अर्थात् वह यह नहीं देखता कि किसी में क्या गुण और दोष हैं। रूपैकपक्षपाती-रूपे एव एकस्मिन् पक्षपातः यस्य सः—जो कि केवल रूप की ओर ही झुकता है। कुसुमसमयमद इव मधुकरीम्...जैसे बसन्त में उत्पन्न होने वाला मद जैसे भ्रमरी को। परवशाम्—परतन्त्र, काम के वश में। विस्मृत-निमेषेण (चक्षुषा का विशे०) जो पलक झँपाना भूल गया है। निमेषशून्येन। किंचिदामुकुलितपक्ष्मणा—जिसके बाल (बरौनियां) कली की तरह कुछ २ बन्द हो गये हैं। जिह्मिततरलतरतारा सारोदरेण—जिह्मिता तरलतरा च तारा यस्मिन् तत् जिह्मित-तरलतरतारं अतएव सारं उदरं यस्य सः—पुतलियों के तिरछी और अत्यन्त चञ्चल होने के कारण जिसके नेत्रों का भीतरी भाग चितकबरा प्रतीत होता था। दक्षिणेन...आपिवन्तीव—दाहिने नेत्र से बड़ी अभिलाषा से पीती हुई सी। अनन्तरं च...श्वासमारुतः-इसके अनन्तर लम्बी साँसों की दीर्घ परम्परा (आहितः सन्तानः यैः) मानों कामदेव के लिए स्थान रिक्त करने के लिए हृदय से निकल पड़ी। स्वेद...लज्जा—मानों धारा के रूप में बहने वाली पसीनें की बूंदों से लज्जा धुल गई। मकरध्वज...गात्रयष्टिः-कामदेव के पैने बाणों के समूह के गिरने के भय से मेरा शरीर कांपने लगा। तद्रूपातिशयं...रोमाञ्च-जालकम्—उसके अतिशय सुन्दर रूप को देखने के कौतूहल के कारण, मानों, आलिङ्गन की लालसा वाले अङ्गों से मानों रोमाञ्च निकल आया। अशेषतः...रागः—मानों पसीने की धारा से

धुलकर पैरों में लगा हुआ राग (लाली या प्रेम) मेरे हृदय में सम्पूर्ण प्रविष्ट होगया।

'निक्षिपता' और 'अनार्येण' ये दोनों पद मनसिजेन (मदनेन) के विशेषण हैं। शान्त आत्मनि...निक्षिपता—मुझे इस व्यक्ति में जो कि प्रशान्त आत्मा वाला और प्रेम-प्रसङ्ग (सुरतक्रीडा) से सर्वथा दूर हैं, आसक्त कर देने वाले। अनार्येण दुष्ट (मदन) के द्वारा। असदृशम्—अनुपयुक्त 'क्व-क्व' नितान्त असदृशता का बोधक है। पृष्ठ ७६—क्वेदं...तपसां च—कहां तेज और तपस्या के अत्यन्त उज्ज्वल पात्र ये (मुनिकुमार)। क्वच... परिस्पन्दितानि—और कहां (मेरे जैसे) साधारण व्यक्ति के द्वारा ही केवल अनुभव योग्य कामदेव की जागृति। चित्रं चेदम्—यह बात बड़ी विचित्र है। अवगच्छन्ती—जानती हुई। विकार-मुपसंहर्तुम्—मन के विकार को दबाने के लिए। कथमनेन... अन्तःकरणम्—पर क्यों एक क्षण में ही केवल रूप को देखने से ही व्याकुल होकर मेरा अन्तःकरण अपनी स्वतन्त्रता (प्रकृतिस्थता) को खोये दे रहा है। कालोहि...सर्वथा—क्योंकि यह (प्रिय समागम का) समय और (उसके) गुण ही हैं जो कामदेव को अजेय बना देते हैं। यावदेव सचेतनाऽस्मि—जब तक मैं सचेत (होश में) हूँ। यावदेव लाघवमेतत्—जब तक कामदेव की कुचेष्टाओं से उत्पन्न मेरे इस हल्केपन (अगंभीरता धृष्टता) को यह स्पष्ट रूप से नहीं जान लेता है। अदूरकोपा हि मुनिजन प्रकृतिः—मुनियों का स्वभाव ही जल्दी क्रोध करने का होता है। अपसरणम्—भाग जाना। अशेष...कृत्वा—मुनि लोग सभी के द्वारा पूजनीय होते हैं ऐसा मानकर। तद्वदना० से लेकर कुण्डलम् तक के सभी द्वितीयान्त पद 'प्रणामम्' के विशेषण और केवल क्रिया विशेषण दोनों ही हो

सकते हैं। तद्वदनाकृष्टदृष्टिप्रसरम्—तस्य मुनिकुमारस्थ वदनात् आकृष्टः दृष्टिप्रसरः यस्मिन् कर्मणि तद् यथा स्यात् तथा—इनके मुख से दृष्टिपात जिस कार्य में हटा लिया गया है, वह जैसे होता है वैसे प्रणाम किया अथवा उसके मुख से दृष्टि हटाकर। ईषदुल्लसितकर्णपल्लवोन्मुक्तकपोलमण्डलम्—ईषद् उल्लसितेन कर्ण-पल्लवेन उन्मुक्त कपोल मण्डलम् यस्मिन्—जिसमें कुछ ऊपर उठ जाने वाले कर्णपल्लव से कपोल मण्डल छूट गया है स्पष्टतर दिखाई देने लगा है। आलोलालकलतालसत्कुसुमावतंसम्—आलोलाः तरलाः अलकलताः केशलताः तासु लसन् शोभायमानः कुसुमावतंसः यस्मिन—जिसमें कुछ २ हिलने वाले बालों रूपी लता में लगे हुए पुष्पों के गुच्छे शोभित हो रहे हैं। असंदेशदोलायितमणिकुण्डलम्—असंदेशे दोलायितं मणिकुण्डलं यस्मिन्—जिसमें मणियों से जटित कुण्डल कन्धों पर झूलने लगे थे।

तमपि—मुनिकुमारकम्। मद्विकारदर्शनापहृतधैर्यम्—मेरे काम विकार को देखने से जिसका धैर्य नष्ट होगया है, उसे। प्रदीपमिव...अनङ्ग—जैसे वायु दीपक को वैसे कामदेव ने उसे चञ्चल कर दिया। तरलता—चञ्चलता। तदा...प्रादुर्भवत्—तब, मानों, अभी २ आए हुए कामदेव का स्वागत करने के लिए उसके रोम खड़े हो गए। वेपथुग्रहीता...अक्षमाला कांपते हुए हाथ में धारण की हुई अक्षमाला, मानो, ब्रह्मचर्य व्रत के भग होने के डर से कांप गई। तया तु तस्य अतिप्रकटया वि[illegible]त्या—उसके इतने स्पष्ट उस काम विकार से। द्विगुणीकृत-म[illegible]नवेशा—जिसमें कामदेव का आवेश (प्रेम) दूना होगया है। कामपि—अनिर्वाच्य। प्राप्तप्रसरः—लब्धावकाशः—अवसर प्राप्त करके। पृष्ठ ८०—अवतंसीकृता—कान का आभूषण बना ली गई। समुत्सर्पन्—चारों तरफ फैलने वाला। असाधारणसौरभः—अद्भुत सुगन्ध। अत्युदार तपसः—अत्यन्त महान्

तप वाले। कर्णपूरीकृता—कर्णाभूषण की तरह धारण की गई।

किंचिदुपदर्शित स्मितः—किंचित् उपदर्शितं स्मितं येन—कुछ मुस्करा कर। अयि—सुन्दर और कोमल वस्तु का सम्बोधन इस शब्द से किया जाता है। कुतूहलिनि—हे कौतूहल वाली। किमनेन प्रश्नायासेन—इस प्रश्न का कष्ट क्यों कर रही हो। यदि रुचिते सुरभिपरिमला—रुचितः अभिलषितः सुरभिः परिमलः यस्याः सा—यदि इसकी उत्तम सुगन्ध तुम्हें पसन्द हो। आत्मीयाच्छ्रवणादपनीय—अपने कान से निकाल कर। ममतु ...पुलकमासीत्—उनके हाथ के स्पर्श (सुख) की महान् इच्छा से मेरे कर्णाभूषण के पास के स्थान—कपोल पर पारिजात के अन्य पुष्प की भांति पुलक उत्पन्न हो गया। मत्कपोल... करतलात्—मेरे कपोल को स्पर्श करने के सुख से चञ्चल अंगुलियों वाले हाथ से। 'अक्षमालां...गलिताम्' में सहोक्ति का एक सुन्दर उदाहरण है। असंप्राप्तां...गृहीत्वा—अक्षमाला के जमीन पर गिरने से पहिले ही ले लिया। सलीलम्—लीला से, विलास से। तद्भुज...अनुभवन्ती—तद्भुजपाशेन संदानितः निगड़ितः—कण्ठः तस्य ग्रहः आलिङ्गनः तस्य सुखं इव अनुभवन्ती—उनकी भुजाओं से अपने कण्ठ का आलिङ्गन किए जाने का सुख, मानों, अनुभव करती हुई। दर्शितापूर्व...अनयम्- इस माला को मैंने अपूर्व हार की शोभा धारण करने वाला कण्ठ का आभरण बनाया अर्थात् माला को गले में धारण किया जो कि एक अपूर्व हार की तरह प्रतीत होती थी। (दर्शिता अपूर्वा हारलतालीला यया।

ने

इत्थंभूते च व्यतिकरे—इस प्रकार की घटना होने पर। छत्रग्राहिणी-छत्र धारण करने वाली दासी। भर्तृदारिके—हे कुमारी, (स्वामी की पुत्री)। 'राजा भट्टारको देवस्तत्सुता

भर्तृदारिका'। इत्यमरः। 'देवी' का प्रयोग महाश्वेता की माता के लिए किया गया है। प्रत्यासीदति—समीप आती है। तेन तस्याः...समाकृष्यमाणा—नई पकड़ी हुई हथिनी, जैसे, अंकुश के प्रथम प्रकार से अनिच्छापूर्वक जैसे तैसे खींची जाती है वैसे ही मैं भी उसके वचन से बलात् खींची गई। तन्मुखाद्...दृष्टिमाकृष्य—उसके मुख पर से बड़े कष्ट से दृष्टि को खींचकर जोकि (दृष्टि) मानों, सौन्दर्य रूपी अमृत के कीचड़ में फंसी थी, और मानों कपोल पर होने वाले पुलक रूपी कांटों के जाल में फंसी थी और मानों कामदेव के बाण की नोक से कीलित थी। (कील गाड़ कर जड़ दी गई) अथवा मानों सौभाग्य रूपी डोरे से सी दी गई थी। धैर्यस्खलितम्-धैर्य का नाश। प्रकटित-प्रणयकोपः-प्रेम के कारण उत्पन्न होने वाला क्रोध प्रकट करके।

पृष्ठ ८१—नैतदनुरूपं भवतः—आपके योग्य यह कार्य नहीं है। क्षुद्रजनक्षुण्णः—क्षुद्रजनैः प्राकृतजनैः क्षुण्णः आचरितः—तुच्छ मनुष्यों द्वारा किया हुआ। एष मार्गः—अर्थात् वासना का दास होना। धैर्यधनाः—धैर्यं धनं येषाम्—हिः साधवः—साधुजनों के पास धैर्य ही धन होता है। यः कश्चित्...न रुणत्सि—एक साधारण व्यक्ति की तरह व्याकुल होने वाले अपने आपको (व्याकुल होने से) क्यों नहीं रोकते हो। कुतस्तव...येनास्येव कृतः—आज तुम्हारे अन्दर यह सर्वथा नवीन इन्द्रियों की अव्यवस्था (अविवेक) कहां से आगई। जिससे तुम ऐसे हो [illegible] हो। तत्—वह, अर्थात् प्रसिद्ध। इन्द्रियजयः—इन्द्रियों पर जय पाना। वशित्वम्—आत्म नियन्त्रण। प्रशान्तिः—मन की शान्ति। कुलक्रमागतं ब्रह्मचर्यम्—कुल परम्परा से चला आता हुआ ब्रह्मचर्य व्रत। सर्वविषयनिरुत्सुकता—सब प्रकार के विषयों से उदासीनता। श्रुतानि—वेदों का अध्ययन।

वैराग्य बुद्धयः—वैराग्य की वृत्ति। उपभोगविद्वेषितम्–विषयोपभोग से द्वेष करना। सुखपराङ्मुखता—सुखों से दूर रहना। तपसि अभिनिवेशः—तप का आग्रह। संयमिता—संयम से रहना। भोगानां उपरि अरुचिः—भोग अच्छे न लगना। यौवनानुशासनम्—यौवन को (यौवन की उद्दाम प्रवृत्तियों को) दबाना।

सर्वथानिष्फला प्रज्ञा—इतनी उच्च बुद्धि बिल्कुल व्यर्थ है। निर्गुणो धर्मशास्त्राभ्यासः—धर्म शास्त्र का अध्ययन बेकार है। संस्कारः निरर्थकः–संस्कारों से भी कुछ लाभ नहीं हुआ। निरुपकारकः गुरुपदेश विवेकः–गुरु के उपदेश से उत्पन्न होने वाला विवेक व्यर्थ है (उससे कुछ उपकार नहीं हुआ) निष्प्रयोजन प्रबुद्धता—तुम्हारी ज्ञान सम्पन्नता से भी कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं हुआ। यदत्र...अभिभूयन्ते—जो कि तुम्हारे जैसे व्यक्ति भी वासना से दूषित हो जाते हैं और प्रमाद करने लग जाते हैं। प्रमादोऽनवधानता (लापरवाही) इत्यमर। कथं... न लक्षयसि–ऐसा क्यों है कि तुम्हें अपने हाथ से माला का गिर जाना और उसका (महाश्वेता का) माला को ले जाना तुम कहीं जान सके।

अहो विगतचेतनत्वम्—तुम्हारी संज्ञा का इस प्रकार नष्ट होना (बेहोशी) आश्चर्यजनक है। अपहृता नाम इयम्–निश्चय ही, यह (माला) अपहृत हो गई है। इदमपि...हृदयम्–इस दुष्टा के द्वारा ले जाये जाते हुए अपने हृदय को तो कम से कम रोक लो। इस अंश में बाण की शैली का अर्थ गाम्भीर्य और द्रष्टव्य है।

किंचिदुपजातलज्जः–(पुण्डरीकः (गम्य) का विशेषण) कुछ लज्जित होने वाला। किं मामन्यथा संभावयसि–आप मुझे

गलत क्यों समझते हैं ? नाहमेनं...अपराधमिमम्-मैं इस दुष्ट कन्या के माला ले लेने के इस अपराध को सहन नहीं कर सकता। अलीककोपकान्तेन—अलीकः मिथ्या न तु पारमार्थिकः कोपः तेन कान्तेन मनोहारिणा—कृत्रिम क्रोध से सुन्दर। प्रयत्नविरचितभीषणभ्रुकुटिभूषणेन—प्रयत्नेन वास्तवकोपाभावाद् विरचिता भीषणा भ्रुकुटिः एव भूषणं यस्मिन्—प्रयत्न करके टेढ़ी की हुई भौंहें जिसमें आभूषण है। चञ्चले—अविमृश्य-कारिणि—बिना विचारे करने वाली। पृष्ठ ८२—पदात्पदमपि-न गन्तव्यम्—एक कदम भी न चलना। मकरध्वजलास्यारम्भ-लीलापुष्पाञ्जलिमिव—मकरध्वजस्य लास्यारम्भः लीलानृत्यारम्भः क्रीडातत्र पुष्पाञ्जलिमिव—कामदेव के ललित नृत्य के आरम्भ में दी हुई। पुष्पों की अञ्जलि के समान। मन्मुखासक्त... निधाय—मेरे मुख में दृष्टि लगाए रखने वाले और शून्य हृदय वाले उसके फैलाये हुए हाथ पर रखकर। पुण्डरीक ज्ञानशून्य हो रहा था। उसने यह ध्यान नहीं दिया कि वह क्या कर रही है यन्त्र चालित की भांति उससे, अक्षमाला के बदले में, बिना देखे ही, एकावली (रत्नमाला) ले ली। स्वेदसलिल... अवातरम्—यद्यपि मैं पसीने से नहाई हुई थी फिर भी तालाब में स्नान करने के लिए उतर गई। उत्थाय=जल स निकल कर। कथमपि...सखीजनेन—जैसे बड़े प्रयत्न से नदी उल्टी ले जायी जाय वैसे सखियों के द्वारा किसी प्रकार ले जाई गई।

कन्यान्तःपुरम्—कन्याओं के रहने का महल। कुमारीपुर-प्रासादः—कुमारी कन्याओं के लिए अलग बने हुए महल। विसृज्य च सखीजनं द्वारि—सखियों को दरवाजे से ही विदा करके। निवारिताशेषपरिजनप्रवेशः—निवारितः अशेषपरिजनस्य प्रवेशः यया—सभी सेवकों के प्रवेश को रोक कर। सर्वव्यापारान्

उत्सृज्य–सब कामों को छोड़ कर। मणिजालगवाक्षनिक्षिप्तमुखी–मणीनां जालानि यस्मिन् एतादृशः गवाक्ष वातायनं तत्र निक्षिप्तं मुखं यया सा—मणिजटित झरोखे में मुख डाल कर। गवाक्षः–गवां अक्षि इव। 'अक्ष्णोऽदर्शनात्' सूत्र से अच् प्रत्यय। तत्सनाथतया...ईक्षमाणा–उसी दिशा की ओर देखती हुई जोकि पुण्डरीक की स्थिति से मानों सजकर पूर्णचन्द्र के उदय होने से मानों अलंकृत होकर, मुझे देखने में अच्छी लगती थी। तस्माद्दिगन्तराद्...ईहमाना—उस ओर से चलकर आती हुई हवा से भी, जङ्गली पुष्पों की सुगन्ध से भी और चिड़ियों के चहचहाट से भी उसके (पुण्डरीक) विषय में पूछने की इच्छा करने वाली। प्रष्टु के दो कर्म हैं—वाताम् और अनिलंपरिमलं आदि २। तथैव तां...कण्ठेनोद्वहन्ती—उस अक्षमाला को उसी प्रकार कण्ठ में—मानों, उसके विरह में आतुर होकर निकलने वाले जीव को रोकने वाली मानकर पहनती हुई। तद्विरहेण व्याकुलं यज्जीवितं तस्य उद्गमः निर्गमः तस्य रक्षावलीम्) तथैव च तया...पारिजातमञ्जर्या–मानों उसके पिछले चरित्रों को कहने के लिए कान में लगी हुई उस मञ्जरी से। (प्रस्तुतः तस्य रहस्यालापः यया) तथैव च तेन...कपोलफलका–उसके हाथ के स्पर्श से उत्पन्न होने वाले सुख से उत्पन्न होने वाले रोमाञ्च से, जोकि कदम्ब की कली से बने कर्णाभूषण के समान प्रतीत हो रहा था, एक ओर कण्टकित कपोल... में। तस्य करतलस्य यः स्पर्शः तस्य सुखं तस्मात् जा... यस्य। कदम्बस्य मुकुलं एव कर्णपूरः तद्वत् आचरता... कण्टकितः एकः कपोलफलकः (कपोलः फलकः इव) यस्याः। निष्पन्दं अतिष्ठम्—बिना हिले डुले बैठी हूँ।

زلزلہ اور غیبی حادثوں کا سخ
کے مقابلہ میں کوئی نئی ایجاد
بہتر میں بھی تجارت
دوسری بڑی طاقتوں
پیسہ مہاں پُرش کی دیتو